CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

हल्द्वानी, रविवार 1 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 157 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




केंद्रीय बजट 2026-27 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद पेज 2



रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता खेल टाइम्स



बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत पेज 11



शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा बॉलीवुड

# अजित पवार के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

मुंबई/बारामती, वार्ता

**अजित पवार की** पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की चार दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।मुंबई में सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के बीच सांसद सुप्रिया सुले अजित पवार की मां आशाताई पवार से मिलने के लिए काटेवाड़ी पहुंचीं। प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, छगन भुजबल और अन्य नेता व महाराष्ट्र विधान परिषद की डिप्टी चेयरपर्सन डा. नीलम गोर्हे सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए लोक भवन पहुंचीं। सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद एनसीपी नेताओं ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया है। अब हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे, सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी। पार्थ पवार ने बारामती में शरद पवार के घर जाकर उन्हें मनाया।



- **महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम**
- **महज 12 मिनट में हुआ शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे**

### मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

# चांदी 1.28 लाख रुपये हुई सस्ती व सोना भी 40 हजार टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चांदी ऑल-टाइम हाई से घटकर 1.28 लाख सस्ती हो गई, सोना भी 40,000 टूट गया। जानकारों के अनुसार सोने-चांदी में वापसी की पूरी संभावना है। दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में बीते 2 दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है।

31 जनवरी को भी इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। हालांकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शनिवार को बंद था। एमसीएक्स में ट्रेडिंग शनिवार और रविवार को नहीं होती है। एक फरवरी को एमसीएक्स खुला रहेगा, लेकिन पिछले दो सेशन के आंकड़े साफ बता रहे हैं कि सोना-चांदी में आई हालिया तेजी के बाद अब तेज करेक्शन देखने को मिल रहा है। रॉकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम बजट से पहले अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। इसलिए सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस रविवार 1 फरवरी को गोल्ड से जुड़े कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं? दिल्ली और नोएडा के सर्राफा बाजार में 31 जनवरी, 2026 को हलचल मची हुई है। दिल्ली में सोना 1,50,430 प्रति दस ग्राम और चांदी 2,91,770 प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। ऑल इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट योगेश सिंघल कहते हैं कि नए निवेशकों के लिए यही समय है खरीदारी करने का, लेकिन सोने और चांदी के भाव फिलहाल अभी स्थिर नहीं रहेंगे और ये बहुत ज्यादा गिरेंगे भी नहीं। लेकिन जिन लोगों ने सोना और चांदी खरीद रखी है वो अभी होल्ड करें। अब सर्राफा कारोबारियों और आम जनता की नजरें एक फरवरी के बजट पर टिकी हैं।




- **दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में दो दिनों से भारी गिरावट दर्ज**

## संक्षिप्त समाचार

### कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री, यूपी में कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शनिवार को भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बार्डर के पास तापमान माइनस 35 डिग्री रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है। यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं।

### आज पेश होगा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण भी होगा, क्योंकि निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली भारत की पहली वित्त मंत्री बनेंगी। इस बार बजट का दिन थोड़ा खास है क्योंकि एक फरवरी को रविवार की छुट्टी होने के बावजूद बजट पेश किया जा रहा है। अगर समय की बात करें, तो साल 2017 से ही बजट का समय शाम 5 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया गया था।

### केन्द्र में आईजी के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। मंत्रालय के 28 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा।

# ऑटिज्म के इलाज में स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक, इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है। पीठ ने कहा कि स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को 'ड्रग' की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वत: वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया कि हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता। चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डाक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें। यदि कोई चिकित्सक ऐसा उपचार देता है, जिसके पक्ष में विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं या जिसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थाएं स्पष्ट रूप से अनुशंसित नहीं करतीं, तो वह उचित चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन माना जाएगा। न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड की 6 दिसम्बर 2022 की सिफारिशों, राष्ट्रीय स्टेम सेल अनुसंधान दिशानिर्देश, -शेष पृष्ठ दो पर



- **यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला**
- **शीर्ष अदालत बोली:ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं**

# 2020 के दिल्ली दंगे: आगजनी और दंगे का आरोपी फैजान बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान दंगे और आगजनी के आरोपी फैजान को बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह आरोपी फैजान उर्फ आर्यन के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। फैजान पर 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान ब्रिजपुरी रोड स्थित अरुण माडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आग लगाने का आरोप था। अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। 28 जनवरी को जारी आदेश में अदालत ने कहा कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, मैं यह पाता हूं कि अभियोजन पक्ष के गवाह (पीडब्ल्यू2 कांस्टेबल पीयूष) की एकमात्र गवाही पर भरोसा करना अत्यंत असुरक्षित होगा। इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला है कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है और आरोपी संदेह के लाभ का हकदार है। फैजान पर आरोप था कि वह 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से स्कूल में तोड़फोड़ करने और आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा था, जिससे एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। अभियोजन पक्ष का दावा था कि करीब 200 लोगों ने जबरन परिसर में प्रवेश किया, संपत्ति और वाहनों को नुकसान पहुंचाया और इमारत में आग लगा दी। इस मामले में शुरुआत में फैजान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके दो सह-आरोपियों को फरवरी 2025 में बरी कर दिया गया था। फैजान को 2022 में फरार होने के बाद घोषित अपराधी घोषित किया गया था। उसे अगस्त 2025 में गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ अलग से मुकदमा चला। अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



- **अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा: एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा**

# एयरबस को भारत के पहले एच 175 हेलीकॉप्टर के लिए मिला ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो एसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं।

उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलीवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उनकी डिलीवरी अगले साल होगी। यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर चल रहे विंग्स इंडिया 2026 कार्यक्रम के दौरान इस ऑर्डर पर मुहर लगी।

- **दो एसीएच 160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर भी मिले**

### तंबाकू उत्पादों पर आज से लागू होंगे बढ़े कर व अधिभार

**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादों पर बढ़े कर एवं अधिभार रविवार 1 फरवरी से लागू हो जाएंगे जिससे सिगरेट, पान-मसाला आदि महंगे हो जाएंगे। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पिछले साल 3 सितम्बर को अधिकतर वस्तुओं पर कर की नई दरों की घोषणा की थी। अन्य सभी उत्पादों पर नई दरें 22 सितम्बर 2025 से लागू हो गई थीं, लेकिन तंबाकू पान-मसाला, सिगरेट-बीड़ी आदि पर ये दरें 1 फरवरी 2026 से लागू होंगी।

# मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण

**कोच्चि (केरल)।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपति को राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है। जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी।

बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है, तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी। कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए।




- **केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला, गर्भपात से अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि**


# बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए होंगे बाहर: शाह

कोलकाता, वार्ता

**गृहमंत्री अमित शाह** ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। शाह ने कहा कि साल 2026 टीएमसी को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था। 2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। जितने भी लोग आजादी के संघर्ष में शहीद हुए, जिन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया, उनका आखिरी शब्द भी वंदे मातरम् ही था। मोदी सरकार ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे देश में मनाने का निर्णय लिया है। मगर विडंबना देखिए कि वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल की माटी से हुआ, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने किया। उसी वंदे मातरम् पर जब संसद में चर्चा हो रही थी, तो ममता बनर्जी के सांसद उस चर्चा का विरोध कर रहे थे।

- **कहा: जो रह जाएंगे उनको भाजपा का सीएम निकाल देगा, ये साल टीएमसी की विदाई का है**



# कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने आईटी रेड के दौरान गोली मारकर की खुदकुशी

**बेंगलुरु।** कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे राय ने सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। राय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। राय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपये थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रायस भी शामिल हैं।

- **कुल मिलाकर 9000 करोड़ रुपये की संपत्ति, प्राइवेट जेट, 200 से ज्यादा कारों के मालिक थे सीजे राय**

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा सुरक्षा बल ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंडरा रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर कई राउंड फायरिग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने चिलियारी पोस्ट के पास संदिग्ध ड्रोन की हलचल देखी। उन्होंने बताया कि उन्होंने उड़ने वाली चीज को भारतीय इलाके में घुसते देख कई राउंड फायरिग की और उसे पाकिस्तान की तरफ वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया कि ड्रोन ने इलाके में कोई सामान न गिराया हो। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी पूरे दिन जारी रही, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार को उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डा. अजय ने बताया कि अमिताभ ठाकुर को पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया। सर्जरी विभाग के डा. राकेश कुमार एवं उनकी टीम उनका उपचार कर रही है। प्रारंभिक जांच में पेट दर्द का कारण अपेंडिक्स से संबंधित बताया जा रहा है। उनका अल्ट्रासाउंड और रक्त जांच कराई गई है तथा सीटी स्कैन भी कराया जा रहा है।

# केंद्रीय बजट 2027 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी संसद में बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 से बड़ी राहत और अतिरिक्त संसाधनों के मिलने की उम्मीद है।

दरअसल 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में राज्य को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं और वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पहले से अधिक राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है। राज्य के वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवंटन और वित्त आयोग के प्रावधानों से राज्य को उल्लेखनीय लाभ मिल सकता है। यह राशि उन परियोजना आधारित मांगों के अतिरिक्त होगी, जिन्हें प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई प्री-बजट बैठक में रखा था। दरअसल 10 जनवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ हुई राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक में उत्तर प्रदेश ने लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो रेल विस्तार, नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क, पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रमुख रूप से मांग रखी थी। इन परियोजनाओं के लिए राज्य ने कुल 32,075 करोड़ की आवश्यकता जताई है। शासन में बैठे सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय करों और शुल्कों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी वर्ष 2025-26 में लगभग 2.55 लाख करोड़ से बढ़कर 2026-27 में 2.80 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। वर्ष 2024 से 2025 के बीच राज्य की हिस्सेदारी में 36,285.37 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 2,18,886.84 करोड़ से बढ़कर 2,55,172.21 करोड़ हो गई। वरिष्ठ अधिकारी की मानें, तो इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश को मिलने वाला आवंटन भी बढ़ सकता है। बीते वर्ष यह राशि करीब 96,000 करोड़ थी, जो आगामी बजट में 1 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

### एक तरफ बजट, तो दूसरी तरफ आधार वर्ष में बदलाव करना नीतिगत समन्वय में कमी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की पूर्व संध्या पर सांख्यिकीय आंकड़ों के जारी होने के समय को लेकर गंभीर चिताएं जताते हुए कहा है कि बजट के वित्तीय अनुमान पुरानी गणनाओं पर आधारित हो सकते हैं, क्योंकि बजट पेश होने के मात्र कुछ ही दिनों के भीतर देश की विकास दर (जीडीपी) और महंगाई दर (सीपीआई) के गणना आधार (बेस ईयर) में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर चिता का साझा करते हुए कहा कि आधार वर्ष में इस बदलाव से बजट के प्रमुख आंकड़ों, जैसे कि राजकोषीय घाटा और विकास दर के लक्ष्यों में भारी विसंगति पैदा हो सकती है। इसे नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समन्वय की कमी आ सकती है, जिससे बजट के वास्तविक प्रभाव का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने लिखा कि बजट के कई आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में पेश होंगे, लेकिन कुछ दिनों बाद ही 2022-23 को आधार वर्ष मानकर नई जीडीपी शृंखला जारी होने वाली है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रविवार को पेश किए जाने वाले बजट के आंकड़ों में इसके तुरंत बाद संशोधन किया जाएगा?

# आगरा में खून से लाल हुई सड़क, पांच की मौत

आगरा, वार्ता

- बेकाबू कंटेनर ने ऑटो में मारी टक्कर

खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक बेकाबू कंटेनर ने 2 ऑटो में टक्कर मारी, इससे चीख पुकार मच गई। हादसे में दोनों ऑटो में सवार 8 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राहगीरों ने लोगों को ऑटो से बाहर निकाला।

सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सकों ने 5 घायलों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा शनिवार सुबह करीब 11 बजे का है। खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर नगला चंदन के पास बेकाबू कंटेनर ने सवारियों से भरे 2 ऑटो में टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर से दोनों ऑटो सड़क किनारे करीब 50 फीट दूर एक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जाकर पलट गए, जिसमें चीख पुकार मच गई। ऑटो में सवार लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, इसके साथ ही हाथ और पैर में भी गंभीर चोटें हैं। हादसे में एक ऑटो की छत उड़ गई, तो दूसरा ऑटो दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद राहीगरों ने कंटेनर चालक को पकड़कर जमकर धुना। सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई।

# डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी टकरा रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा- ये तो अभी केवल सैम्पल मात्र है

**लखनऊ।** महोबा में पानी संकट के मुद्दे पर बीजेपी विधायक के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोकने पर अब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं।

महोबा जिल में बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत अपने क्षेत्र की बदहाल सड़कों और पीनी की समस्या को लेकर नाराज चल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को उन्होंने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोक दिया । इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक नोकझोंक देखने के मिला। अब इसपर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया है। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने महोबा की घटना पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के विधायक बृजभूषण राजपूत ने अधूरे कार्यों को लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाया। हमने तो पहले ही कहा था कि बीजेपी के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सत्ता पटरी से उतर गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स पोस्ट के जरीए इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनहोंने कैप्शन में लिखा, 'महा समाचार : स्वतंत्र बने बंधक! साथ ही कहा कि पैसे कमाने और जमीन कब्जाने में लगे भाजपा के मंत्री हों या विधायक, इनमें से कोई भी जनता या विकास का काम नहीं कर रहे हैं। इसीलिए जनता के गुस्से से बचने के लिए दोषारोपण कर रहे हैं।

## आधार वेरिफिकेशन के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

# उत्तर प्रदेश में अब लैंड स्कैम से मिलेगी मुक्ति

रायबरेली, वार्ता




- दो फरवरी से लागू हो जाएगा सिस्टम, ऐसे करना होगा अप्लाई
- एक फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए

यूपी में अब जमीन का पंजीकरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत उप निबंधक कार्यालय से कर दी गई है। शनिवार को सब रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने इस नई व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की। उप निबंधक बृजेश पाठक ने बताया कि आधार बेस्ड पंजीकरण प्रक्रिया के तहत अब तक उनके कार्यालय में 7 जमीनों का रेजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। ये प्रक्रिया फिलहाल प्रारंभिक स्टेज में है, लेकिन सोमवार से इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

बृजेश पाठक ने कहा कि शासन का सर्कुलर आया है, जिसमें 1 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरीफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रेजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि 1 फरवरी को रविवार है, इसलिए उस दिन कोई कार्य नहीं होगा, लेकिन 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में ये लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने और बेचने वाले के लिए जब कोई आवेदन करेगा, तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या न के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा, जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी भरने से आधार से सत्यापित हो जाएगा, उसका आवे. दन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा। जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा, तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी। जिस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा, उससे वह मैच करता है, तो आधार वेरीफाइड हो जाएगा। आधार वेरीफाइड होने के बाद ही हम अंगूठा इंप्रेशन लेंगे और फोटो खींचेंगे और बिलिंग का पंजीकरण कर देंगे। इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था, तो वह फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने यह प्रभावी कदम उठाया है। पाठक ने बताया कि हमारे कार्यालय में मॉडल के रूप में अभिलेखों का आवेदन कराया गया है, जिसमें 7 अभिलेखों का ट्रायल हमने सफलतापूर्वक किया है। जिसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई है।

एनआईसी केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देखरेख में यह संपन्न हुआ है, ये ट्रायल हमारा कामयाब रहा। पाठक ने बताया कि आधार से पंजीकरण होने से जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और फर्जीवाड़े से मुक्त होगी। इससे दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी और बेनामी लेन-देन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

### पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाना उद्देश्य

शासन का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। उप निबंधक कार्यालय में इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आम लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# बजट घोषणाओं से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अब निवेशकों को बजट और वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगी। देखना यह है कि बजट की घोषणाएं निवेशकों को रास आती हैं या नहीं। इसके अलावा जनवरी के विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक और वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी अगले सप्ताह जारी होने वाले हैं। बाजार पर इन सभी का असर दिखेगा। साथ ही वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल और तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरणों से भी निवेश धारणा प्रभावित होगी। बीते सप्ताह 26 जनवरी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले तीन दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि शुक्रवार को ए लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 732.08 अंक (0.90 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 272 अंक यानी 1.09 अंक मजबूत हुआ और शुक्रवार को 25,320.65 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 3.22 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 से शेयर पिछले सप्ताह मजबूत हुए, जबकि अन्य 13 के लाल निशान में रहे। बीईएल में सबसे अधिक 9.54 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि एशियन पेंट्स में 10.12 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट रही। ज्यादातर बैंकों एवं वित्तीय कंपनियों में लिवाली को जोर रहा। एक्सिस बैंक का शेयर 8.74 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 4.68, एचडीएफसी बैंक का 1.43, आईसीआईसीआई बैंक का 0.87, बजाज फाइनेंस का 0.29 और बजाज फिनसर्व का 0.24 प्रतिशत चढ़ा।

### रामसर सूची में दो नई आर्द्रभूमि शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस से एक दिन पहले आज रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्रभूमियों को शामिल करने की घोषणा की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ जिले में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। मोदी ने यादव की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है।

# चावल, सस्ता, गेहूं महंगा, खाद्य तेल, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए, जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 रुपये और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल 88 रुपये और सूरजमुखी तेल 79 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 36 रुपये और सरसों तेल की 35 रुपये बढ़ गई।

पाम ऑयल 18 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7755.67 रुपये, मसूर काली 8072.25 रुपये, मूंग दाल 10100.66 रुपये, उड़द दाल 10518.54 रुपये, तुअर दाल 10781.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2866.17 रुपये और चावल 3810.12 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3327.96 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.64 रुपये और गुड़ 4980.50 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17677.06 रुपये, मूंगफली तेल 17897.11 रुपये, सूरजमुखी तेल 16313.80 रुपये, सोया तेल 13980.95 रुपये, पाम ऑयल 12608.99 रुपये और वनस्पति 14555.22 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# नहीं चलेंगे समाज को बांटने वाले कानून

**कानपुर।** पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताते हुए एक बार फिर हुंकार भरी और कहा कि समाज को बांटने वाले कानून, जैसे यूजीसी और एससी/एसटी एक्ट, अब नहीं चलेंगे।

सवर्ण समाज जाग चुका है और किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए विभाजनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री इस्तीफा देने के बाद शनिवार को अपने घर कानपुर पहुंचे। वहां उनके परिजनों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अलंकार अग्निहोत्री के गाड़ी से उतरते ही लोग 'शेर आया' के नारे लगाने लगे। समर्थकों से मिलने के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने एक बार फिर प्रदेश और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी भारत को लूटने के लिए आई थी, ठीक उसी प्रकार भारत सरकार लूट रही है। उन्होंने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताया, इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार को ललकारते हुए कहा कि सवर्ण समाज अब जाग गया है। अलंकार अग्निहोत्री के घर पहुंचने पर उनकी मां समेत सभी परिजनों ने स्वागत किया।

### कफ सिरप माफिया की 5.77 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** अवैध नशीले कोडीन युक्त कफ सिरप के मुख्य तस्कर भोला प्रसाद जायसवाल एवं उसके संगठित गिरोह द्वारा अर्जित 5.77 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर लिया गया है। सोनभद्र पुलिस की यह कार्रवाई संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया कि इससे पूर्व 23 जनवरी 2026 को अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल की 28.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की गई थीं। इसी क्रम में शनिवार को मड़ौली एवं भरलाई (तहसील सदर, सोनभद्र) तथा जगदीशपुर (तहसील पिंडरा, जनपद वाराणसी) स्थित मुख्य अभियुक्त और उसके परिजनों की सात अचल संपत्तियां, जिनकी अनुमानित कीमत 4,55,02,762 रुपये है, कुर्क की गईं।

# कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक

## अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 2026 का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

फरीदाबाद, वार्ता



शनिवार से सूरजकुंड मेले का आगाज हो गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मेला साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए मेले की सारी जानकारी मिल सकेगी, जैसे कि कहां किस चीज का स्टॉल लगा है, कहां पार्किंग है, कहां खाने के स्टॉल है। इस तरह की सारी जानकारी मोबाइल ऐप से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक हैं।

मेले के शुभारंभ के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मेले परिसर में हरियाणा के अपना घर पवेलियन का दौरा किया, जहां हरियाणवी पगड़ी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया। उपराष्ट्रपति ने मेले के थीम स्टेट मेघालय के स्टॉलों का अवलोकन कर शिल्पकारों से संवाद किया तथा उनके हुनर की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मेले में सहभागी विभिन्न देशों और राज्यों की सांस्कृतिक विधाओं का अवलोकन कर कलाकारों एवं शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने उपराष्ट्रपति को पांचजन्य शंख और महाभारत के दृश्य को दर्शाती एक आकर्षक पेंटिंग भेंट की। मेले को उद्घाटन के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला दशकों से भारत की सांस्कृतिक आत्मा, कलात्मक उत्कृष्टता और सभ्यतागत निरंतरता का जीवंत प्रतीक रहा है। ये उत्सव वसुधैव कुटुंबकम के उस शाश्वत भारतीय दर्शन को साकार करता है, जिसमें पूरी दुनिया को एक परिवार माना गया है। ये मेला निर्माण करने वाले हाथों, नवाचार से भरे मस्तिष्कों और हमारी पहचान गढ़ने वाली परंपराओं को एक साझा मंच पर एकत्रित करता है। पिछले लगभग चार दशकों से ये आयोजन हमारे कारीगरों, बुनकरों, मूर्तिकारों, चित्रकारों और लोक कलाकारों को वैश्विक पहचान दिला रहा है, जिनमें से अनेक पीढ़ियों से चली आ रही कलाओं को जीवित रखे हुए हैं। इस वर्ष आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित दृष्टिकोण ने मेले के महत्व को और भी गहन बना दिया है, क्योंकि हमारे कारीगर सदियों पुराने ज्ञान के संरक्षक हैं और उन्हें सशक्त बनाना एक समावेशी, सशक्त और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नींव है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र को राष्ट्रीय पुनर्जागरण के केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जैसे परिवर्तनकारी प्रयासों ने कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता और बाज़ार से जुड़ाव प्रदान कर पूरे इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ओटिज्म इलाज....** 2017, तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि इन सभी दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को नियमित उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं किया गया है और इसे केवल स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के तहत ही किया जा सकता है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ नाथ, श्री प्रतीक के. चड्ढा, असजद हुसैन, अनुनय चौधरी, श्रीकर येचुरी और श्री अनिकेत चौहान ने पक्ष रखा।

**2020 के...** ने प्राथमिकी दर्ज करने में हुई अस्पष्टीकृत देरी और जांच एजेंसी द्वारा मौके पर कथित रूप से मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों की जांच न किए जाने का भी उल्लेख किया अदालत ने कहा कि इन विरोधाभासों के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, और जोड़ा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है इसलिए, अदालत ने आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

## कोटद्वार में विकास और प्रकृति संरक्षण का संगम, मुख्यमंत्री ने किया बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल का शुभारंभ

# बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल से कोटद्वार को नई पहचान: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में आयोजित बर्ड फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के विभिन्न विकासखंडों के लिए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार पहुंचकर सबसे पहले दिव्यांग बालक-बालिकाओं से मिलकर उनसे संवाद किया तथा उनकी शिक्षा के बारे में जाना। उसके बाद उन्होंने सिद्धबली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने सनेह क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वाचिंग फेस्टिवल का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने मुख्यमंत्री धामी तथा अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्राओं ने लोकभाषा गढ़वाली में स्वागत गान गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। हेरिटेज स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों की पक्षी एवं प्रकृति संरक्षण पर शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि अनेक पक्षी प्रजातियाँ विलुप्त होने की कगार पर हैं, जिनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बर्ड फेस्टिवल कोटद्वार क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। मंच संचालन डॉ. पद्मेश बुड़ाकोटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक लैंसडाउन महंत दिलीप सिंह रावत, उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेद्र अणथ्वाल, उपाध्यक्ष सिंचाई समिति ऋषि कंडवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, मेयर नगर निगम कोटद्वार शैलेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, डीएफओ लैंसडाउन जीवन मोहन दगाड़े, मण्डी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, नगर आयुक्त कोटद्वार पीएल शाह, उपजिलाधिकारी कोटद्वार चतर सिंह चौहान, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, जिला अध्यक्ष भाजपा राज गौरव नौटियाल, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी, बर्ड वॉचर उपस्थित रहे।




■ कोटद्वार में बर्ड फेस्टिवल का आगाज, करोड़ों की योजनाओं से विकास को नई गति, बहुत बड़ी संख्या में जनसमूह रहा उपस्थित, इको-टूरिज्म और पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा: मुख्यमंत्री

### फेस्टिवल परिसर में लगाए गए स्टॉलों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने फेस्टिवल परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया, जिनमें पक्षियों की फोटो प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पक्षी पहचान एवं संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल अत्यंत सराहनीय हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21वां दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा और इसमें महिलाओं का योगदान सर्वाधिक रहेगा। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद गुणवत्ता में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों से भी बेहतर हैं।

### फेस्टिवल में पहले दिन 2500 लोगों ने किया प्रतिभाग

दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल के पहले दिन लगभग 2500 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। इसमें 300 छात्र-छात्राएं, 800 युवा, 400 महिलाएं, 100 बर्ड वॉचर तथा 900 से अधिक अन्य लोग शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित मैराथन दौड़, पेंटिंग, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को फेस्टिवल के अंतिम दिन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी को 'बर्ड फेस्टिवल दिवस' के रूप में मनाया जाए : ऋतु खण्डूरी

विधानसभा अध्यक्षा एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूरी भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड में पायी जाने वाली लगभग 700 पक्षी प्रजातियों में से करीब 400 प्रजातियाँ कोटद्वार क्षेत्र में पायी जाती हैं, जो यहां की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस आयोजन को प्रदेश सरकार के वार्षिक कैलेंडर में शामिल कर प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी को 'बर्ड फेस्टिवल दिवस' के रूप में मनाया जाए, जिससे देश-विदेश के पक्षी एवं प्रकृति प्रेमी कोटद्वार की ओर आकर्षित हों।

## देश का आम बजट आमजन के बीच बड़े पैमाने पर सुनेगी भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा रविवार को प्रस्तुत होने वाले देश के आम बजट को आमजन के बीच व्यापक स्वरूप में सुनने जा रही है। जिसको लेकर प्रदेश के पार्टी मुख्यालय से लेकर मंडल स्तर पर 78 स्थानों पर एलईडी के माध्यम से सामूहिक रूप से बजट अभिभाषण देखा एवं सुना जाएगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि प्रदेश और देश के लिए रविवार केंद्रीय बजट प्रस्तुतीकरण का बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। पार्टी का प्रयास है कि आम जन को भी भारत सरकार के इस आम बजट से व्यापक स्वरूप में जोड़ा जाए। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर राजधानी स्थित पार्टी प्रदेश मुख्यालय में बजट अवलोकन का मुख्य कार्यक्रम होगा। जिसमें पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एलईडी के माध्यम से बजट भाषण का लाइव प्रसारण देखेंगे। इसी तरह विधानसभा एवं मंडल स्तर पर भी कुल 78 स्थानों पर जनता के साथ एलईडी पर बजट सत्र का प्रसारण देखा जाएगा। इसके बाद आने वाले दिनों में बजट को लेकर पत्रकार वार्ता एवं गोष्ठियां के माध्यम से जनसंवाद स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पार्टी नेतृत्व की तरफ से प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल को प्रदेश समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

■ पार्टी मुख्यालय एवं 78 स्थानों पर जनसहभागिता से सुना जाएगा बजट भाषण का लाइव प्रसारण

इन कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय बजट, आम लोगों की आकांक्षाओं के साथ देश के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है।

पार्टी का प्रयास है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में सरकार से क्या लाभ मिलने वाला है, वह आम लोगों की जानकारी और चर्चा का विषय बने।

## लोक संस्कृति को विकास से जोड़ने की दिशा में सरकार लगातार कार्यरत : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के रोहिणी में 'हम सबका उत्तराखण्ड' संस्था द्वारा आयोजित 'उत्तराखण्ड महोत्सव रोहिणी सीजन-02' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखण्डी, लोक कलाकार, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उत्तराखण्ड की संस्कृति, परंपराओं एवं लोक विरासत को समर्पित इस आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 'उत्तराखण्ड के सितारे' सम्मान से सुप्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सौरभ जोशी, हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज गोरखेला तथा लोक गायिका कल्पना चौहान को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन लोक कलाकारों को मंच और सम्मान देने के साथ-साथ समाज को सेवा और संस्कारों की भावना से भी जोड़ते हैं।



■ प्रवासी उत्तराखण्डियों से संवाद का सशक्त मंच बना 'उत्तराखण्ड महोत्सव रोहिणी

उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति आज भी अपने गीतों, वेशभूषा और परंपराओं के माध्यम से जीवंत है तथा देश-विदेश में रहने वाले उत्तराखण्डी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह उल्लेख किया कि पारंपरिक गीत-संगीत और वेशभूषा के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान स्पष्ट रूप से सामने आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए विशेष महत्व रखते हैं, क्योंकि इससे बच्चों और युवाओं में अपनी बोली, संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है।

लोकनृत्य और लोकगीत राज्य की सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड को आस्था, तप, त्याग और साधना की भूमि बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगा-यमुना एवं आदि कैलाश जैसे पवित्र स्थलों के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखता है।

कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कलाकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने पकड़ी 3 करोड़ की हेरोइन

**शाह टाइम्स संवादाता**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं में हेरोइन का बड़ा सप्लायर बहेड़ी निवासी शाहनवाज एसटीएफ कुमाऊं की एंटी नारकोटिक्स यूनिट के हत्थे चढ़ गया। वो बरेली के एक 'भईया' से हेरोइन लेकर किच्छा में पहुंचा था और हरजिंदर नामक व्यक्ति को सप्लाई करने का प्लान था। शाहनवाज से 1 किलो 33 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी कीमत तीन करोड़ से अधिक है। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट द्वारा लगातार नशा तस्करों के खिलाफ खिलाफ अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक हफ्ते में आज यह दूसरी सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि टीम को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक तस्कर भारी मात्रा में बरेली से किच्छा हेरोइन लेकर आ रहा है।



■ एंटी नारकोटिक्स यूनिट के हत्थे चढ़ा ड्रग पैडलर
■ बरेली के 'भइया' से लाया, किच्छा में थी डिलीवरी

सटीक सूचना पर एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स टीम के प्रभारी निरीक्षक पावन स्वरूप की अगुवाई में एसटीएफ के एसआई विनोद चन्द्र जोशी व किच्छा कोतवाल प्रकाश दानू की मय टीम के साथ तस्करी की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा कर चौकिंग अभियान शुरू कर दिया। चौकिंग के दौरान बरेली की तरफ से एक बाइक आती दिखाई दी और बाइक को रोकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार ने बाइक भगा दी। तभी तस्कर की घात लगाए बैठी टीम ने घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। बाइक सवार के पास रखे बैग की तलाशी ली गई तो उसमे से 1 किलो 33 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद हुई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत 3 करोड़ 10 लाख आंकी जा रही है। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम शाहनवाज पुत्र इस्तेखार निवासी बहेड़ी जिला बरेली बताया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया। एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर शाहनवाज उर्फ मामू कुमाऊं में हीरोइन का बड़ा सप्लायर माना जाता है। ड्रग पैडलरों में इसके द्वारा सप्लाई की जाने वाली हेरोइन की बहुत डिमांड रहती है, और इसके द्वारा कुमाऊं में सप्लाई की जाने वाली हेरोइन उच्च शुद्धता की होती थी। इसी लिए कुमाऊं के ड्रग पैडलरों की ये पहली पसंद था। उन्होंने बताया कि एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स यूनिट टीम पिछले दो साल से इसकी तलाश में थी। लेकिन आज आखिकार टीम ने इसे करोड़ों की हेरोइन के साथ दबोच लिया। एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स टीम में प्रभारी निरीक्षक पावन स्वरुप, एसआई विनोद चंद्र जोशी, कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान, इसरार अहमद के साथ किच्छा कोतवाल प्रकाश दानू, एसआई पवन जोशी, कांस्टेबल उमेश सिंह, उमेद गिरी शामिल थे।

### ...ऐसे होता है गैरकानूनी धंधा

**हल्द्वानी।** हेरोइन के बड़े सप्लायर शाहनवाज उर्फ मामू ने बताया कि वह इस हेरोइन को बरेली के एक 'भईया' से खरीदकर लाया था और उसे किच्छा में किसी हरजिंदर नामक व्यक्ति को सप्लाई करनी थी। आरोपी मामू ने बताया कि वह अक्सर भईया से ही हेरोइन खरीदता है और उसकी तरफ से एक लड़का हेरोइन डिलिवरी के लिए आता था। जिसका वह नाम नहीं जानता है केवल फोटो के आधार पर ही पहचान होती है। आरोपी तस्कर मामू की निशानदेही पर एसटीएफ टीम अब बरेली नामक भईया व उसके डिलवरी एजेंट की तलाश के साथ किच्छा निवासी हरजिंदर नामक व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी।

## जन्मदिन पर जोशी को बधाई देने पंहुचे सीएम धामी व कोश्यारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम अपनी माता मोहिनी जोशी का आशीर्वाद लिया।

इसके बाद उन्होंने गुच्छुपानी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना की और आयोजित भंडारे में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने सपरिवार माता भद्रकाली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन-यज्ञ कर मां काली का आशीर्वाद लिया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

साथ ही, उन्होंने अपनी धर्मपत्नी निर्मला जोशी के साथ मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। माता भद्रकाली मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, विधायक सविता कपूर, विधायक खजान दास, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली, राज्यमंत्री दर्जाधारी ज्योतिप्रसाद गेरोला, कैलाश पंत, रमेश गडिया, डॉ गीता खन्ना, भुवन विक्रम डबराल, विनय रोहिला सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, किन्नर समाज के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी तथा अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर कैबिनेट मंत्री को उनके जन्मदिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।





■ भद्रकाली काली मंदिर में आयोजित हुआ भंडारा, हजारों कार्यकर्ताओं ने दर्ज की उपस्थिति, कैबिनेट मंत्री ने जताया आभार

## संत रविदास की शिक्षाएं समानता की आधारशिला : सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संत रविदास जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संत रविदास की गणना भारत के महान संतों में की जाती है। उन्होंने जीवनपर्यंत मानव सेवा को अपना लक्ष्य बनाए रखा तथा समाज को समानता, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। सीएम ने गुरु रविदास की जयंती की पूर्वसंध्या पर जारीअपने संदेश में कहा कि संत रविदास ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छुआछूत, सामाजिक असमानता और कुरीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की तथा प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## सूचना विभाग में सेवानिवृत्त हुए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड के मुख्यालय में आयोजित सेवानिवृत्त कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जगदीश सिंह पटवाल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह राणा को भावभीनी विदाई दी गई। अपर निदेशक सूचना आशिष कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, उप निदेशक रवि विजारनिया एवं अन्य अधिकारीगण व कर्मचारियों ने पटवाल एवं राणा को शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर निदेशक सूचना आशिष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी कार्मिक द्वारा 40 और 34 वर्ष की सेवा करना ही अपने आप में गौरव की बात है। त्रिपाठी ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जगदीश सिंह पटवाल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह राणा द्वारा विभाग में दिये गये योगदान की सराहना की।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने कहा कि विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। विभाग की प्रगति में सेवानिवृत्त कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर फोटो फिल्म अधिकारी शेखर चन्द्र जोशी, सहायक लेखाकार कीर्ति सिंह पंवार, व्यवस्थाधिकारी रामपाल सिंह रावत ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार ने किया।

## पवित्र धामों में गैर हिन्दू प्रवेश मुद्दे पर आस्था एवं विश्वास अनुरूप हो निर्णय: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पवित्र धामों में गैर हिन्दू प्रवेश के मुद्दे पर धार्मिक आस्था और देवभूमि छवि अनुरूप निर्णय पर जोर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने इस विषय पर कांग्रेसी बयानों को कड़ी आलोचना करते हुए कहा, जिन्हें तीर्थाटन और पर्यटन का अंतर नहीं मालूम, उनके लिए चारों धामों का महत्व सिर्फ आर्थिकी तक समिति है। वहीं हैरानी जताई तमाम स्थानीय कांग्रेस नेताओं पर, जो देवभूमि में राजनीति हैं और हर

अच्छे सनातनी निर्णय को बाधित करने का पाप करते हैं।

उन्होंने हाल फिलहाल में हरिद्वार के बाद चार धामों में गैर सनातनी प्रवेश के विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, धार्मिक जन आस्था, विश्वास और परंपरा मान्य होनी चाहिए। संबंधित पावन धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहित, स्थानीय पुजारी एवं अन्य लोग या धर्मावलंबी यदि प्रवेश को लेकर नियम बनाना चाहते हैं इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि इस तरह का प्रतिबंध अनेकों स्थानों पर जनसहयोग से अनेकों स्थानों पर है। यहां बेहद स्पष्ट है कि जिसकी धार्मिक स्थलों के प्रति कोई भी आस्था, विश्वास या धार्मिक जुड़ाव नहीं है तो वे किस मकसद से वहां जाएंगे। दरअसल मंदिर एक सार्वजनिक सामूहिक पूजा स्थल है, लिहाजा वहां सिर्फ घूमने के नाम पर अव्यावहारिक व्यवहार सामने आने या माहौल खराब होने की अनुमति किसी को नहीं दी सकती है।



■ कांग्रेस के तीर्थाटन-पर्यटन एक समान, धाम उनके लिए आर्थिकी तक सीमित

उन्होंने कांग्रेस नेताओं और विशेषकर गणेश गोदियाल के उस बयान की कड़ी आलोचना की जिसमें उन्होंने चार धामों को घूमने फिरने से जोड़ा।

कटाक्ष करते हुए कहा, लगता है कांग्रेस का सनातन से दूर दूर तक नाता नहीं है, तभी वे तीर्थाटन और पर्यटन में अंतर महसूस नहीं करते। तभी वे चार धाम की पवित्रता और परंपरा पर आर्थिकी को तरजीह देने की बात कहते हैं।

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा, हम भी जानते हैं कि प्रदेश की आर्थिकी में चार धाम यात्रा की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

# शीतकालीन यात्रा: आस्था के पथ पर नया अध्याय

■ पहाड़ पर शीतकाल में वीरानी नहीं, बल्कि यात्रियों के उत्साह के हो रहे दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शीतकाल में पहाड़ पर इस बार भी वीरानी नहीं है, जो कि चार धामों के कपाट बंद हो जाने के बाद अक्सर दिखाई देती थी। पिछले वर्ष से शुरू हुई शीतकालीन यात्रा के बाद पहाड़ में तस्वीर बदली हुई है। यात्रियों की चहल-पहल सुखद अनुभूति करा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल भर पहले उत्तराखंड आकर जिस शीतकालीन यात्रा का प्रमोशन किया था, वह अब तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार के भगीरथ प्रयासों से उत्तराखंड की शीतकालीन यात्रा एक नया अध्याय लिख रही है।



चारों धामों से संबंधित पांडुकेश्वर, ऊखीमठ, मुखवा और खरसाली जैसे शीतकालीन प्रवास स्थलों तक देश-दुनिया के यात्री अच्छी-खासी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस बार चार धाम यात्रा के कपाट बंद होने के बाद से अभी तक 34,140 यात्री इन स्थानों पर पहुंच चुके हैं। अभी करीब ढाई महीने शीतकालीन यात्रा अभी और चलनी है। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जबकि राज्य सरकार के स्तर पर सफलतापूर्वक शीतकालीन यात्रा का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में जब पहली बार यह यात्रा शुरू की गई, तो तब 73,381 यात्री शीतकालीन यात्रा पर उत्तराखंड आए थे।

**शीतकाल में पर्यटक स्थलों पर भी चहल-पहल:** शीतकालीन यात्रा के प्रमोशन के बाद तमाम पर्यटक स्थलों पर भी काफी यात्री पहुंच रहे हैं।

राज्य सरकार की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक शीतकाल में उत्तराखंड पहुंचे। इस क्रम में स्नो लैपर्ड टूर, टूर एंड ट्रैवल्स कॉन्कलेव जैसे आयोजनों पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

शीतकालीन यात्रा लगातार दूसरे वर्ष भी सफलतापूर्वक ढंग से चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछली बार मुखवा व हर्षिल आकर जिस तरह से उत्तराखंड की इस यात्रा का देश-दुनिया में प्रमोशन किया, उसके सार्थक नतीजे निकल रहे हैं। देश-दुनिया के लोग शीतकाल में भी उत्तराखंड आकर पवित्र स्थलों के दर्शन कर रहे हैं। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देख रहे हैं। बारहमासी यात्रा की सफलता से स्थानीय लोगों का रोजगार भी फल-फूल रहा है। राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।



**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

### शीतकालीन यात्रा में ऊखीमठ सबसे आगे

शीतकालीन यात्रा में अभी तक सबसे ज्यादा यात्री बाबा केदारनाथ के गद्दीस्थल ऊखीमठ पहुंचे हैं। चार धाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन के विशेष कार्याधिकारी डॉ . प्रजापति नौटियाल के अनुसार-अभी तक सबसे ज्यादा 20,338 यात्रियों ने ऊखीमठ में दर्शन किए हैं। इसके बाद, ज्योर्तिमठ में यात्री पहुंचे हैं। खरसाली और मुखवा में भी लगातार यात्री दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। डॉ .नौटियाल के अनुसार-एक से डेढ़ हजार यात्री प्रतिदिन उत्तराखंड पहुंचकर शीतकालीन प्रवास स्थलों पर दर्शन कर रहा है।

# पात्र लोगों तक पहुंचा सरकार की योजनाओं का लाभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड लमगड़ा की न्याय पंचायत बड़ियार बिष्ट के ल्युनरा तथा विकासखंड स्याल्दे की न्याय पंचायत डूंगरी में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना रहा। विकासखंड लमगड़ा की न्याय पंचायत बड़ियार बिष्ट के ल्युनरा में आयोजित शिविर में सचिव, उत्तराखंड शासन एस. रविशंकर ने प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर शिविर के माध्यम से 381 लोगों को सीधे लाभान्वित किया गया तथा प्राप्त 49 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सचिव उत्तराखंड शासन ने अधिका. रियों को निर्देश दिए कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम सरकार का बहुत प्राथमिकता वाला जनहित का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम की मंशा के अनुरूप अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करें एवं लोगों को लाभान्वित करें। इस शिविर में विधायक मोहन सिंह मेहरा, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड स्याल्दे की न्याय पंचायत डूंगरी में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में उपजिलाधिकारी याक्षी अरोड़ा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 1671 लोगों को लाभान्वित किया गया तथा प्राप्त 146 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद में निरंतर शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है तथा सरक. ारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है।

## कमल बोहरा ने भाजपा छोड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता



**कालाढूंगी।** भाजपा युवा नेता कमल बोहरा ने संगठनात्मक भेदभाव का आरोप लगाते हुए कोटाबाग मंडल से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे में उन्होंने कहा कि वे वर्षों से समर्पित कार्यकर्ता के रूप में भाजपा के सिद्धांतों और राष्ट्रहित के लिए कार्य करते आए हैं, लेकिन वर्तमान में कोटाबाग मंडल में संगठनात्मक कार्यप्रणाली मूल सिद्धांतों से भटक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर, नए कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे मनोबल गिर रहा है। बो. हरा ने यह भी कहा कि जब संगठन अपने सिद्धांतों से हटकर काम करने लगे, तो ऐसे माहौल में कार्य करना उनके लिए असंभव हो गया है।

## पंतनगर केन्द्र को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार से नवाजा गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा संचालित कृषि एवं कृषि-आधारित उद्योगों में ऊर्जा पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 29 वीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन 29 से 31 जनवरी 2026 तक सरदार पटेल नवीनीकृत ऊर्जा अनुसंधान संस्थान, आनंद (गुजरात) में किया गया। इस कार्यशाला में पंतनगर केंद्र के प्रधान शोधकर्ता डा. आरएन पटेरिया को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए द्वितीय सर्वश्रेष्ठ केंद्र के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी डा. एसएस गुप्ता, निदेशक शोध डा. एसके वर्मा सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों ने डा. पटेरिया को बधाई दी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**अल्मोड़ा।** बाड़ेछीना-शेराघाट मोटर मार्ग पर शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां कसाणबैंड के समीप एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि वाहन लगभग 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरा, जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। स्कॉर्पियो वाहन पहाड़ी से करीब 60 मीटर नीचे गिरा और सीधे नीचे वाली सड़क पर लैंड हुआ। वाहन की स्थिति को देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हादसे दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, वाहन में सवार अन्य लोग घायल हो गए।

### 18 सूत्रीय मांगों को लेकर गरजे कर्मचारी

**अल्मोड़ा।** 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का विरोध जारी है। शनिवार को कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार पर झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से मांग के बाद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। कर्मचारियों ने गोल्डन कार्ड की विसंगति दूर करने, वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति में शिथिलीकरण, पुरानी पेंशन आदि की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर सरकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त कर्मचारी सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष उमा. पति पांडे, रमेश कनवाल, मंजू नगरकोटी, आशा भैसोड़ा, पंकज सुनौरी, पंकज रौतेला, प्रमोद जोशी, हरीश बिष्ट, नीरज सनवाल, बची राम, हरिहर मेहता, सुमन जोशी, हर्षिता पांडे आदि मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा वन चेतना केंद्र में गोष्ठी का आयोजन

**अल्मोड़ा।** वनाग्नि रोकथाम को लेकर शनिवार को वन विभाग की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान गोष्ठी में लोगों को वनाग्नि के दायित्वों, कानूनी प्रावधानों आदि की जानकारी दी गई। वन चेतना केंद्र के सभागार एनटीडी में आयोजित गोष्ठी में रेंजर मोहन राम आर्या ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि समेत अन्य लोगों को वनाग्नि रोकथाम आदि की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि वनाग्नि की घटना होने पर विभाग को सूचित करें। जिससे समय पर राहत और बचाव कार्य किया जा सकें। लापरवाही और जानबूझकर आग लगाने की स्थिति में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। वन संपदा की सुरक्षा के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। यहां गोष्ठी में उपराजिक हेम चंद्र, वन दरोगा रेनू कनवाल, भास्कर नाथ महंत, सत्येंद्र सिंह नेगी, हरेंद्र सतवाल, ऋषभ सेमवाल, विनोद कुमार, मनीषा सुप्याल, देवेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

### एसडीआरएफ ने चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में एसडीआरएफ सरियापानी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। निरीक्षक एसडीआरएफ गजेंद्र परवाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पंकज डंगवाल एवं उनकी टीम ने राजस्व विभाग व दन्या पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अभियान को अंजाम दिया। इस दौरान जागेश्वर मंदिर समूह, मंदिर परिसर, संपर्क मार्गों, सार्वजनिक स्थलों तथा आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरे को एकत्र कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग, खुले में कूड़ा न फेंकने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया।

### सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

**अल्मोड़ा।** दलमोटी रानीखेत के समीप शनिवार को सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा फायर स्टेशन रानीखेत को दी गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन की फायर रेस्क्यू यूनिट तत्काल आवश्यक उपकरणों के साथ मौके के लिए रवाना हुई। मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर पहुंचकर फायर सर्विस कर्मियों ने वुडन कटर की सहायता से सड़क पर गिरे सूखे पेड़ को सुरक्षित रूप से काटकर हटाया। टीम की त्वरित एवं कुशल कार्यवाही से कुछ ही समय में सड़क को पूरी तरह साफ कर दिया गया, जिससे यातायात पुनः सुचारू हो सका। फायर सर्विस रानीखेत की इस तत्परता से स्थानीय लोगों और राहगीरों ने राहत की सांस ली।

### सेवानिवृत्त पांच एएसआई को दी भावभीनी विदाई

**अल्मोड़ा।** पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो रहे पांच अपर उप निरीक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कर्मचारियों की अनुशासनप्रियता, कर्तव्यनिष्ठा और दीर्घकालीन सेवाओं की सराहना करते हुए स्वस्थ एवं सुखद सेवा. निवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सीओ, अग्निशमन अधिकारी, निरीक्षक, अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं परिजन उपस्थित रहे। अंत में सभी को ससम्मान विदाई दी गई।

### संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

**बागेश्वर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ शनिवार को बागेश्वर के आकांक्षी विकासखंड कपकोट में हुआ। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुँचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। अभियान में 6 प्रमुख संकेतकों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिनमें बच्चों में पूरक पोषण, कार्यशील शौचालय एवं पेयजल सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केंद्र और टीकाकरण किए गए गोवंश पशु शामिल हैं। कपकोट ब्लॉक में इन संक. ेतकों को संतृप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

### विधायक चीमा ने किया सड़क का शिलान्यास

**काशीपुर।** काशीपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा चांदपुर के न्यू सैनिक कॉलोनी पर्वतीय में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा द्वारा 97 लाख की लागत से बनने वाले 720 मी. के टाइल मार्ग का शिलान्यास किया गया। कालोनी वासियों ने आभार व्यक्त करते हुए विधायक चीमा का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तारावती, प्रधान पति कमलेश कुमार, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान बबलू चौधरी, पूर्व प्रधान प्रदीप राजपूत, जिला उपाध्यक्ष गुरबख्श सिंह बग्गा, जिला मंत्री रजत सिद्धू, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरनाम सिंह सहित सैंकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# आंदोलन का मन बना रहे किसान



शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब की मासिक बैठक अनाज मंडी के गेस्ट हाउस में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें सरकार की नीति पर आक्रोशित होते हुए किसानों ने कहा कि वर्ष 1983 अथवा इससे पूर्व वर्ग-4 के कब्जेदारों (जिसकी भूमि वर्ग-1(ख) में परिवर्तित की गई थी) उक्त भूमियों पर अभी तक भी वर्ग-1(क) अथवा संक्रमणीय भूमिधरी अधिकार नहीं मिल पाया है। शीघ्र ही ऐसी भूमि को मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए। किसानों ने कहा कि सरकारी क्रय केंद्रों के अधिकारियों के कहने पर अपना धान राइस मिलों पर डाल दिया था, लेकिन पोर्टल नहीं खुला। कुछ दिन पहले किसानों, राइस मिलर्स एवं अधिकारियों की बैठक के बाद राइस मिलर्स ने किसानों को 2280 रुपए प्रति कुंतल रकम देने का वादा किया था, जिसमें कुछ मिलर्स ने तो किसानों की उक्त राशि का भुगतान वादानुसार कर दिया, परन्तु कुछ राइस मिलर्स ने रकम देने से इनकार कर दिया। किसानों ने कहा कि सरकार अगर शीघ्र ही उक्त रकम राइस मिलर्स से नहीं दिलवाती है तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बैठक में रवि कुमार, सुभाष चौधरी, टीका सिंह सैनी, देवी सिंह यादव, उपेंद्र शर्मा, राजवीर मिश्रा, डॉ. अशोक अरोड़ा, चौधरी सुरेंद्र सिंह, अजय कपूर, सुभाष चंद शर्मा, चौधरी किशन सिंह, रमेश सपरा, प्रशांत शर्मा आदि उपस्थित थे। संच. ालन क्लब के सचिव श्वेतांशु चतुर्वेदी ने किया।

## अंशु ने 30 परिवारों को पहुंचाई मदद



शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** शनिवार को कोटाबाग के सामाजिक कार्यकर्ता अंशु पांडे ने भीमताल विधानसभा के धारी विकासखंड स्थित ग्राम चौखुटा में 30 जरूरतमंद परिवारों को रजाई और कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने एक वृद्ध महिला को 21 सौ रुपये और एक अनाथ बच्ची को 25 सौ रुपये की मदद भी दी। इस नेक कार्य में सहयोग कालाढूंगी स्थित नयागांव के अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल की ऑनर टीना खन्ना ने प्रदान किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता गणेश चंद त्रिपाठी, पान सिंह बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य जगत सिंह, कुंदन सिंह भी उपस्थित रहे। सभी लाभार्थियों ने रजाई और कंबल प्राप्त करने के बाद ग्राम प्रधान लक्ष्मी बिष्ट का धन्यवाद किया। अंशु पांडे ने इस अवसर पर विश्वास दिलाया कि वे आगे भी ग्राम प्रधान लक्ष्मी बिष्ट के नेतृत्व में जरूरतमंदों की मदद करते रहेंगे।

## पीएम को भेजा ज्ञापन

**काशीपुर।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने हाल ही में यूजीसी द्वारा किए गए बदलावों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। महासभा ने मुख्यमंत्री के माध्यम से पीएम से इन बदलावों पर पुनर्विचार का अनुरोध किया है, ताकि सामाजिक समरसता बनी रहे। ज्ञापन में महासभा ने कहा कि यूजीसी के नए प्रावधानों से देशभर में असंतोष और वर्गीय तनाव उत्पन्न हो रहा है, जो शैक्षणिक और सामा. जिक वातावरण के लिए चिंताजनक है। महासभा ने शिक्षा नीति को समाज को जोड़ने वाली बताकर इन नियमों को वापस लेने या संशोधित करने की मांग की है, ताकि सभी वर्गों के लिए समान और न्यायपूर्ण नियम लागू किए जा सकें। महासभा के अध्यक्ष राजीव घई ने इस मुद्दे पर समाज में उत्पन्न हो रहे विवाद को समाप्त करने की अपील की।

## विराट हिंदू सम्मेलन 3 को

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** महर्षि मार्कण्डेय सनातन समिति बागेश्वर जिले में 3, 15, और 22 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन करेगी। कार्यक्रम के संयोजक इंद्र सिंह फर्स्वाण ने शनिवार को प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। 3 फरवरी को विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में हवन यज्ञ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 15 फरवरी को बाबा बागनाथ मंदिर में खिचड़ी भंडारा एवं अन्य कार्यक्रम होंगे, जबकि 22 फरवरी को वीएम जोशी बैंकेट हाल, कठायतबाड़ा में अंतिम कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रेस वार्ता में संरक्षक शेर सिंह मलडा, योग गुरु केवलानंद जोशी, प्रधानाचार्य ए एस तोपाल और सह संयोजक सौरभ जोशी भी मौजूद थे।

## ज्ञानार्थी कॉलेज में फाइन आर्ट प्रदर्शनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में 'दृश्य कथा 3.0' फाइन आर्ट वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति



और कला के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा रहे व विशिष्ट अतिथि जसपुर विधायक आदेश चौहान रहे। इनके अलावा राहुल अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, राम मेहरोत्रा, संदीप सहगल, विमल गुड़िया तथा आशीष गुप्ता तथा विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं डायरेक्टर मौजूद रहे। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, स्केच, क्राफ्ट व अन्य कलाकृतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह एवं डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा द्वारा किया गया।

# बिजली विभाग का पुतला फूंका



शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** एनएसयूआई छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग की कथित मनमानी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए विभाग का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं से मानकों के विपरीत बिल वसूल रहा है, जो आम जनता और छात्रों के साथ अन्याय है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कमलेश गढ़िया ने कहा कि बिजली विभाग लगातार वास्तविक खपत से अधिक बिल भुगतान करने का दबाव बना रहा है। उन्होंने मांग की कि विभाग तत्काल इस तरह की वसूली बंद करे और उपभोक्ताओं से केवल उतनी ही राशि ली जाए, जितनी बिजली का वास्तव में उपभोग किया गया हो। छात्रसंघ अध्यक्ष सागर जोशी ने कहा कि बढ़ते बिजली बिलों से छात्र और आम लोग परेशान हैं। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। इस मौके उन्होंने कपकोट क्षेत्र में ग्रामीणों को दवाब में लेकर बिल भुगतान करने का आरोप विभाग पर लगाया। एनएसयूआई कार्यकताओं ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर जनता को राहत दिलाने की मांग की है। इस मौके पर राहुल बाराकोटी, पंकज कुमार, नीरज जोशी, हरीश गढ़िया, कमलेश कपकोटी, सचिन पांडे, राहुल खेतवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पोस्ट पर मुस्लिम गुस्सा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले को लेकर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एसएसपी से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंप व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि एक व्यक्ति ने करबला में कब्रिस्तान और विवेकानंद के स्मारक पर सोशल मीडिया में एक पोस्ट की है। युवक ने वक्फ बोर्ड की रजिस्टर्ड भूमि पर विवादित बयान लिखा है। आरोप लगाया कि युवक बार-बार इस तरह की बयानबाजी कर रहा है और मौके पर पहुंचकर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने एसएसपी से युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नूर अकरन खान, गुलिस्ता मंजूर, अहमद फराज, महताब आलम, मुमताज हुसैन साह, अब्दुल जब्बार, जब्बार खान, यासर खान, बाबर अंसारी, सद्दाम खान, मुहम्मद सलीम, गुड्डू खान, आजाद खान, हाजी सफीक आदि मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य व्यवस्था का व्यवहारिक प्रशिक्षण

## कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने अथरबनी में चलाया फैमिली एडॉप्शन कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान (एसएसजे मेडिकल कॉलेज) अल्मोड़ा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा शनिवार को ग्रामसभा अथरबनी में फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी के मानकों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य एमबीबीएस विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ते हुए उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य डा. चंद्र प्रकाश भैसोड़ा एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मसरूफ हसन के निर्देशन में संपन्न हुआ। फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने गांव के परिवारों को गोद लेकर उनका स्वास्थ्य एवं सामाजिक सर्वेक्षण किया। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा तीन परिवारों को अपनाया गया, ताकि वे परिवारों की स्वास्थ्य स्थिति, स्वच्छता, जीवन शैली और आवश्यकताओं को समझते हुए उचित स्वास्थ्य परामर्श दे सकें। कार्यक्रम के तहत भविष्य में आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की भी योजना बनाई गई है। ग्राम प्रधान विनोद जोशी ने इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे एक ओर विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का अनुभव मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच 2025 के कुल 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजन में ग्राम प्रधान विनोद जोशी का विशेष सहयोग रहा। विभाग की ओर से नरेश कुमार आगरी, दीप चंद्र एवं मोहम्मद इकबाल चिकित्सकीय समाज कल्याण अधिकारी के रूप में मौजूद रहे।



# 'सपनों की उड़ान' में दिखाई प्रतिभा



शाह टाइम्स संवाददाता

**द्वाराहाट।** संकुल संसाधन केन्द्र कुंवाली में सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष ललित पाल. ीवाल ग्राम प्रधान ऐना पार, जूनियर हाईस्कूल महतगांव प्रधानाध्यापक ध्यान सिंह रौतेला द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

ब्लाक अध्यक्ष ललित पालीवाल कार्यक्रमों को बच्चो के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चों को अभिव्यवक्ति एवं अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का उचित मंच बताया तथा बच्चो को ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभाग कराने के प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम के सफलता पर प्रभारी संकुल समन्वयक उदित जोशी ने बच्चों में सृजनशीलता विकसित कर उन्हें भविष्य के प्रति प्रेरित करने पर जोर दिया। इस दौरान प्रभारी बी आर सी दीपक पाण्डेय ने विजेता बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा बताया कि सभी विजेता बच्चे आगामी 9 फरवरी को द्वाराहाट में विकासखण्ड स्तरीय सपनों की उड़ान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में विजेताओं में प्रथम पुरस्कार विजेता में रैम्प वॉक में तनुज व प्रेमा देवी, लोक गीत में गुंजन आर्या व प्रेमा देवी, लोक नृत्य में प्राथमिक विद्यालय पागसा विजेता रहा, नाटक में प्राथमिक विद्यालय ऐना पार, एसएमसी में प्राथमिक विद्यालय पागसा, शैक्षणिक स्टाल में प्राथमिक विद्यालय पागसा से गौरव कुमार, चम्मच एवं कुर्सी दौड़ में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवाली के छात्र विजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. चम्पा बिष्ट, सुरेंद्र भण्डारी, दीपेश रेखारी, ललित मोहन पपनै ने किया गया। निर्णायकों में ध्यान सिंह रौतेला, हिमानी जोशी सरिता वर्मा रहे तथा उपस्थित अध्यापकों में संतोष कुमार, यशपाल मौर्या, रिचा पालीवाल, दीपक कुमार आदि थे।

# आशा शुक्ला को मिली एक और अहम् जिम्मेदारी

## थिंक मानवाधिकार संगठन ने बनाया प्रदेश अध्यक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** थिंक मानवाधिकार संगठन (नई दिल्ली) ने उत्तराखण्ड में महिला विंग की कमान आशा शुक्ला को सौंपी है। आशा शुक्ला की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है। संगठन के राष्ट्रीय अधयक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा का मानना है कि इस सम्मानजनक पद पर आशा शुक्ला की नियुक्ति से समा. जसेवा और महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को नया आयाम मिलेगा। ज्ञात हो कि आशा शुक्ला न केवल एक जानी-पहचानी समाजसेवी हैं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी में हल्द्वानी नगर महामंत्री का भी दायित्व निभा रही हैं। समाजसेवा के प्रति उनका समर्पण और निरंतर सक्रियता उन्हें समाज में विशेष स्थान दिलाती है। वे हमेशा जन सेवा के लिए तत्पर रहती हैं, और उनकी इस निस्वार्थ सेवा भावना से शहर की महिलाएं प्रेरित होती हैं। इस नई जिम्मेदारी को संभालते हुए आशा शुक्ला ने कहा कि उनकी प्राथमिकता महिला सशक्तिकरण और मानवाधिकारों के मुद्दों को बढ़ावा देना होगी। उनका मानना है कि समाज में बदलाव के लिए महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें अपनी अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# एकसाथ जन्मदिन मनाकर खुश हुए बच्चे

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में हर माह की भांति जनवरी माह के अंतिम कार्यदिवस को 14 विद्यार्थियों का सामूहिक जन्मदिवस समारोह हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। यह नवाच. ारी कार्यक्रम वर्ष 2019 से निरंतर संचालित है, जो विद्यालय के वातावरण को आनंदालय के रूप में विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 6 से 10 तक के जनवरी माह में जन्मे विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया, जन्मदिन के गीत गाए गए तथा बच्चों को आकर्षक उपहार एवं टॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनवरी माह में जन्मदिवस वाले विद्यार्थियों में बबिता बोहरा, कोमल मिश्रा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, रिया खर्कवाल, जिया जोशी, हिमांशु वर्मा, अभिषेक वर्मा, पवन सिंह, प्रदीप सिंह सामंत, चंपा, योगेश कुमार, हर्षित पांडे, मयंक सिंह अधिकारी एवं सोनम बिष्ट शामिल रहे। कुल 14 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रधानाचार्य एवं उपस्थित शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षकगण त्रिलोचन जोशी, पल्लव जोशी, रचित वल्दिया, पवन कुमार, उमेश चंद्र भट्ट, ओम प्रकाश, बेचन यादव, कार्यालय सहायक अर्जुन कुमार, भोजन माता रेखा देवी, पुष्पा देवी आदि उपस्थित रहे।




# पुलिस के पहरे में रहा फ्लैट्स मैदान

## नगर पालिका और खेल विभाग के बीच विवाद ने तूल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के ऐतिहासिक फ्लैट्स मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कराने को लेकर शनिवार को नगर पालिका और खेल विभाग एक बार फिर आमने सामने आ गए। बता दें शनिवार को डीएसए और नगर पालिका की ओर से स्वर्गीय पृथ्वी राज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होनी थी लेकिन प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। खेल विभाग ने इस प्रतियोगिता को शुरु नहीं होने दिया
और इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। सुबह करीब 10 बजे से विवाद शुरू हुआ करीब डेढ़ घंटे चले विवाद के दौरान पालिका और खेल विभाग के बीच तनातनी का माहौल बना रहा, जिसके बाद मौके पर एसडीएम नवाजिश खलीक ने पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। अपराह्न करीब 1 बजे तक बातचीत का सिलसिला जारी रहा लेकिन निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा



सका। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच आपसी समन्वय के साथ प्रतियोगिता कराने को लेकर बातचीत चली लेकिन उस पर भी कोई स्पष्ट निर्णय नहीं निकल सका।
मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि शनिवार को सुबह हम यहां पर स्वर्गीय पृथ्वीराज सिंह बिष्ट क्रिकेट टूर्नामेंट कराने के लिए आए थे लेकिन उससे पहले ही यहां पर मैदान को पु लिस छावनी में बदल दिया गया। पुलिस कर्मियों और खेल विभाग की ओर से ही टूर्नामेंट शुरू नहीं करने दिया गया कहा कि यह लोग हमारा टूर्नामेंट फेल कराने में तुले हुए हैं लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। बोली कि रविवार (आज) को हम मौके पर पहुंचेंगे अगर खेल विभाग की ओर से टूर्नामेंट कराया जाता है तो हम भी उनका टूर्नामेंट नहीं होने देंगे। कहा कि इस सब में किसी का कोई घटा नहीं हो रहा है लेकिन खिलाड़ियों को काफी नुकसान हो रहा है। शनिवार को भी खिलाड़ी सुबह से मैच के लिए आए हुए थे लेकिन टूर्नामेंट नहीं होने के कारण उन्हें वापस जाना पड़ा जो कि काफी दुखद है। आपसी समन्वय से एक साथ मिलकर टूर्नामेंट कराने की बात पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में विभाग हमें प्रस्ताव भेजे उसमें जो सुधार की आवश्यकता होगी वह सुधार करने के बाद हम साथ में प्रतियोगिता कराने को तैयार हैं बकायदा कि प्रतियोगिता हमारे अनुरूप हो। वहीं एसडीएम नवाजिश खलीक ने कहा कि खेल विभाग की ओर से ओपन पुरुष टूर्नामेंट आयोजित किया जाना था वहीं पालिका की ओर से पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता होनी थी। ओपन पुरुष प्रतियोगिता के संबंध में खेल विभाग ने पालिका को अवगत करा दिया था कि इस संबंध में विज्ञप्ति निकल चुकी है और इस स्लॉट के बाद पालि. का अगले स्लॉट में पृथ्वीराज प्रतियोगिता आयोजित करा ले लेकिन दोनों पक्षों में समन्वय की कमी और गतिरोध के चलते आज यह स्थिति देखने को मिली है और प्रतियोगिता शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद सभी से वार्ता कर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि तीनों संस्थाएं मिलकर आपसी सहमति से पृथ्वीराज कप टूर्नामेंट कराएं। इसके लिए सभी पक्षों से वार्ता की गई है और वह तैयार भी हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि तीनों लोग मिलकर पृथ्वीराज प्रतियोगिता कराएंगे। तीनों पक्षों के बीच सहमति बन रही है और संभव है कि आगे कोई विवाद की स्थिति नहीं आएगी और तीनों विभाग नगर पालिका तथा डीएसए और खेल विभाग मिलकर पृथ्वीराज क्रिकेट प्रतियोगिता कराएंगे। इस दौरान सीओ अमीत कुमार, कोतवाल हेम पंत, एसओ मनोज नयाल, डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर वरुण बेलवाल, डीएसए के क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी समेत सीएल साह, आलोक चौधरी, सभासद मनोज साह जगाती, भगवत रावत, जितेंद्र पांडे तथा अंकित चंद्रा आदि मौजूद रहे।

### पिच पर मैट बिछते ही हलचल

क्रिकेट प्रतियोगिता कराने के लिए शनिवार सुबह डीएसए मैदान में बनी पिच के ऊपर मेट बिछाई जा रही थी लेकिन इसकी सूचना मिलने पर खेल विभाग और प्रशासन ने इस तैयारी को रोक दिया। पिच की सुरक्षा के लिए दिन भर पुलिस बल तैनात रहा।

## पहले चाकूबाजी, फिर मोबाइल चोरी

**हल्द्वानी।** मंगलपड़ाव पुलिस चौकी के पीछे स्थित सब्जी मंडी अपरा. धियों का अड्डा बन चुका है। शुक्रवार को मामूली बात पर चौकी के पीछे ही शातिर ने एक युवक को चाकू मार दिया। इस मामले में पुलिस ने अभी मुकदमा तक दर्ज नहीं किया और इसी घटना के बाद कुछ अज्ञात चोरों ने दो महिलाओं के मोबाइल पार कर लिए। मंगलपड़ाव पुलिस चौकी के पीछे लगातार हो रही वारदातों ने पुलिस पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घासमंडी मंगलपड़ाव निवासी विनय राजपूत को बाइक नहीं हटाने पर चाकू मार दिया। मामले में तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसी दिन चोरों ने महज 15 मिनट के भीतर बिठौरिया, ऊंचापुल निवासी दीक्षा और सावित्री कालोनी कालाढूंगी रोड निवासी दुर्गा भोसले के मोबाइल पार कर लिए। बताया जा रहा कि यह दोनों महिलाएं सब्जी मंडी में खरीदारी करने आई हुई थी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि दोनों महिलाओं की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी।

## चेकिंग अभियानः सुबह-सुबह सड़क पर उतरी पुलिस

### 11 पर पुलिस एक्ट, 35 का एमवी एक्ट में चालान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तस्करी और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस ने भोर के समय औचक चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने महज कुछ घंटों में 1302 लोगों को चेक किया और 5 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोग जांच के दायरे में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि यह चेकिंग अभियान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाया गया। एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा और एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने बस स्टेशन, थाना क्षेत्रों के बैरियर, राष्ट्रीय राजमार्ग, लिंक मार्ग और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान कुल 1302 लोगों और 574 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर 5 लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, 11 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट और 35 वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

# ईश्वर तर्क का नहीं, अपितु प्रत्यक्ष दर्शन का विषयः डा. सर्वेश्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित शिव कथा के तीसरे दिन शनिवार को सती प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास डा. सर्वेश्वर ने भजनों और चौपाइयों के माध्यम से भक्तों को अध्यात्म का वास्तविक अर्थ समझाया। शिव कथा में सती प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए डा. सर्वेश्वर ने कहा कि जब भगवान शिव माता सती के साथ अगस्त्य मुनि के आश्रम में राम कथा सुनने गए, तो तर्क और बुद्धि के कारण सती कथा के गहरे अर्थ को समझ नहीं पाईं। भगवान राम को एक साधारण मानव के रूप में देखकर उनके मन में यह संशय पैदा हो गया कि परब्रह्म कैसे



एक सामान्य शरीर धारण कर सकता है। व्यास डा. सर्वेश्वर ने स्पष्ट किया कि ईश्वर तर्क या बहस का विषय नहीं हैं, बल्कि वे प्रत्यक्ष अनुभव और दर्शन के माध्यम से ही समझे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पूर्ण सद्गुरु के दिव्य दृष्टि प्राप्त करने पर ही ईश्वर के वास्तविक स्वरूप को देखा और अनुभव किया जा सकता है। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया। इस मौके पर बाल किशन, सपना अग्रवाल, दिव्या रावत, रविंद्र सिंह रावत, अंकित शर्मा, गीता भालोठिया, प्रमोद नैनवाल, जितेंद्र साहनी, सुरेश मित्तल, राजेश अग्रवाल, भगवान सहाय, शशि सिंह और विमल रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## निवेश के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम के माध्यम से साइबर अपराधियों ने एक और युवक को ठग लिया। आरोपियों ने युवक को निवेश की आकर्षक योजना का झांसा देकर उसे शिप्पोलेजर डॉट कॉम नामक वेबसाइट पर अकाउंट बनाने के लिए प्रेरित किया। फिर, मोटे बोनस का लालच देकर युवक से 5.20 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी निवासी नितिन भंडारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने उससे टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया और शिप्पोलेजर डॉट कॉम नाम की वेबसाइट पर अकाउंट बनाकर निवेश करने का झांसा दिया। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए आरोपियों ने पहले दिन कुछ बोनस राशि भी दिखाई। इसके बाद 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में किस्तों में कुल 5.20 लाख रुपये जमा करा लिए। आरोपियों ने रकम बढ़ने और मुनाफा मिलने का लालच देकर लगातार भुगतान कराया। जब पीड़ित ने अपनी जमा की गई रकम और बताए गए बोनस को निकालने का प्रयास किया तो वेबसाइट पर निकासी की सुविधा बंद मिली। संपर्क करने पर आरोपियों के मोबाइल नंबर और टेलीग्राम अकाउंट भी निष्क्रिय हो गए। इसके बाद युवक को ठगी का एहसास हुआ। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि साइबर सेल की टीम बैंक खातों, ट्रांजैक्शन आईडी और वेबसाइट के तकनीकी विवरण के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। ठगी में इस्तेमाल किए गए खातों और डिजिटल ट्रेल के जरिए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के एक युवक घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद जब युवक का पता नहीं चला तो परिजनों ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार भगवानपुर तल्ला निवासी दिनेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका 21 वर्षीय बेटा अजय सिंह 20 जनवरी को बिना बताए घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

## घर के बाहर से बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। वाहन स्वामी की तहरीर के आधार पर काठगोदाम पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। काठगोदाम पुलिस को गौलापार निवासी मीना देवी ने तहरीर सौंपते हुए कहा कि उनकी बाइक बीते 22 जनवरी को उनका भतीजा सावन अपने घर लेकर गया था। तहरीर में कहा कि सवान ने बाइक को नारीमन चौराहे के पास अपने घर के बाहर खड़ी कर दी थी।

# नैनवाल ने बुजुर्गों को कंबल व युवाओं को स्पोर्ट्स किट दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा नेता राकेश नैनवाल ने शनिवार को विधानसभा रामनगर के ग्राम आमपोखरा और भवानीपुर खुल्बे में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को भी सुना। इस दौरान भाजपा नेता श्री नैनवाल ने बुजुर्गों को छड़ी व कंबल दिए तो वहीं युवाओं को बॉलीबाल और स्पोट्स किट दिए। भाजपा नेता राकेश नैनवाल ने ग्राम प्रधान विक्रम सिंह नेगी और प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह गुंसाई का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र सैनी, कोऑपरेटिव के चेयरमैन विजय पाल रावत, शक्ति केंद्र संयोजक शंकर सिंह रावत और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## पारा चिनारी बिरादरी समाज के अध्यक्ष बने परविंदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को पारा चिनारी बिरादरी की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब, राजेन्द्र नगर में संपन्न हुई। बैठक में



पिछले साल हुए कार्यों पर चर्चा हुई और भविष्य में होने वाले कार्यों व योजनाओं को लेकर मंथन भी किया गया। इस दौरान पारा चिनारी बिरादरी समाज ने सर्वसम्मति से परविंदर सिंह नागपाल को पुनः बिरादरी का अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष परविंदर ने समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी समाज के लोगो ने उन्हें दी है उसका वह निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे। इस मौके पर सुरजीत सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत सिंह, सतपाल सिंह, बनप्रीत सिंह सहित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

# सीएम को बताए शैक्षिक नवाचार

## उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति ने की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. लोहनी ने मुख्यमंत्री को शॉल, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट किया। भेंट के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शैक्षणिक एवं अकादमिक गति. विधियों, नवाचारों, डिजिटल लर्निंग पहलों तथा हाल की उपलब्धियों से मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया। मुख्यमंत्री धामी ने विश्व. विद्यालय की अकादमिक गति. विधियों एवं सतत प्रगति की सराहना करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका को



महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से विश्वविद्यालय को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में प्रका. शित विश्वविद्यालय की प्रमुख पत्रिकाएँ उड़ान, प्रगति के सोपान तथा विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री को भेंट की। साथ ही मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के हाल में किए गए कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए राज्य में उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए परस्पर सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## डीके स्पोर्ट्स ने 275 रनों से जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच का मुकाबला शनिवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी के



मध्य हुआ। डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 358 रन बनाए। टीम के लिए हार्दिकराज बिष्ट ने शानदार 124, ईशान जोशी ने 67 और श्लोक पंत ने 42 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी की टीम 28वें ओवर में 83 रन बनाकर आलआउट हो गई और 275 रनों से मैच हार गई। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज कुशाग्र ने 3 और अनामय पाण्डे ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का खिताब डीके स्पोर्ट्स के बल्लेबाज हार्दिकराज के नाम रहा। मैच में अंपायर की भूमिका शिवम् पांडे और भूपेश शाही ने निभाई, जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, विजय आर्या, विक्रम बोरा, मनोज पंत मौजूद रहे।

# अमर सिंह नेगी को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस में नियुक्त अनुचर अमर सिंह नेगी के ऐच्छिक सेवानिवृत्त होने पर पुलिस मीटिंग हॉल में शनिवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अनुचर अमर सिंह नेगी ने 30 वर्ष 1 माह 24 दिन की अनुकरणीय सेवा के उपरांत ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ली।
कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस महा. निदेशक दीपम सेठ की ओर से सेवा. निवृत्त कार्मिक के लिए भेजे गए विशेष शुभकामना संदेश के साथ की गई। विदाई समारोह के दौरान अमर सिंह नेगी ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा किए और विभाग के साथ बिताए गए महत्वपूर्ण पलों को



याद किया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनके द्वारा दी गई सेवाएं सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। एसपी हल्द्वानी ने अमर सिंह नेगी को शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन नैनीताल हरकेश सिंह, निरीक्षक गणेश सिंह मनोला, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक प्रताप सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक संचार केएस रावत, अपर उप निरीक्षक पंकज जोशी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं सेवानिवृत्त कर्मी के परिजन मौजूद रहे।

# आज है माघ मास पूर्णिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आज यानी रविवार को माघ मास की पूर्णिमा है। माघी पूर्णिमा पर गंगा, यमुना व अन्य पवित्र नदियों में पुण्य स्नान, पूजन-अर्चना, व्रत, दान-धर्म तथा जप-तप का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन किए गए धार्मिक कार्यों से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। पंडित नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि माघी पूर्णिमा पर व्रत, जप, तप, दान का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है। प्रयागराज सहित अन्य तीर्थों में कल्पवास व्रत का भी कल ही पारायण होगा। माघी पूर्णिमा में गंगा स्नान व पूजन का विशेष महत्व है। इस बार माघी पूर्णिमा पर रवि पुष्य योग बन रहा है जो व्यापार में क्रय-विक्रय के लिए शुभ फलदायक मुहूर्त माना जाता है। रवि पुष्य योग में जप, तप, हवन, दान करने से सहस्र गुना फल प्राप्त होता है। रवि पुष्य योग में मांगलिक कार्य भी शुभ माने गए है। शास्त्रों के अनुसार पूर्णिमा पर रवि पुष्य योग में ग्रहों का पूजा-अर्चना व हवन करने से समस्त अरिष्ट दूर होते हैं। शास्त्रों के अनुसार रवि पुष्य योग में तीर्थ क्षेत्र में जाने मात्र से ही समस्त पाप क्षय हो जाते है। पूर्णिमा के दिन भगवान लक्ष्मी-नारायण तथा सत्यनारायण व्रत एवं पूजन करने से पारिवारिक एवं आर्थिक उन्नति का योग बनता है। वहीं, चंद्रमा उदय के समय चंद्र पूजन और अर्घ्य दान करने से मनोक. ामनाओं की पूर्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार रवि-पुष्य योग में ग्रहों का पूजन-अर्चन करने से जीवन के समस्त अरिष्ट दूर होते है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# कुमाऊं आयुक्त ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त कैंप कार्यालय में शनिवार को जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर जनसुनाई कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें भूमि विवाद, धोखाधड़ी, अवैध निर्माण, पारिवा. रिक विवाद, पेयजल आपूर्ति, और लंबित देयकों के भुगतान जैसे गंभीर मामलों पर त्वरित कार्यवाही की गई।



जनसुनाई के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने उधमसिंह नगर में ओबीसी जाति के लोगों के लिए फर्जी अनुसू. चत जाति प्रमाण पत्र बनाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आद. ेश दिए। इसके अलावा 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान वालिटियरों के लंबित मानदेय का भुगतान न होने पर आयुक्त ने संबंधित कंपनी को 14 फरवरी तक लगभग 36 लाख रुपये का भुगतान करने के निर्देश दिए। भुगतान न होने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही आयुक्त श्री रावत ने एक अन्य प्रकरण में विद्युत चोरी की शिकायत को लेकर यूपीसीएल के अधिकारियों को नियमित चैकिंग करने के निर्देश दिए, साथ ही पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का भी तुरंत समाधान किया गया। अयुक्त रावत ने रुद्रपुर में दानपुर क्षेत्र में भूमि कब्जे के मुद्दे पर एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए कि भूमि खरीदारों को कब्जा दिलवाया जाए। आयुक्त ने अधिका. रियों को जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की चेतावनी दी और कहा कि अगर तहसील या एसडीएम स्तर पर समाधान न हो, तो मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाया जाए।

## धृती महाराज का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवाबी रोड स्थित जय दुर्गा कॉलोनी में शनिवार को यूकेडी कार्यकर्ताओं ने महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 धृती महाराज का हल्द्वानी पहुंचने पर स्वागत किया, और महामंडलेश्वर महाराज से लोगो ने आशीर्वाद लिया। इस दौरान हल्द्वानी पहुंचे महामंडलेश्वर महाराज ने हाल ही में प्रयागराज में जगतगुरु



शंकराचार्य के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अत्यंत निंदनीय बताते हुए कहा कि संत समाज के साथ इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि जगतगुरु शंकराचार्य की सुरक्षा तत्काल बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने उत्तराखंड क्रांति दल को राज्य में और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता जताई, ताकि जनहित, सांस्कृतिक मूल्यों और राज्य के अधिकारों की प्रभावी रक्षा की जा सके। इस मौके पर उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, कमल जोशी, मोनिका सिंघल, करन जोशी, समीक्षा उनियाल, शिवाय उनियाल, शगुन उनियाल, संकेत उनियाल, सावन उनियाल, संस्कार उनियाल आदि मौजूद रहे।

# सिंथिया में विद्यार्थियों को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए रंगारंग विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कक्षा 12 के विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समारोह के दौरान नृत्य, संगीत और मनोरंजक गति. विधियाँ प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। मिस फेयरवेल का खिताब इशिता जोशी, आस्था पन्त और स्वतिका बिष्ट के नाम रहा। जबकि मिस्टर फेयरवेल के लिए आराध्य जोशी, शुभम रैकुनी और अंशुल भट्ट को सम्मानित किया



गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रविंद्र कुमार रौतेला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय की निदेशक रश्मि रौतेला, सुरेश चंद्र मिश्रा, अकेडमिक कोर्डिनेटर बीबी जोशी, केसी पंत, एलडी पांडेय, सीनियर कोर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, नीमा पांडेय, प्रकाश शर्मा, सीमा परिहार, मंजू जोशी, एसएस कपकोटी, पुष्कर राजपूत, सुनीता तिवारी, आईडी जोशी, हेमा तिवारी, ऋचा कर्नाटक, मानसी जोशी, ओजस्वित श्रीवास्तव, मधु बिष्ट, कार्तिक जोशी, सात्विक रौतेला, चित्रांश पाण्डेय, मनस्वी जोशी, पियूष नेगी और जिया मेहता सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## 'सारथी' ने कराया खिचड़ी भोज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** माघ मास के अवसर पर शनिवार को सारथी फाउंडेशन समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर के समीप मां जगदंबा बैंक्वेट हॉल नहर कवरिंग मुखानी रोड में खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कई लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वित. रित किया। आयोजन में संस्था अध्यक्ष नवीन पंत ने बताया कि माघ मास के दौरान सेवा और धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व होता है। भविष्य में भी इसी प्रकार के सामा. जिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस दौरान सचिव ज्ञानेन्द्र जोशी, कोषाध्यक्ष कमल जोशी, केतन जायसवाल, हेमा जोशी, पूजा पंत, भावना जोशी, गीता बेलवाल, बीना जोशी, कौशल्या जोशी, शीला भट्ट, अजय जोशी, जयप्रकाश शाह, संतोष गौड़, भवानी शंकर सूठा, युगल मेलकानी आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्कूल बस से भिड़ी बाइक, तीन युवकों की मौत

- झनकट से लौटते समय गुरुद्वारा रोड पर हुआ हादसा
- बस चालक मौके से हो गया फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। निजी स्कूल बस और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक साथ तीन युवकों की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम कराया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जबकि क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर वार्ड नंबर सात निवासी देवेंद्र सिंह राणा (27) पुत्र उमेश सिंह राणा अपने गांव के ही राजेश सिंह राणा (35) पुत्र पंचम सिंह राणा और राजेश सिंह राणा उर्फ बिल्ला (27) पुत्र दर्शन सिंह के साथ बाइक से किसी काम से झनकट गए थे। शुक्रवार की शाम तीनों झनकट से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान गुरुद्वारा रोड, प्रतापपुर नंबर सात के पास नानकमत्ता की ओर से बच्चों को छोड़ते हुए आ रही एक निजी स्कूल बस से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और आपातकालीन सेवा 108 को सूचना दी। घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों से उप जिला चिकित्सालय खटीमा ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. सिमरनजीत सिंह ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी में सिर में गंभीर चोट लगना मौत का कारण बताया गया है। सूचना मिलते ही नानकमत्ता पुलिस अस्पताल पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया।

उधर, जैसे ही हादसे की खबर गांव पहुंची, परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि तीनों युवक एक ही गांव के जनजाति परिवार से थे और राजमिस्त्री व दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवारों का पालन-पोषण करते थे। प्रतापपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र पंत ने बताया कि हादसे के बाद स्कूल बस मौके से चली गई। चालक बच्चों को छोड़ने के बाद बस लेकर फरार हो गया है। बस और चालक की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गमगीन माहौल में हुई तीनों शवों की अंत्येष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रतापपुर में निजी स्कूल बस की टक्कर से हुई तीन युवकों की मौत के बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया और स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने तीनों शवों की गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी।



बाइक सवार प्रतापपुर वार्ड-7 निवासी देवेंद्र सिंह राणा, राजेश सिंह राणा उर्फ बिल्ला व राजेश सिंह राणा की शुक्रवार शाम सड़ासड़िया से प्रतापपुर जाने वाले रास्ते पर निजी स्कूल बस की टक्कर से मौत हो गई थी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था।

शनिवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। इसके बाद स्वजनों व गांव के लोगों ने तीनों शवों का प्रतापपुर स्थित बूटाघाट मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। हर किसी की आंखें नम थी। तीनों युवक आपस में रिश्तेदार थे। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मदरसा जामिया हंफिया रजाउल उलूम में सालाना दस्तारबंदी आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोराहा/बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र स्थित चकरपुर रोड मदरसा जामिया हंफिया रजाउल उलूम में शुक्रवार शाम को सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी व अता-ए-रसूल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान दीनी तालीम पूरी कर चुके 12 छात्रों को दस्तार (साफा) बांधकर नवाजा कार्यक्रम का शुभारंभ ईशा की नमाज के बाद मदरसा जामिया हंफिया रजाउल उलूम में मंच पर खत्म-ए-बुखारी शरीफ के साथ हुआ। उनके बाद किराअत से जश्न-ए-दस्तारबंदी का आगाज किया गया।

नात ख्वानों ने पैगम्बर- ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में नात व मनकबत पेश की ओर तकरीर की की गई। मुख्य अतिथि मुफ्ती हनीफ साहब किब्ला, मुफ्ती युनुस साहब किब्ला, मुफ्ती निजामुद्दीन साहब किब्ला, मुफ्ती कबीर साहब किब्ला, मुफ्ती सलीम साहब किब्ला, नजीम ए आला हजरत मौलाना इरशाद नूरी साहब किब्ला, मौलाना हारून साहब किब्ला, इमाम जामा मस्जिद कनोरा ने छात्रों को सम्मानित किया। इनमें सात छात्रों को कारी दिलशादरजा, मो. तौसीफ, मो. निजाम, मो. शरीयत, मो. तंजील, मो. कमर, मो. कासिम और पांच छात्रों को हाफिज मो. जीशान, मो. आरिश, मो. फैजी, मो.शहनवाज, मो.एहतेशाम को हाफिज-ए-कुरान से सम्मानित किया गया। सभी बच्चों ने मदरसा जामिया हंफिया रजाउल उलूम नाम रोशन किया और इस दौरान अपने देश हिंदुस्तान के लिए दुआ की कि हमारा देश हिंदुस्तान दिन दोगुनी कर रात चौगुनी तरक्की करे और सभी के लिए आमान चैन की दुआ की। इस दौरान सैकड़ों की तैनात में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सपनों की उड़ान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रा.बा.इ. का. फाजलपुर मेहरोला में जिला स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसक उद्घाटन मुख्य अतिथि केएस रावत मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधम सिंह नगर एवं हरेन्द्र मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि. ऊधम सिंह नगर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बच्चों के द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए।

रा.बा.इ. का. फाजलपुर मेहरोला के बच्चों के द्वारा कराटे एवं नन्दा राज. जात यात्रा की झांकी की भी प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि केएस रावत ने बच्चों का उत्साहबर्द्धन करते हुए बच्चों से सपनों की उड़ान एवं स्काई इज नाट लिमिट का अर्थ पूछा, जिसमें बच्चों के द्वारा बहुत ही उत्साह से उत्तर दिया गया। उन्होंने बच्चों से कहा कि खुली आंखों से सपने देखें एवं उन्हें पूरा करने हेतु अपने गुरुजन एवं अभिभावकों के निर्देशन में कड़ी मेहनत और अपने सपनों को पूरा करें। कार्यक्रम में विकास खण्ड से चयनित बच्चों एवं अध्यापकों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं शैक्षिक स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन विनय द्विवेदी, संजीब बुधौरी एवं हरीश दनाई ने किया।

कार्यक्रम में डीएस पाण्डेय, शुभा रावत, यूएस डॉगी, हिमांशु चौहान, नरेश जोशी, मंजरी मिश्रा, सुरभि, ईडा सैनी, दिव्या पन्त, जीशान, चेतना मिश्रा, मनोज जोशी, सीमा त्रिवेदी, मोहन उपाध्याय, कैलाश सक्सेना, किरन शर्मा, धीरज पाण्डेय, जीबन बिष्ट, जीवन नेगी, अनीता रावत, अना. मिका, सुमन व्यास, रश्मि शर्मा, दयाकिशन दनाई, रामकुमार यादव, संदीप धीर, पंकज, बीरेन्द्र, राघवेन्द्र, सविता, रीता राय आदि मौजूद रहे।

### मां दुर्गा से की विश्व कल्याण की मंगल कामना को प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के मोहल्ला बाँकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस के पावन अवसर पर शनिवार को मंदिर परिसर में हवन व भण्डारे का आयोजन किया गया। हवन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पंडित उमेश शर्मा ने सम्पन्न कराया। हवन के मुख्य यजमान मोहल्ला बाँकेनगर निवासी विजय मौर्य रहे। इस दौरान माँ दुर्गा से विश्व कल्याण की मंगल कामना हेतु प्रार्थना की गई। इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवादार कुलदीप सैनी, सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना, देवेश प्रताप सिंह, सत्यपाल मौर्य, सर्वेश मौर्य, राजेन्द्र, विनोद, ऊषा सैनी, आशा मौर्य, ममता मौर्य, श्यामो सैनी, लता मौर्य आदि थे।



### कोतवाली बाजपुर में हुई एसएसआई विक्रम सिंह धामी की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर द्वारा उप निरीक्षक विक्रम सिंह धामी को वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर कोतवाली बाजपुर में तैनात किया गया है। क्षेत्रवासियों ने आशा व्यक्त की कि अपने लंबे अनुभव, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के बल पर एसएसआई विक्रम सिंह धामी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा आमजन को बेहतर सुरक्षा व त्वरित न्याय उपलब्ध कराएंगे। लोगों का कहना है कि उनकी कार्यशैली से पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग और मजबूत होगा। इस अवसर पर नागरिकों ने उनके सफल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य एवं जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सफलता की कामना की है।

### कौन गलत है, कौन सही, पता लगना चाहिए: पाण्डेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** गदरपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि मैं देवभूमि उत्तराखण्ड में सत्ता पक्ष का विधायक हूं। यदि सत्ता पक्ष के विधायक या उसके परिवार के ऊपर आरोप लगे तो स्वयं ही जांच के लिए आगे आना चाहिए और कानूनी कार्यवाही में सहयोग करना चाहिए।

इसी कड़ी में मैंने अपने परिवारजनों पर लगे मुकदमों के विरूद्ध पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से मुलाकात कर उनसे मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। कौन गलत है और कौन सही, इसका पता लगना चाहिए। विधायक अरविंद पाण्डेय ने कहा कि वह यह नहीं कह रहे कि मुकदमा झूठा या काल्पनिक है। उन्होंने डीजीपी से मांग की कि जिन लोगों पर मुक. दमा दर्ज है और जिन्होंने मुकदमा दर्ज कराया है, दोनों पक्षों का लाई डिटेक्टर, पॉलीग्राफ, माइंड मैपिंग और नार्को टेस्ट कराया जाए। विधायक ने कहा कि यदि जांच में उनके परिवार का कोई भी सदस्य दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने इसे केवल सच्चाई सामने लाने के लिए निष्पक्ष जांच की मांग बताया।

### भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने मनीष पटेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** उत्तराखंड प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी कमेटी द्वारा मझोला निवासी भाजपा कार्यकर्ता मनीष पटेल को भाजपा युवा मोर्चा नौसर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। मनीष पटेल ने कहा कि वह पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे साथ ही भाजपा कार्यकारिणी को आभार व्यक्त किया।

### एमपीआईसी के टीचर्स व स्टूडेंट्स सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारत विकास परिषद द्वारा विगत दिनों सम्पन्न कराये गए कार्यक्रमों गुरु वंदन छात्र अभिनंदन एवं भारत को जानो प्रतियोगिता कराई गई थी। विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि भारत विकास परिषद की ओर से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन में दो अध्यापकों रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव कुमार शर्मा और अंग्रेजी प्रवक्ता चेतन स्वरूप को सम्मानित किया गया।



छात्रों में चेतन गोस्वामी और प्रशस्ति करगेती को सम्मानित किया गया।जबकि भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर सीनियर वर्ग में चेतन गोस्वामी, यशस्वी फुलेरिया एवं नमन अधिकारी और जूनियर वर्ग में सारा कुरैशी, मौ0 फरहान एवं अंश को सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा, चारु चन्द्र तिवारी, गौरव शर्मा, केके0 फुलेरा, नेहा गुप्ता, एवं भारत विकास परिषद के अंशुल अग्रवाल, अखिल मित्तल, गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# हिन्दुस्तान जिंक ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संकल्प को दोहराया

- 37वें सड़क सुरक्षा माह में कर्मचारियों और समुदाय को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वेदांता ग्रुप एवं विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक और सिल्वर उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक ने अपने सभी बिजनेस लोकेशन पर जागरूकता पहलों की एक व्यापक श्रृंखला के साथ 37वां सड़क सुरक्षा महीना और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम में कंपनी की सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दिखी, जिसमें हजारों कर्मचारी, बिजनेस पार्टनर, स्थानीय नागरिकों, ड्राइवर और संचालन क्षेत्र आस-पास के समुदाय एक साथ मिलकर जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हुए।

पंतनगर ने बड़े पैमाने पर सार्वजनिक पहल की, जिसमें पुलिस और आरटीओ के साथ एक बड़ी भागीदारी के साथ बाइक रैली, आंखों और पीयूसी कैंप, स्लोगन प्रतियोगिताएं, रोको-टोको कार्यक्रम, रिफ्लेक्टर वितरण, और कम रोशनी की स्थिति में सुरक्षा में सुधार के लिए ब्लाइंड स्पॉट पर रिफ्लेक्टर लगाना शामिल था। अभियान की शुरुआत एएसपी निहारिका तौमर, एआरटीओ नवीन कुमार एवं एसबीयू डायरेक्टर पंतनगर हिन्दुस्तान जिंक अनामिका झा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखा कर की, जिसमें रक्षात्मक और अनुशासित ड्राइविंग के महत्व पर जोर दिया गया। इस रैली में कर्मचारियों, बिजनेस पार्टनर और स्थानीय अधिकारियों ने भाग लिया, जो सुरक्षित सड़कों के लिए साझा जिम्मेदारी पर एक मजबूत संदेश था।

हिन्दुस्तान जिंक के ऑपरेशनल क्षेत्र में, कई टीमों ने सभी स्तरों पर लोगों को शामिल करने के लिए डिजाइन की गई संरचित गति. विधियां शुरू कीं। कंपनी द्वारा रोक. ों-टोकों तिविधियों, श्रमिकों के लिए ब्लाइंड-स्पॉट प्रशिक्षण, और अनुपालन को मजबूत करने के लिए व्यवहारिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# रोडवेज परिसर से हटाया अवैध कब्जा

## भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज शनिवार प्रात: रोड़वेज परिसर में निर्माणाधीन इंटरस्टेट बस टर्मिनल के निर्माण में बाधक बने एक अवैध कब्जे को निर्माण संस्था द्वारा तहसील कर्मियों व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की मदद से ढ़हा दिया गया।



जानकारी के अनुसार रोड़वेज परिसर में वर्कशाप के समीप पूर्व में अनेक अवैध कब्जों को प्रशासन द्वारा हटा दिया गया था। परंतु कुछ कब्जे अभी भी शेष रह गये थे। जिस कारण रोड़वेज परिसर में निर्माणाधीन इंटरस्टेट बस टर्मिनल के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही थी। आज नायब तहसीलदार व हल्का पटवारी की मौजूदगी में निर्माण संस्था के लोग जेसीबी मशीनें लेकर मौके पर आ पहुंचे। जिन्हें देखकर प्रभावित भवन स्वामी पवन सक्सेना ने यह कहकर विरोध किया कि उनका इस सन्दर्भ में न्यायालय बाद विचाराधीन है। बिना न्यायालय के फैसले के एक तरफा कार्रवाई करना कानून के खिलाफ है।

उनका यह भी कहना था कि वह रोड़वेज की भूमि पर नहीं रह रहे हैं। इसका उनके पास प्रमाण है जिसे वह मौके पर दिखा भी रहे हैं। परंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मौके पर आई टीम ने परिवार को घर से सामान निकालने का वक्त देकर कहा कि निर्धारित समय के बाद भवन को तोड़ दिया जायेगा। जिसके बाद भवन स्वामी द्वारा सामान निक. ालना शुरू किया। सामान निकलने के बाद टीम ने जेसीबी की मदद से भवन को ध्वस्त कर दिया। निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि परिसर से सभी अवैध कब्जे हटने के बाद ही निर्माण कार्य तेजी से प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इस दौरान रोडवेज की आरएम पूजा जोशी, एजीएम श्रीराम कौशल, ब्रहमानन्द, राजेन्द्र कुमार, राजकुमार चौधरी, गुणवंत, एसएन पाण्डे, एसएसआई केसी आर्य, बाजार चौकी प्रभारी जितेन्द्र खत्री, एसआई मोहन चन्द्र जोशी, अनिल जोशी आदि मौजूद रहे।

# हुकुम सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अनुस. ेवक हुकुम सिंह को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे, स्टाफ क्लब सचिव डॉ.नरेश कुमार, डॉ.सुमन कुमार, डॉ.योगेश चन्द्र, डॉ.अलका राजौरिया,डॉ.दीपक खाती,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविन्द सिंह जंगपांगी, डॉ.प्रमोद पाण्डे,प्रकाश चन्द्र पपनै,आदि ने संयुक्त रूप से हुकुम सिंह को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे ने महाविद्यालय में उनके द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ सहयोग एवं अनवरत सेवा की सराहना कर उनको प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि हुकुम सिंह ने रामनगर महाविद्यालय में अपने सेवा काल में विभिन्न दायित्वों को कर्तव्यनिष्ठा से पूर्ण किया है। विदाई समारोह में डॉ.सुमन कुमार,डॉ.नरेश कुमार, डॉ.अलका राजौरिया,डॉ. दीपक खाती,डॉ.सुभाष पोखरियाल, शुभम गंगवार, नन्दन सिंह रौतेला,आनन्द बल्लभ रिखाड़ी, धन सिंह,विजय सिंह, नागेन्द्र सिंह, राम सिंह, गोसिया खानम,किरन देवी,दर्शन सिंह, बलवन्त सिंह,मदन भारती, योगेश सती,प्रकाश चन्द्र ने उनके स्वस्थ, समृद्ध जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना कर सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी। विदाई समारोह के उपरान्त महाविद्यालय परिवार ने ढोल नगाड़ों के साथ हुकुम सिंह को उनके स्थानीय निवास तक पहुंचाकर सम्मान प्रदान किया।

# यूजीसी के नए नियम सामाजिक न्याय की दिशा में आवश्यक कदम: बाराकोटी

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं नए नियम, भय और भ्रम से ऊपर उठकर तथ्यपरक विमर्श की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उच्च शिक्षा से जुड़े नए यूजीसी नियमों को लेकर देशभर में चल रही बहस के बीच डीआर बाराकोटी (धीरज), पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष, मंत्री कुमाऊं मंडल शिक्षक एसोसिएशन (उत्तराखंड) ने इन्हें सामाजिक न्याय की दिशा में एक आवश्यक और संवैधानिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इन नियमों को सामान्य वर्ग के विरुद्ध बताना तथ्यों और वास्तविकता से परे है।

डीआर बाराकोटी ने स्पष्ट किया कि यूजीसी के नए नियम किसी मनमाने निर्णय का परिणाम नहीं हैं, बल्कि ये सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और विभिन्न आयोगों



व समितियों की गंभीर रिपोर्टों के आधार पर बनाए गए हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में SC, ST, OBC और अन्य वंचित वर्गों के साथ हो रहे भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और संस्थागत उपेक्षा के मामलों ने इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

उन्होंने कहा कि 2016 में रोहित वेमुला की आत्महत्या जैसी घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यह केवल एक छात्र की मृत्यु नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा संस्थानों में मौजूद सामाजिक भेदभाव और असंवेदनशीलता का प्रतीक बन गई। इसके बाद 2019 सहित अन्य वर्षों में सामने आए मामलों और 2018 से 2023 के बीच दर्ज हजारों शिकायतों ने यह स्पष्ट कर दिया कि समस्या वास्तविक और गहरी है। बाराकोटी ने बताया कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में दर्ज लगभग 63 हजार शिकायतों में से करीब 57 हजार मामले SC, ST, OBC वर्गों से जुड़े थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षा में समान अवसर, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य और संस्थानों का संवैधानिक दायित्व बताया, जिसके परिणामस्वरूप यूजीसी को नए नियम बनाने पड़े। उ

न्होंने कहा कि कुछ लोग इन नियमों को लेकर अनावश्यक भय का वातावरण बना रहे हैं, जबकि कई प्रतिष्ठित विद्वान और सामान्य वर्ग के जागरूक नागरिक भी इन्हें सामाजिक न्याय के रूप में देखते हैं। सामाजिक न्याय का अर्थ किसी वर्ग के अधिकार छीनना नहीं, बल्कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को समान अवसर प्रदान करना है। बाराकोटी ने जोर देकर कहा कि ये नियम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 19, 17 और 18 की मूल भावना के अनुरूप हैं, जो समानता, भेदभाव निषेध, समान अवसर और मानवीय गरिमा की गारंटी देते हैं।

अंत में उन्होंने कहा कि यूजीसी के नए नियमों को अफवाह और भावनाओं के बजाय तथ्य, संविधान और न्याय के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। लोकतंत्र में आला. ेचना आवश्यक है, लेकिन वह जिम्मेदार और तथ्यपरक होनी चाहिए। उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि ऐसा सुरक्षित और समावेशी वातावरण बनाना है, जहां हर छात्र सम्मान और समान अवसर के साथ आगे बढ़ सके।

# सड़क सुरक्षा को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम हिम्मतपुर ब्लॉक स्थित ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एआरटीओ सुरेंद्र सिंह कपकोटी एवं सीनियर असिस्टेंट गुलशन कुमार ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल और सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए। साथ ही बच्चों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने रचनात्मक विच. ारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. नलिनी श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करते हैं। छात्र-छात्राओं को एआरटीओ द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कविता एवं भाषण प्रतियोगिता में पुरस्कृत विद्यार्थी हरसिमरत कौर, कनक वैला, समृद्धि भट्ट, याना भंडारी, आकृति जोशी, इशिता, अशप्रीत कौर, एवं पलक रहे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में त्रिवेणिका, अंशिका, आराध्या, कृतिका खाती, गीत रावत, लवी सिंह, आलशिफा, आरुषि, आनिया सक्सैना एवं सोबी खान पुरस्कृत हुए।

# शांन्तिपूर्वक व नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् के सभागार में डा. मुकुल कुमार सती सभापति / निद. ेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षाओं के शांन्तिपूर्वक व नकल. विहीन परीक्षा कराने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दोनों मण्डलों के अपर निदेशक माध्यमिक,जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं संकलन केन्द्रों के उप नियत्रंक ने भागेदारी की।



सभापति डॉक्टर मुकुल कुमार सती ने बताया कि इस साल हाईस्कूल में संस्थागत-110544 व्यक्तिगत 1732 एवं सुधार परीक्षा वर्ष 2025 (द्वितीय) के 384 कुल-112660 परीक्षार्थी और इण्टरमीडिएट संस्थागत-99349 व्यक्तिगत-3637 एवं सुधार परीक्षा वर्ष 2025 (द्वितीय) के 463 कुल-103449 परीक्षार्थी प्रदेश के 1261 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। प्रदेश में कुल 156 संवेदनशील व 06 अति संवे. दनशील केन्द्र बनाये गये हैं। प्रदेश में 13 मुख्य संकलन व 26 उप संकलन केन्द्र बनाये गये हैं, परिषदीय परीक्षा 21 फरवरी, 2026 से प्रारम्भ होकर 20 मार्च 2026 के मध्य एकल पाली में होगी।उत्तराखंड शिक्षा परिषद के सचिव विनोद प्रसाद द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक जनपद में परीक्षायें शान्तिपूर्वक व नकल विहीन की जांय। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाओं के सुचितापूर्ण सम्पादन व किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने को निर्देशित किया गया। दौरान बैठक में परिषद् के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी,अपर सचिव बीएमएस रावत, उप सचिव सुषमा गौरव, प्रभारी वित्त अधिकारी / मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दिनेश चन्द्र जोशी, शोध अधिकारी शैलेन्द्र जोशी, डा. नन्दन सिंह बिष्ट, वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारी इन्दु प्रकाश नेगी, राजीव रावत, गंगा प्रसाद उनियाल आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत दिनेशपुर में घमासान सभासदों ने खोला मोर्चा

**नगर पंचायत पर काम न होने और भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** दिनेशपुर नगर पंचायत में उस समय हड़कंप मच गया जब नगर के लगभग छः सभासद व प्रति. निधियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर खुलकर आरोपों की झड़ी लगा दी। सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और जो भी काम हो रहे हैं, वे सिर्फ चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी (ईओ) की मर्जी से किए जा रहे हैं। सभासदों की भूमिका को पूरी तरह दरकिनार किया जा रहा है।

सभासदों ने अधिशासी अधिकारी से सवाल करते हुए कहा कि "अगर सारे काम चेयरमैन और ईओ को ही करने हैं तो सरकार सभासदों का चुनाव क्यों कराती है? उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें विश्वास के साथ चुनकर नगर पंचायत बोर्ड में भेजा है और वे जनता के हित में हर संभव विकास कार्य कराना चाहते हैं, लेकिन उन्हें जानबूझकर रोका जा रहा है। सभासदों का आरोप है कि वार्डों में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसे बुनियादी कार्यों की अनदेखी की जा रही है। कई प्रस्ताव बोर्ड में रखे ही नहीं जाते और बिना चर्चा के ही कार्यों को पास कर दिया जाता है। सभासदों ने यह भी दावा किया कि कुछ विकास कार्य केवल कागजों में पूरे दिखाए जा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

सभासदों ने नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए और निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे और मामले को उच्च अधिकारियों तक ले जाएंगे।वहीं इस पूरे मामले में नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है या यह मामला यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएगा। वही मामले की जानकारी लेने के लिए चेयरमैन से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

> कुछ सभासदों का और चेयरमैन का आपसी मतभेद है। नगर पंचायत दिनेशपुर की ओर से लगातार सभी वार्डों में विकास कार्य किए जा रहे हैं।
>
> **मुहम्मद यामीन**
> **अधिशासी अधिकारी**

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम बना जनविश्वास का आधार

**मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में शिविरों से बदली जिंदगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तराखंड में 17 दिसंबर से 30 जनवरी तक सभी जिलों में संचालित 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम भले ही राज्यव्यापी रहा हो, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले चंपावत में इन शिविरों ने जिला प्रशासन के प्रति जनता के भरोसे को नई मजबूती दी।

जिले में आयोजित शिविरों में यह साफ दिखाई दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाली हाथ या निराश होकर वापस नहीं लौटा। विषम भौगोलिक परिस्थितियों और आर्थिक तंगी के कारण जिला मुख्यालय तक न पहुंच पाने वाले वृद्धजन, विधवा महिलाएं, पुरुष, दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र लोग, जो वर्षों से पेंशन और सरकारी सुविधाओं से वंचित थे, इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित हुए। कई



लोगों का फिंगरप्रिंट न निकल पाने के कारण आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के चलते सरकारी योजनाएं उनके लिए केवल सपना बन गई थीं, लेकिन जिलाधिकारी मनीष कुमार ने ऐसे मामलों में भी वैकल्पिक रास्ते निकालते हुए पेंशन स्वीकृत कराई, जिससे जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी लौट आई। गत वर्ष जून माह के तीसरे सप्ताह में जिलाधिकारी का पदभार संभालने के बाद डीएम मनीष कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट में 'जनता मिलन कार्यक्रम' की शुरुआत की गई, जिसका व्यापक असर देखने को मिला। अब तक लगभग 4000 से अधिक लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सहायता से जोड़ा जा चुका है। वहीं ग्रामीणों के आग्रह पर रात्रि चौपाल आयोजित किए जाने से लोगों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखने में भी आसानी हुई है, जिससे जिला प्रशासन के प्रति विश्वास लगातार मजबूत होता गया।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया जन-जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में कोतवाली बाजपुर पुलिस द्वारा शनिवार को जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक देवेंद्र मनराल एवं उप निरीक्षक कुसुम रावत ने थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएवी स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।



अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा, महिला एवं बालिका संबंधित अपराधों, यातायात नियमों, गौरा शक्ति एप तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 1090/112 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साथ ही "पुलिस आपके द्वार" अभियान के उद्देश्य और महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### जयश्री महाकाल महाराज शिव शक्ति कांवर सेवा समिति कराएगी 35 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जयश्री महाकाल महाराज शिव शक्ति कांवर सेवा समिति के तत्वाधान में इस बार 15 फरवरी को 35 निर्धन परिवारों की कन्याओं का विवाह किया जा रहा है। वर्ष 2012 से एक निर्धन परिवार की कन्या का सामूहिक विवाह कराया था। वर्ष 2012 से 2025 तक 239 परिवारों की निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया है।

> **2012 से 2025 अब तक 239 कन्याओं का विवाह सम्पन्न कर चुके**

जयश्री महाकाल महाराज शिव शक्ति कांवर सेवा समिति के विजय कुमार गुप्ता व विनोद कुमार सक्सेना ने बताया कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम रामलीला मैदान में 15 फरवरी को संपन्न होगा। 14 फरवरी को नगर के चौराहे से टनकपुर के लिए कांवर यात्रा प्रस्थान करेंगी। 15 फरवरी को रामलीला ग्राउंड शिव मंदिर पर जलाभिषेक व राजीव नगर चौराहे से बाबा श्री महाकाल महाराज जी की पालकी एवं बारात नगर भ्रमण करेंगी। रात्रि 8:00 बजे से भोले का भव्य दरबार सजेगा रात्रि जयमाला एवं भंडारा होगा। 16 फरवरी को बाबा श्री महाकाल महाराज की दुल्हन के साथ विदाई होगी। 35 कन्याओं के सामूहिक विवाह की तैयारी की जा रही है।

### पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ल्यूमिनस एडवांस्ड मेंटरिंग प्रोग्राम द्वारा 'पर्यावरण जागरुकता' का कार्यक्रम का आयोजन पी एमश्री आदित्य नाथ झा इण्टर कॉलेज, रुद्रपुर में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर मेंकिंग एवं प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय से प्रधानाचार्य दयाशंकर पाण्डेय, पर्यावरण सलाहकार शमशाद, ल्यूमिनस टीम से श्रुति, ज्योति , माया, अल्का, रीता एवं को आर्डिनेटर विपिन सर, ल्यूमिनस के मैनेजर दीपक कुमार सहित लगभग 30 विद्यार्थी उपस्थित थे। शमशाद द्वारा पर्यावरण से संबंधित जानकारी दी गई व गीला, सूखा, ई-कचरा और पर्यावरण संरक्षण के तरीके व जानकारी पोस्टर प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया। बच्चों द्वारा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया एवं उनका निरीक्षण किया गया।




### दो बाइकों की भिड़ंत, तीन युवक घायल, दो रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शनिवार की देर शाम बाजपुर क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल बाजपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।



शनिवार शाम को दौलपुरी राजपुरा नंबर दो निवासी 21 वर्षीय विकास पुत्र भुवान सिंह अपने भतीजे 20 वर्षीय गौरव पुत्र हरि सिंह के साथ बैरिया दौलत में आयोजित एक शादी समारोह से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान नंदपुर मझरा, गदरपुर निवासी 18 वर्षीय निखिल पुत्र राम नरेश भी उसी शादी समारोह से दूसरी बाइक पर लौट रहा था। तोता बेरिया गेट के समीप निखिल की बाइक पीछे से विकास की बाइक में जा घुसी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष और वनाग्निकाल को लेकर किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम एवं आगामी दिनों में वनाग्निकाल के तहत स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर जागरूकता एवं व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।ऐसे में इन घटनाओं की रोकथाम एवं न्यूनीकरण के लिये विशेष सर्तकता बरती जाने के लिए कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक एवं कार्यालय फील्ड डायरेक्टर कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय जनता के मध्य जन जागरूकता व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्येक रेंज अर्न्तगत प्रत्येक माह के अन्तिम शनिवार को 'प्रभाग दिवस' आयोजित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।




कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी एवं ढेला रेंज द्वारा सांवल्दे वन परिसर में संयुक्त रूप से प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीओ अमित कुमार ग्वासीकोटी कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा सर्वप्रथम जनप्रति. निधियों एवं जनमानस का उक्त विषयक प्रभाग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने बैठक के उददेश्यों से अवगत कराते हुये शीत ऋतु में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं,वनाग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गयी। उन्होंने वन क्षेत्रों के किनारे निवास करने वाले ग्रामीण अपने घरों के आस-पास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखें और घरों के घरों के आस-पास घास, झाड़ी आदि की सफाई रखें। ग्रामीण अपने घरों के आस-पास भोजन, अनाज या कचरा खुले में न फेंके। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इन्दर रावत, रेंजर नवीन चन्द्र पांडे, तारा दत्त बेलवाल, अंकित बेलवाल, इन्दर लाल, दीप चन्द्र पाण्डे, पुष्पा नेगी, भूपेन्द्र सिंह चौहान, ओम प्रकाश जोशी, नवीन चन्द्र पपनै, मानसी अरोरा, प्रमोद कुमार सत्यवली, कृष्ण चन्द्र पन्त आदि मौजूद रहे।

# महिला समूह को दिया गया उन्नत खेती का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** लधियाघाटी क्षेत्र के खरही गांव में सहगल फाउंडेशन की ओर से महिला कृषक हित समूह के लिए उन्नत खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चंपावत मौनाल कंपनी के निदेशक राहुल पटेल ने महिलाओं को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक कृषि विज्ञान को जोड़कर कम भूमि में अधिक उत्पादन की तकनीकों की जानकारी दी।

राहुल पटेल ने कहा कि खेत प्रकृति का अनमोल वरदान है, जो समय-समय पर हमें संकेत देता है। इन संकेतों को समझकर खेती करना आवश्यक है। उन्होंने भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने, उन्नत बीजों के प्रयोग, जैविक खाद तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को वैज्ञानिक तरीके से खेती कर आय बढ़ाने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में खरही गांव की ग्राम प्रधान निर्मला जोशी, भिगराडा की ग्राम प्रधान गीता भट्ट, दीपक शर्मा, दिनेश जोशी, चंद्रा देवी, दिया देवी, बाला दत्त, दिनेश चंद्र, कृष्णा देवी, नवीन चंद्र सहित कई लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने सहगल फाउंडेशन एवं प्रशिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गांधी पार्क में सरस मेला 14 फरवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के गांधी पार्क में 14 फरवरी से सरस मेला आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सरस मेला हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन देगा। मेले में 160 से 180 स्टॉल लगाए जाने की योजना है, जिन पर देशभर के हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सरस मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि मेले में कर्नाटक, नागालैंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों के शिल्पकार और उद्यमी भाग लेंगे। इसके साथ ही उत्तराखंड के स्थानीय हस्तशिल्प कारोबारी भी अपने उत्पादों के साथ मेले में मौजूद रहेंगे। मेले को आकर्षक बनाने के लिए प्रतिदिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# मदरसा गोसिया के तीन छात्रों का कुरान हिफ्ज मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मदरसा गौघसिया के तीन छात्रों मुहम्मद शाहजी इब्न जाकिर हुसैन, मुहम्मद अयान इब्न मुहम्मद शाहिद निवासी खटीमा तथा मुहम्मद सैफ इब्न मुहम्मद मियां निवासी शाहजहांपुर ने कुरान का हिफ्ज मुकम्मल करने की आदत हासिल किया। इस मौके पर महफिले तकमीले कुरान आयोजित की गई, जिसमें मदरसा के अध्यापकों ने इन तीनों छात्रों और उनके अध्यापक हाफिज इरशाद हुसैन मुशाहिदी को बधाई दी तथा फूल माला पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया।

पवित्र कुरान को पढ़ना एक इबादत है, तो इसे छूना और देखना भी एक इबादत है। कुरान को याद करना और उस पर अमल करना इस दुनिया और आखिरत में कामयाबी का जरिया है। अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम) ने फरमाया तुम में सबसे अच्छा वह है जो खुद कुरान सीखे और दूसरों को सिखाए। (सहीह बुखारी) एक हदीस में कहा गया है कि कयामत के दिन कुरान के हाफिज के माता-पिता को एक ऐसा ताज पहनाया जाएगा जिसकी रोशनी सूरज से भी ज्यादा तेज होगी। कुरान को याद करना एक नेमत है जो सिर्फ अल्लाह तआला के चुने हुए बंदों को ही मिलती है। यह इस दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है और आखिरत में बुलंद मुकाम का जरिया है। इसके उपरांत फातिहा पढ़ी गई और हजरत अल्लामा इरफान-उल-हक कादरी (फाउंडर मदरसा गोसिया खटीमा) की दुआओं के साथ महफिल खत्म हुई। इस मौके पर जामिया के टीचर्स, मुहाफिज रजा मिस्बाही, मौलाना अमान-उल-हक कादरी, हाफिज जफरुद्दीन अजहरी, हाफिज इरशाद हुसैन साहिब के अलावा बड़ी संख्या में मदरसा के स्टूडेंट्स और उनके रिश्तेदार शामिल हुए।

# विजडम पब्लिक स्कूल में हुई सामान्य ज्ञान परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज शनिवार को विजडम पब्लिक स्कूल में विद्यालय के सस्थापक स्व. गिरीश कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल द्वारा 15 वे वर्ष भी विभिन्न स्कूलों की एक लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 25 प्रतिष्ठित स्कूलों के 255 छात्र-छात्राओं में से 245 छात्र-छात्राएं ने प्रतिभाग किया।





सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्य अतिथिउत्तम सिंह नेगी उपपुलिस अधीक्षक ऊ.सि. नगर, विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल और विद्यालय सचिव सुधा पटवाल, डा. ललित मोहन उप्रेती पूर्व स्वास्थय अधिकारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. श्वेता मढ़वाल ने सरस्वती और गणेश वन्दना के साथ कार्यकम की शुरूआत हुई। आज के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में राम प्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश चौहान, दिनेश बम, राजेन्द्र सिंह बोरा, संजय कुमार पाल, जगदीश सिंह बिष्ट, आरसी नेगी, रेनु देवी, सुधाशु पटवाल आदि थे। लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025 को सफल बनाने हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. श्वेता मढवाल ने सभी विद्यालयों से आए हुए सभी प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यो, अथितियों, अभिभावकों अध्यापक- अध्यापिकाएं सहित अभिभावक का धन्यवाद किया। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति, पहाडी, पंजाबी, कविता, नाटक आदि मनमोहक नृत्यों से सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025 के सभी स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेंडल के साथ पुरुस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पियंका पंत, अदिति पाण्डेय और साक्षी मिश्रा उपप्रधानाचार्या ने किया। इस अवसर पर मुख्य प्रधानाध्यापिका उषा मिश्रा, नरेन्द्र सिंह रावत, अजय मिश्रा, देव मण्डल, विमल चौधरी, अंजली रावत, गीता अधिकारी, टीना दास, मंजू नेगी, नीरू अधिकारी, रेनु जोशी, मानसी चौहान, प्रेमलता सिंह, आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं ने विशेष योगदान दिया।

# श्रीदेव सुमन छात्रावृत्ति परीक्षा में हिमांशु हुए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राउमावि खूनाबोरा के होनहार छात्र हिमांशु बोहरा ने श्रीदेव सुमन राज्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया है। हिमांशु की इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त समर्पित शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय का सतत मार्गदर्शन और प्रेरणादायी शैक्षणिक माहौल प्रमुख रहा।



श्री उपाध्याय द्वारा अवकाश दिवसों में मैट और सैट प्रश्नपत्रों की तैयारी करवाई जाती है, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष विद्यालय के बच्चों का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षाओं तथा प्रतियोगिताओं में लगातार चयन हो रहा है। इससे पूर्व विगत वर्ष इसी विद्यालय के छात्र जीवन और मीनाक्षी का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए हुआ था। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, प्रकाश सिंह जंगपांगी, डायट प्राचार्य मान सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम भट्ट आदि ने बधाई प्रेषित की है।

# बदला मौसम: मदमहेश्वर घाटी में समय से पहले खिला बुरांस

**जलवायु परिवर्तन के संकेत और गहराए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** हिमालयी क्षेत्र में बदलते मौसम के स्पष्ट संकेत अब प्रकृति में भी नजर आने लगे हैं। मदमहेश्वर घाटी में इस वर्ष बुरांस के लाल फूल अपने तय समय से काफी पहले खिलने लगे हैं। सामान्यत: मार्चख्रअप्रैल में घाटी की पहाड़ियां बुरांस की लालिमा से ढकती हैं, लेकिन इस बार जनवरी के अंत से ही बुरांस के वृक्ष पुष्पित होने लगे हैं। यह दृश्य भले ही मनमोहक हो, लेकिन इसके पीछे छिपी वजहें पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय मानी जा रही हैं।



स्थानीय ग्रामीणों, वनकर्मियों और प्रकृति प्रेमियों के अनुसार इस सर्दी में मदमहेश्वर घाटी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपेक्षित बर्फबारी नहीं हुई। साथ ही दिन और रात के तापमान में सामान्य से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। लंबे समय तक शुष्क मौसम और ठंड की अवधि कम होने के कारण बुरांस जैसे शीतोष्ण प्रजाति के वृक्षों के प्राकृतिक जैविक चक्र में बदलाव देखा जा रहा है।

वनस्पति वैज्ञानिकों का कहना है कि बुरांस का पुष्पन तापमान, आर्द्रता और वर्षा के संतुलन पर निर्भर करता है। जब सर्दियों में पर्याप्त ठंड नहीं पड़ती और बसंत जैसी परिस्थितियां समय से पहले बन जाती हैं, तो वृक्ष असामयिक रूप से फूलने लगते हैं। यह परिवर्तन केवल बुरांस तक सीमित नहीं है, बल्कि फ्यूली, आड़ू, खुबानी सहित अन्य पर्वतीय वनस्पतियों में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिल रहा है। पर्यावरणविदों के अनुसार समय से पहले फूल खिलने से परागण की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इस अवधि में परागण करने वाले कीट और पक्षी पूरी तरह सक्रिय नहीं होते, जिससे बीज उत्पादन, पौधों के पुनरुत्पादन और आगे चलकर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसके फूलों से पारंपरिक पेय, औषधियां और स्थानीय उत्पाद तैयार किए जाते हैं। जलवायु परिवर्तन पर शोध कर रहीं प्रोफेसर कविता भट्ट शैलपुत्री ने कहा कि इस तरह के संकेतों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

वहीं मदमहेश्वर घाटी के प्रगतिशील काश्तकार बलवीर राणा का कहना है कि एक दशक पूर्व तक बुरांस के फूल चौत्र मास के शुभारंभ पर अपने पूर्ण यौवन में होते थे, लेकिन पिछले करीब दस वर्षों से जलवायु परिवर्तन के कारण बुरांस का फूल लगातार तय समय से पहले दिखाई देने लगा है, जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# एटीएस सेंटर में फिटनेस करने के आदेश का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पर्वतीय टैक्सी मैक्सी महासंघ उत्तराखंड ने परिवहन विभाग के ओर से निकाले गये वाहनों की फिटनेस स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) सेंटरों में ही कराएं जाने वाले आदेश का विरोध किया है।

वाहन स्वामियों का कहना है कि एटीएस सेंटर श्रीनगर सहित आस पास के जिले में न होने के चलते वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पडेगा। इस संदर्भ में पर्वतीय टैक्सी/मैक्सी महासंघ उत्तराखंड ने गढ़वाल सांसद अनील बलूनी से मिलकर एटीएस सेंटर में वाहनों कि फिटनेस कराने के एवज में मैनुअल फिटनेस कराने की बात रखी। साथ ही परिवहन विभाग के आदेश को वापस लेने कि मांग कि। गढ़वाल सांसद अनील बलूनी को दिए ज्ञापन में महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, सचिव महावीर बहुगुणा ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आदेशित किया गया है कि समस्त वाहनों की फिटनेस एटीएस सेंटरों में की जायेगी एवं समस्त परिवहन कार्यालयों में फिटनेस बन्द कर दी गई है। परिवहन विभाग के निर्देशानुसार इन्हीं सेंटरों में फिटनेस करानी होगी।

# अवैध दवाओं की बड़ी बरामदगी

## एसओटीएफ व औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोर मालिक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीएम पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल व स्वास्थ्य सचिव के सशक्त निर्देशन में कुमाऊँ पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध निरंतर योजनाबद्ध एवं प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कुमाऊँ परिक्षेत्र की एसओटीएफ टीम द्वारा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध एक और निर्णायक कठोर एवं कानून का स्पष्ट संदेश देने वाली कार्यवाही को अंजाम देते हुए तस्करों पर करारा प्रहार किया गया। कुमाऊँ पुलिस का यह अभियान न केवल नशे के सौदागरों के विरुद्ध चेतावनी है बल्कि समाज, विशेषकर युवाओं को नशे की गिरफ्त से मुक्त करने की दिशा में एक मजबूत संकल्प का परिचायक भी है। बता दें



पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र नैनीताल के निर्देशन में कुमाऊँ पुलिस, एसओटीएफ तथा औषधि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अवैध दवाओं के विरुद्ध प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त क्रम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला मय हमराही प्रभारी एसओटीएफ कुमाऊँ परिक्षेत्र मय टीम के साथ थाना किच्छा (जिला यूएसनगर) क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बंडिया स्थित मेडिकल स्टोर्स की चेकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान ग्राम बंडिया रोड पर स्थित संतोष मेडिकल स्टोर की जांच की गई। मेडिकल स्टोर के अंदर बने रैकों की तलाशी लेने पर संदिग्ध दवाइयाँ पाई गईं। मौके पर मौजूद व्यक्ति से परिचय पूछने पर उसने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र हेमराज निवासी छिनकी दरऊ किच्छा (जिला ऊधमसिंहनगर) उम्र 26 वर्ष बताया। वहां से कुल 270 अर्थात 2160 कैप्सूल मौके से बरामद किए गए। आरोपीके विरुद्ध कोतवाली किच्छा में 08/22 एनडीपीएस एक्ट 1982 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। संयुक्त टीम में एसटीओएफ कुमाऊँ परिक्षेत्र, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला, कोतवाली किच्छा पुलिस उपनिरीक्षक दीपक जोशी तथा हेड कांस्टेबल कुलदीप शामिल रहे।

# वक्फ बोर्ड व राज्य सरकार को हाई कोर्ट का नोटिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के नामित सदस्यों की सदस्यता को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाशकालीन न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की पीठ ने वक्फ बोर्ड व राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 मार्च मंगलवार की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी नसीम अहमद वारसी ने याचिका दायर कर कहा है कि वक्फ बोर्ड में 11 सदस्य होते हैं जिनमें 5 सदस्य नामीत और 6 सदस्य निर्वाचित होते हैं। निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल नए बोर्ड या कार्यकारिणी के गठन तक होता है जबकि नामित सदस्यों का नहीं। उनके स्थान पर नए सदस्यों को नियुक्ति की जाती है। वक्फ बोर्ड का चुनाव 2022 मे हुआ था तब से नामित सदस्य अपने पद पर बने हुए हैं जो कि संसोधित नियमावली के विरुद्ध है लिहाजा उनको पद से हटाया जाए, यही नहीं वक्फ बोर्ड संसोधित नियमावली 2025 की धारा 14 भी यह कहती है कि नामित सदस्यों का कार्यकाल स्थायी नहीं है। निवार्चित सदस्य ही बोर्ड के सदस्य तब तक बने रहेंगे जब तक नए बोर्ड का गठन नहीं हो जाता। शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की तरफ से कहा गया कि याचिका पोषणीय नहीं है इसलिए इसे खारिज किया जाए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार व वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

# माओवादी पोस्टर लगाने के मामले में 9 साल बाद दो आरोपी बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** धारी तहसील आगजनी एवं माओवादी गतिविधियों से जुड़े मामले में नौ वर्ष बाद न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा की अदालत ने अल्मोड़ा निवासी खीम सिंह बोरा और भास्कर पांडे को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह असफल रहा। अभियोजन के अनुसार 1 फरवरी 2017 की रात धारी तहसील परिसर में खड़ी एक सरकारी जिप्सी में आग लगा दी गई थी साथ ही धारी बाजार, पुरानी शराब भट्टी और ब्लॉक कार्यालय क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन भारतीय कमयुनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े पोस्टर और नारे लगाए जाने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में खीम सिंह बोरा (जिसके कई उपनाम बताए गए) और भास्कर पांडे उर्फ भुवन को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ यूएपीए की धारा 10/20 आईपीसी की धारा 436, लोक संपति क्षति निवारण अधिनियम तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। घटना के चार वर्ष बाद 18 मई 2021 को चार्जशीट दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 19 गवाह पेश किए और 17 भौतिक साक्ष्य (माओवादी पोस्टर व झंडे) न्यायालय में प्रदर्शित किए। न्यायालय ने अपने 15 पन्नों के फैसले में कई अहम कमियों की ओर इशारा किया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि आरोपियों के विरुद्ध कोई भी विश्वसनीय मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य मुहैया नहीं है। केवल संदेह या पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर दोषसिद्धि संभव नहीं है। इस फैसले के बाद एक बार फिर यह प्रश्न सामने आया है कि यूएपीए जैसी गंभीर धाराओं में वर्षों तक मुकदमे झेलने के बाद निर्दोष साबित हुए लोगों की सामाजिक, मानसिक और आर्थिक क्षति की भरपाई कैसे होगी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुभाष जोशी ने शुरू से ही मामले को साक्ष्यविहीन बताया था।

## मारपीट मामले में दोनों पक्षों पर प्राथमिकी

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती वाटर फॉल क्षेत्र में दो पक्षों के विवाद का मामला सामने आया है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी है। जानकारी के अनुसार स्टाफ हाउस निवासी त्रिलोक सिंह ने शिकायत करते हुए कहा है कि वह टैक्सी चालक है। बीते 18 जनवरी को दिन में डेढ़ बजे वह अपने बेटे हर्षित व उसके दोस्त कृष्णा के साथ वाटर फॉल घूमने के लिए गया था। वाटरफाल में एक स्कूटी व बाइक के पास तीन से चार लड़के व एक लड़की खड़ी थी। इस दौरान उसने अपनी कार पीछे की तो पीछे खड़े लड़कों ने कार में पीछे से जोर से हाथ मारा। विरोध करने पर वह गाली गलौच व मारपीट में उतर आए। इस दौरान उन्होंने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। वहीं दूसरे पक्ष से काशीपुर निवासी इरम ने शिकायत करते हुए कहा है कि वह अपने भतीजे फैजान व भांजे साहिल व सुहेल के साथ वाटर फॉल आए थे जहां टैक्सी चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार में बैठे सभी लोग अभद्रता करने लगे। साथ ही उसका हाथ पकड़ लिया और शरीर को छूंने लगे। भतीजों ने किसी तरह उसको बचाया तो वह उनको पीटते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसमें से एक व्यक्ति ने उसके भतीजे को लोहे के कड़े से सिर पर वार किया जिस वह चोटिल हो गया। जिसको बीडी पांडे अस्पताल में उपचार दिया गया। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर एक पक्ष के मल्लीताल निवासी शंकर, बबलू, कृष्णा व एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है वहीं दूसरे पक्ष के अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## उपजिलाचिकित्सालय बनाने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सीएम की घोषणा के अनुरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ को उपजिलचिकित्सालय बनाने की कवायद शुरू हो गई है। शनिवार को राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहमी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुमार आदित्य एवं अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर प्रस्तावित भूमि परीगांव देवनाई का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री बिष्ट ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर दौरे के दौरान क्षेत्र में उप जिला चिकित्सालय की घोषणा की थी। राज्य की सरकार की तत्परता के चलते जल्द क्षेत्र में उप जिला चिकित्सालय बनाया जाएगा।

## प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल को रजिस्ट्रार से नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के पंजीकरण का नवीनीकरण शनिवार को उपनिबंधक कार्यालय में किया गया। उप निबंधक कार्यालय के रजिस्ट्रार सूर्यप्रताप सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों को विधिवत नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण ने कहा कि प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल वर्ष 1985 से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर व्यापारियों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन की स्थापना करने वाले वरिष्ठ नेता आज भी मार्गदर्शक के रूप में संगठन से जुड़े हुए है, जिनके अनुभव और संघर्ष से संगठन एक सशक्त वट वृक्ष के रूप में स्थापित हुआ है। नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, रणनीति सलाहकार दीपक माहेश्वरी और युवा अध्यक्ष कुंदन रावत सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# यूजीसी बिल को शिल्पकार सभा का समर्थन

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कड़ाई से लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा नैनीताल ने शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भेजा, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा पारित उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन विनियम 2026 को सख्ती से लागू करने की अपील की गई।



सभा ने इस विनियम को सामाजिक न्याय, समानता और समावेशी शिक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए भारत सरकार का धन्यवाद किया। ज्ञापन में सभा ने यह भी स्पष्ट किया कि यह विनियम अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग और अन्य वंचित वर्गों को समान अवसर और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। साथ ही, यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 46 में निहित सामाजिक न्याय की भावना को सुदृढ़ करता है। शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्वीकार किया है कि पिछले पांच वर्षों में उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव की घटनाओं में 118.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे इस विनियम की आवश्यकता और भी स्पष्ट होती है। दुर्भाग्यवश, कुछ सवर्ण समाज के संगठनों द्वारा इस विनियम का विरोध किया जा रहा है। सभा ने यह स्पष्ट किया कि बढ़ते जातिगत भेदभाव को देखते हुए इस विनियम को वापस लेना वंचित वर्गों के साथ अन्याय होगा। सभा ने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में समता और समानता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त निगरानी, शिकायत निवारण और दंडात्मक तंत्र की आवश्यकता है। ज्ञापन में सभा ने विश्वास जताया कि राष्ट्रपति इस ऐतिहासिक निर्णय की रक्षा करेंगे और सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को और सुदृढ़ करेंगे। ज्ञापन देने वालों में शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मंत्री अनिल गोरखा, और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### डा.अलंकार महतोलिया बी ग्रेड आर्टिस्ट घोषित



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के संगीत विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. अलंकार महतोलिया को भारत सरकार के सूचना विभाग द्वारा बी ग्रेड आर्टिस्ट घोषित किया गया है। बता दें डा. अलंकार गायक हैं तथा नेट (जेआरएफ) तथा (यू सेट) के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी हैं तथा संविदा में तीन वर्षों से संगीत विभाग डीएसबी परिसर कुमाऊं यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। दूसरी ओर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार तथा संगीत विभाग के डा. रवि जोशी, डा. गगन होती, डा. अशोक कुमार तथा डा. संध्या समेत डा. वाईपीएस पांगती रिसर्च फाउंडेशन तथा एसएमडीसी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### यो पहाड़ फाउंडेशन ने कराया खिचड़ी भोज

**नैनीताल।** यो पहाड़ फाउंडेशन ने नगर के नव सांस्कृतिक सत्संग समिति के साथ मिलकर शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जिसमें मास की खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। बता दें इस कार्यक्रम से पहले सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसके पूर्ण होने के बाद मास की खिचड़ी, अचार तथा दही और घी के रूप में प्रसाद बांटा गया। सभी उपस्थित लोगों ने इस प्रसाद को आनंद के साथ ग्रहण किया। भंडारे के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और पहाड़ी हिंदू परंपराओं को जीवंत रखने का संदेश दिया गया। समिति के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों जिनमें वार्ड के पालिका सभासद जीनू पांडे समेत गौरव जोशी, यो पहाड़ फाउंडेशन टीम के अध्यक्ष संतोख बिष्ट, सचिव सागर सोनकर तथा बाकी टीम सदस्यों ने मिलकर सेवा की। सभी ने आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

### देवीधूरा में तेंदुए का आतंक, वन विभाग की गश्त

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा क्षेत्र में तेंदुए की दहशत की सूचना के बाद वन विभाग ने गश्त शुरू कर दी है। साथ ही लोगों को तेंदुए से सुरक्षित रहने की सलाह भी दी जा रही है। बता दें कि इन दिनों नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा गांव में तेंदुए की दस्तक से लोगों की रातों की नीद उड़ी हुई है। बीते दो दिनों से लगातार तेंदुआ गांव के बीच घरों के आसपास गुर्रा रहा है। लोगों ने कई बार घरों के आसपास ही तेंदुए को देखा है। जिसके बाद से गांव में भय का माहौल बना हुआ है, वहीं सुबह सवरे दूध और सबजी बेचने वालों का घर से निकलना मुस्किल हो गया है। शिकायत के बाद अब वन विभाग की ओर से गांव में गश्त की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में गश्त की जा रही है। साथ ही लोगो को देर रात घर से बाहर न जाने और रात को घर के आसपास लाइट जलाने की अपील की जा रही है। साथ ही छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है।

### खुर्पाताल पहाड़ी के जंगल में आग धधकी

**नैनीताल।** बीते दिनों बारिश के बाद भी खुर्पाताल के समीपवर्ती पहाड़ी के जंगल में आग धधक गई। विभाग की ओर से आग पर काबू पाने का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि बीते तीन दिन पूर्व नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में पूरी रात बारिश हुई थी। जिसके चलते वन विभाग ने राहत की सांस ली थी लेकिन शुक्रवार देर शाम खुर्पाताल के समीपवर्ती पहाड़ी से लगे जंगल क्षेत्र में आग लग गई। देखते ही देखते आग धधकी तो जंगल में फैल गई। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि टीम आग बुझाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। बताया कि जंगल में आग लगाने वालों का पता लगाया जा रहा है।

### नैनीताल में मंगलवार को बदलेगा मौसम

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार यानी 3 फरवरी को बारिश के साथ मौसम बदलने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ हल्की से मध्यम वर्षा और ऊंची चोटियों में हिमपात लेकर आ रहा है। यह पश्चिमी विक्षोभ रविवार आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली व पिथौरागढ़ व बागेश्वर में अधिक असरकारक रहने जा रहा है जबकि मंगलवार यानी 3 फरवरी को नैनीताल समेत देहरादून और चंपावत में प्रभावी रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। राज्य मौसम विभाग के निदेशक डा. सीएस तोमर ने बताया कि यह कमजोर पश्चिमी विक्षोभ है जिसके तीन हजार मीटर से अधिक ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात की संभावना रहेगी जबकि सीमित हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। इधर नैनीताल में शनिवार को मौसम बेहद सुहावना बना रहा। पूरे दिन धूप खिली रही। सैलानियों ने मौसम के साथ नगर के रमणीक पर्यटन स्थलों की सैर की। इस वीकेंड में सैलानियों की आमद बहुत कम हो चली है।

### चन्द्रावती महाविद्यालय में भारत बैद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तराखण्ड, द्वारा भारत बैद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा-2026 आयोजित हुई, परीक्षा में 51 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 45 उपस्थित तथा 06 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, परीक्षा में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि के रूप में शैफाली पाण्डे प्रधानाचार्या, तारावती सरोजनी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज काशीपुर उपस्थित रहीं। परीक्षा की नोडल अधिकारी डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. वन्दना सिंह के नेतृत्व में उक्त परीक्षा शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त, परीक्षा प्रभारी डॉ. रमा अरोरा एवं समस्त परीनिरीक्षक एवं मूल्यांकन समिति उपस्थित रहे।

# ब्लैक पैंथर ने जीती ट्रॉफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट स्थित रामलीला मैदान में आयोजित जे पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ब्लैक पैंथर हल्द्वानी द्वारा मेजबान टीम ज्योलीकोट क्रिकेट को बड़ी आसानी से हराकर ट्राफी और 25 हजार की नकद धनराशि पर कब्जा जमा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप गोस्वामी तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हेम चंद्र आर्या तथा समाजसेवी डा. ललित जोशी द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने आयोजनकर्ताओं, युवाओं तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि खेल प्रतियोगिताएं हमें आपसी सहयोग, प्रेमभावी और जुझारू बनाते हैं। एक पखवाड़े से चल रही प्रतियोगिता में बलैक पैंथर हल्द्वानी और ज्योलीकोट के मध्य मुकाबले में पहले खेलते हुए ज्योलीकोट की पूरी टीम मात्र 60 रन में सिमट गई जबकि प्रतिद्वंदी टीम ब्लैक पैंथर ने मात्र चार ओवर बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में हेमंत को मैन ऑफ द सिरीज जबकि नीरज को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वहीं उम्मेद को



फाइनल मुकाबले का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। निर्णायकों की टीम में भरत रजवा, मुकेश बोरा तथा मनोज बर्गली शामिल थे। आयोजक दल के प्रमुख हरीश लाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग पर आभार व्यक्त किया। हर्षित जोशी, विक्रम धामी, सुमित जोशी, विजय पीटर तथा पवन बरगली सहित अन्य युवाओंस्थानीय लोगों ने भी हर संभव सहयोग किया।

# रोज़ नया तुगलकी फरमान न थोपे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल ने प्रान्तीय आह्वान पर शनिवार को प्रथम चरण के आंदोलन के तहत गेट मीटिंग कार्यक्रम के अंतिम दिन कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक कार्यालय में गेट मीटिंग की गई। गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मियों ने प्रतिभाग कर सरकार को अपनी एकजुटता का एहसास करायाए तथा 18 सूत्री मांगें पूर्ण होने तक एकजुट होकर संघर्ष करने तथा सरकार से कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों को यथा शीघ्र मंजूर के जाने का आह्वान किया गया।




18 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों की गेट मीटिंग

परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों तथा विकास भवन भीमताल में सफल गेट मीटिंगों के पश्चात शनिवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन में कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन गेट मीटिंग कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया तथा आंदोलन के द्वितीय चरण के लिए 7 फरवरी शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की रणनीति पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। विश्वविद्यालय में आयोजित गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए प्रांतीय मुख्य संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा वर्तमान परिस्थितियों में कर्मचारी वर्ग को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। सरकार द्वारा दिन प्रतिदिन तुगलकी फरमान जारी कर कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। बैठक में परिषद के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश कांडपाल ने कहा कि विगत 15 जनवरी से आंदोलनरत है परंतु अभी तक सरकार की तरफ से कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है। जिससे जिससे कर्मचारियों में निराशा एवं आक्रोश दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। गेट मीटिंग में कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डा. मोहित सनवाल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूर्णतः न्यायोचित हैं। समस्त निगम, निकाय तथा विश्वविद्यालय, राजकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा अशासकीय विद्यालयों सहित अन्य सामान्य प्रकृति के कार्मिकों को राज्य कर्मी की भांति समस्त सुविधाएं अनुमन्य करने का निर्णय सरकार द्वारा यथा शीघ्र करना चाहिए। गेट मीटिंग में जगदीश चंद्र, शैलजा वर्मा, संजीव राम, रंजीत, दीपक बिष्ट, गणेश सिंह, कुलदीप, अभिराम पन्त, पूरन पाठक, यशवंत सिंह, नरेंद्र सिंह नैनवाल, अकरम अली, बिमला बिष्ट, एलडी आर्या, इंदर आर्या, भास्कर, हिमांशु रजवार, जगदीश सती, दीपक देव, दीपक जोशी, दीक्षा महाजन, देवेंद्र सिंह रावत तथा महेंद्र पाल, तारा रैखोला, जगदीश कपकोटी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# तकनीकी प्रगति, भविष्य की दिशा पर मंथन

## ग्राफिक एरा व आर्यभट्ट प्रेक्षणीय संस्थान की संयुक्त कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पांच दिवसीय कार्यशाला प्रेक्षणीय विज्ञान में तकनीकी प्रगति वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की दिशा का समापन समारोह ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर तथा आर्यभट्ट प्रेक्षणीय विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एरीज) नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में प्रेक्षणीय विज्ञान से जुड़े नवीन तकनीकी विकासों पर गहन शैक्षणिक एवं अनुसंधानपरक मंथन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. डा. पुष्पा नेगी द्वारा पिछले पाँच दिनों की गतिविधियों के संक्षिप्त प्रतिवेदन से हुई जिसमें तकनीकी सत्रों, संस्थागत भ्रमणों एवं सहयोगात्मक चर्चाओं के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत दोनों संस्थानों के निदेशकों द्वारा समापन संबोधन दिए गए। एरीज



निदेशक डा. मनीष नाजा ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के साथ चल रही संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में नियमित रूप से ऐसे संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. कर्नल एके नायर ने कहा कि ग्राफिक एरा और एरीज के बीच पिछले वर्षों में आपसी विश्वास एवं अकादमिक सामंजस्य लगातार सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने भीमताल परिसर में आयोजित तृतीय बीना कार्यशाला एवं यूआरएसआई सम्मेलन के बाद मजबूत हुए सहयोग का उल्लेख किया। एरीज के वैज्ञानिक एवं इंजीनियरिंग डिवीजन के अध्यक्ष डा. बृजेश कुमार ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के बी टेक छात्रों के लिए इंटर्नशिप अवसरों तथा संकाय स्तर पर संयुक्त अनुसंधान की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन एरीज देवस्थल परिसर के प्रभारी वैज्ञानिक डा. सौरभ शर्मा के संबोधन व धन्यवाद ज्ञापन एवं संकाय सदस्यों की प्रतिक्रिया के साथ हुआ।

## तीन माह से नहीं मिला वेतन, रोडवेजकर्मी आंदोलन को मजबूर

**काशीपुर।** पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर रोडवेज कर्मियों में आक्रोश है। रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के मंत्री पंकज भटनागर ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि इससे उनके ऊपर उधारी का बोझ बढ़ रहा है। बच्चों की फीस, घर का खर्च चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि जल्द निगम कर्मचारियों के वेतन के संबंध में प्रबंधन ने कोई फैसला नहीं लिया तो वह आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# बहुउद्देशीय शिविर में राशनकार्ड धारकों की समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के न्याय पंचायत रामगढ़ के अंतर्गत न्याय पंचायत नथुआखान में बहुउद्देशीय शिविर मेंखाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग कर जनता को विभाग से संबंधित जानकारी दी गई। इस मौके पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षकों की तैनाती न होने के कारण अपने नियमित कार्य के अतिरिक्त उन्हें पूर्ति निरीक्षकों से संबंधित कार्य भी करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि विकास रामगढ़, भीमताल और बेतालघाट में किसी भी पूर्ति निरीक्षक की तैनाती न होने के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कहा कि



बहुउद्देशीय शिविर में सबसे अधिक आवेदन राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त होते हैं। उदाहरण के तौर पर रामगढ़ विकास खंड के अंतर्गत ही बहुउद्देशीय शिविर न्याय पंचायत बिचखाली में 34 आवेदन में से 32 का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।प्यूरा में कुल 18 में 16, न्याय पंचायत नथुआखान में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 59 का मौके पर ही निस्तारण किया गया इसी प्रकार शनिवार को रामगढ़ में आयोजित शिविर में राशन कार्ड संबंधी कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 59 आवेदन पत्र का निस्तारण मौके पर ही किया गया शेष आवेदन पत्रों में कार्यवाही गतिमान है। शिविर समाप्त होने के बाद भी खाद्य विभाग के अधिकारी अपने कार्य में जुटे रहे जिससे क्षेत्रीय जनता लाभान्वित हुई।

# सीएम ने कोटद्वार को दी 326 करोड़ की योजनाओं की सौगात

■ मुख्यमंत्री ने किया 61 योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में शनिवार को आयोजित बर्ड फेस्टिवल में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के विभिन्न विकासखंडों के लिए करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं की सौगात दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 61 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 21 योजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा, जिनकी कुल अनुमा. नित लागत 8,172.78 लाख रुपये रही। वहीं 40 योजनाओं का लोकार्पण किया गया, जिनकी कुल लागत 24,439.55 लाख रुपये रही। इस प्रकार कुल 32,612.33 लाख रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास संपन्न हुआ।मुख्यमंत्री ने कोटद्वार क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानक. ारी देते हुए कहा कि बस टर्मिनल, आयुष चिकित्सालय, खोह नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए निर्देशित एसटीपी की स्थापना, मालन नदी पर 26 करोड़ रुपये से अधिक लागत से पुल निर्माण तथा कोटद्वार-नजीबाबाद फोर लेन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए घोषणाएँ करते हुए कहा कि हल्दूखाता में नगरीय पेयजल योजना की खनन प्रभावित जीर्ण शीर्ण पाइपलाइन का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में दो कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, विज्ञान कक्ष, कंप्यूटर कक्ष तथा चहारद. ीवारी का निर्माण कराया जाएगा। कोटद्वार में खोह नदी के दायें तट पर स्थित जीतपुर गांव में बाढ़ सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झंडीचौड़ में 108 एम्बुलेंस सेवा की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक ऋतु खण्डूरी भूषण, विधायक लैंसडाउन महंत दिलीप सिंह रावत, उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेद्र अणथ्वाल, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, मेयर नगर निगम कोटद्वार शैलेंद्र सिंह रावत, एसएसपी सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत आदि मौजूद थे।

## जैव विविधता, प्रकृति और जीवन के प्रति संवेदनशीलता का उत्सव : डीएम

जिलाधिकारी ने बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल में उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जैव विविधता, प्रकृति और जीवन के प्रति संवेदनशीलता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल अपने आप में एक अनूठी पहल है, जो न केवल पक्षियों के संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार भी खोलता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कोटद्वार क्षेत्र को पर्यटन के नए आयाम मिलेंगे और यह क्षेत्र प्रकृति प्रेमियों की पहचान बनेगा। जिलाधिकारी ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि जब भी हम किसी पक्षी को खुले आकाश में उड़ते हुए देखते हैं, तब हमें स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ समझ में आता है। स्वतंत्रता केवल मनुष्य का अधिकार नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों और सम्पूर्ण प्रकृति का भी उतना ही मौलिक अधिकार है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह फेस्टिवल आने वाले समय में प्रकृति संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम बनेगा और जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नयी दिशा देगा।

# यमुनोत्री विधानसभा में चुनावी सरगर्मियां तेज

■ संभावित प्रत्याशियों ने बढ़ाई सक्रियता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ /उत्तरकाशी।** यमुनोत्री विधानसभा सीट पर भले ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी लगभग एक वर्ष का समय शेष हो, लेकिन चुनाव लड़ने की चाह रखने वाले संभावित प्रत्याशियों की गतिविधियां अभी से तेज हो गई हैं। क्षेत्र में लगातार बढ़ती राजनीतिक हलचल से साफ संकेत मिल रहे हैं कि मिशन-2027 को लेकर सभी दावेदार मैदान में उतरने की तैयारी में जुट गए हैं।

हालांकि ताज किसके सिर सजेगा, यह अभी भविष्य के गर्भ में छिपा है, लेकिन कड़ाके की ठंड के इस मौसम में भी संभावित प्रत्याशियों को चुनावी गर्मी का अहसास होने लगा है। यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में सिटिंग विधायक संजय डोभाल, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, दायित्वधारी राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक विजल्वाण तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी सक्रिय रूप से जनसंपर्क और चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

इन सभी संभावित प्रत्याशियों की उपस्थिति अब स्कूलों के कार्यक्रमों से लेकर सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों तक में प्रमुखता से देखी जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रहे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी से राजनीतिक माहौल धीरे-धीरे गर्माने लगा है।

भाजपा की ओर से प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान के जनसंवाद कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही। इसी प्रकार अन्य दावेदार भी अलग-अलग माध्यमों से जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं।

# गढ़वाल विवि के छात्रों के लिए आई-कार्ड अनिवार्य

■ नियंता मंडल की पहली बोर्ड बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के प्रोक्टोरियल बोर्ड (नियंता मंडल) के नवगठित मंडल की पहली बैठक मुख्य नियंता कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन, सुरक्षा तथा शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में सभी छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत वैध परिचय पत्र (आई-कार्ड) अपने पास रखना अनिवार्य होगा। जिसे नियंता मंडल के सदस्यों द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा। इस निर्णय को परिसर में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। साथ ही नियंता बोर्ड ने विश्वविद्यालय में सुरक्षित, स्वच्छ एवं सकारात्मक माहौल सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी योजनाओं पर भी सहमति जताई। इनमें परिसर में प्रवेश एवं आवागमन को नियंत्रित करने के लिए पहचान-पत्र की सख्त व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी निगरानी, नियमित सुरक्षा गश्त तथा एंटी-रैगिंग एवं महिला सुरक्षा तंत्र को सशक्त बनाने जैसे उपाय शामिल हैं। साथ ही छात्रों के लिए त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली और परामर्श (काउंसलिंग) सुविधाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार, उप नियन्ता प्रो. ममता आर्य, डॉ. सुरेंद्र मीणा, सहायक नियंता डॉ. हिरामण रॉय, डॉ डीके राणा, डॉ. मनीषा निगम, डॉ. आलोक सागर गौतम , डॉ. जीतेन्द्र कुमार, डॉ. विनीत मौर्या, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. नितेश बौंठियाल, डॉ. पुनीत वालिआ, डॉ. दिनेश चौधरी, डॉ कमाल अहमद, डॉ. गाँधी सिंह, डॉ. कविता भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# सीएम से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ कहा, कांग्रेस योजनाओं को सीएम के सामने रखना चाहती थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार की ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शांतिपूर्वक मुलाकात करने जा रहे कांग्रेस नेताओं और युवाओं को प्रशासन द्वारा पहले ही जगह-जगह नजरबंद व गिरफ्तार कर लिया गया।

कांग्रेस का कहना है कि यदि राज्य में सब कुछ ठीक चल रहा है, तो फिर मुख्यमंत्री से मिलने से पहले ही यह नौबत क्यों आ रही है ।

कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री से संवाद के माध्यम से कोटद्वार की उन समस्याओं को सामने रखना चाहते थे, जिन पर वर्षों से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकारों द्वारा कोटद्वार के लिए मेडिकल कॉलेज, कण्वाश्रम विकास और टाइगर सफारी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित की गई थीं और इनके लिए धनराशि भी स्वीकृत हो चुकी थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इन योजनाओं को आगे बढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेसजन मुख्यमंत्री से मिलना चाहते थे।

## एक नजर .......

### पाक कला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विकासखंड के अंतर्गत राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय आमणी में आयोजित भोजन माता पाक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की भोजन माताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाना तथा भोजन माताओं के कार्य को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतिभागियों द्वारा पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं स्वच्छ भोजन तैयार कर प्रस्तुत किया गया, जिसकी निर्णायक मंडल द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी महोदय डॉ. भास्कर चंद्र बेबनी ने कहा कि उनके योगदान से विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपस्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर जसपाल सिंह, प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद भट्ट, संकुल प्रभारी आमणी शैलेश सयाना, बीआरपी शुभम जरदारी, अभिनव नौटियाल, इंद्रदत्त डोभाल, जगधार शुभम, राकेश कुमार, जितेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### रियलमी ने पी 4 पॉवर 5जी किया पेश

**देहरादून।** रियलमी ने आज रियलमी पी4 पॉवर 5जी पेश किया। यह स्मार्टफोन बैटरी इनोवेशन को एक नए आयाम में ले गया है। एक बड़ी टेक्नोलॉजी प्रगति के साथ इसमें उद्योग की पहली 10,000 एमएएच से अधिक क्षमता की बैटरी दी गई है। इसलिए रियलमी पी4 पॉवर 5जी भारत की पहली 10,001 एमएएच की बैटरी के साथ एंड्योरेंस के मामले में नए मानक स्थापित कर रहा है। साथ ही, यह पर्ल एकेडमी के साथ सह निर्मित जेन-जी इंस्पायर्ड डिजाईन और फ्लैगशिप लेवल की परफॉर्मेंस भी प्रदान कर रहा है। यह स्मार्टफोन पी सीरीज का अभी तक का सबसे महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन है, जो युवाओं को लंबे समय तक पॉवर, स्मूथ परफॉर्मेंस और आकर्षक विज़ुअल आइडेंटिटी प्रदान करता है।

### ल्वाली में बाल सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सतपुली।** जिला परिवीक्षा अधिकारी व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देशन में जनता इंटर कॉलेज एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, ल्वाली में बाल सुरक्षा, बाल अधिकार एवं डिजिटल सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा तंत्र एवं सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सजग बनाना रहा। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की सदस्य सुनीता भट्ट ने पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत प्रक्रिया एवं पीड़ित बच्चों के संरक्षण से संबंधित जानकारी सरल भाषा में दी। प्रज्ञा नैथानी द्वारा मंच संचालन करते हुए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की 24ञ7 सेवा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। वहीं संरक्षण अधिकारी सागर लिंगवाल ने बच्चों को साइबर अपराधों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं ऑनलाइन सतर्कता के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र प्रसाद जुगराण सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, सामाजिक कार्यकर्ता सूरज कुमार एवं केस वर्कर धर्मेंद्र उपस्थित रहे।

### दुगड्डा की न्याय पंचायत हर्षू में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**कोटद्वार ।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड दुगड्डा की न्याय पंचायत हर्षू में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 25 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत 09 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जबकि 02 लोगों ने विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र भरे ।नोडल अधिकारी व क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी लैंसडौन उत्तम कुमार ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान प्राप्त हुई शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शिविर में कृषि, समाज कल्याण, उद्यान, वन, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन, खाद्य एवं पूर्ति, बाल विकास सहित कुल 23 विभागों ने सहभागिता कर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं से स्थानीयों को लाभान्वित किया है। शिविर में कुल 25 शिकायतें दर्ज हुईं, 09 पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. सतीष को दी भावभीनी विदाई

■ डॉक्टरों ने डॉ. सतीष के कार्यों को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल स्थित ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. सतीश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

डॉ. सतीश कुमार ने वर्ष 1992 में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, भागलपुर से एमबीबीएस तथा वर्ष 1997 में पटना मेडिकल कॉलेज से पैथोलॉजी में एमडी की उपाधि प्राप्त की। उनकी सार्वजनिक सेवा की शुरुआत सहायक आचार्य के रूप में किशनगंज मेडिकल कॉलेज से हुई। वर्ष 1998 में उनका स्थानांतरण दूरस्थ जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ हुआ, जहाँ उन्होंने वर्ष 2005 तक अपनी सेवाएं दीं। पिथौरागढ़ में रहते हुए डॉ. सतीश कुमार ने जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इसके बाद हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय बेस चिकित्सालय श्रीनगर गढ़वाल में भी उन्होंने रक्तकोष की स्थापना कर उसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया।

## मारपीट मामले पर दिल्ली के सात आरोपी को मिली जमानत

**श्रीनगर।** बीते गुरुवार को दिल्ली के पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच हुए मारपीट मामले में सातों आरोपियों को एसडीएम कोर्ट में पेंश किया गया। जहां सातों आरो. पियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरूवार को अदिति स्मृति न्यास के सम्मुख हुए मारपीट मामले में सातों आरो. पियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया था। बताया कि सात को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कोतवाल कुलदीप कुमार ने बताया कि अभी मामले के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहें है।

# एटीएस सेंटर में फिटनेस करने के आदेश का विरोध

■ श्रीनगर में वाहन संचालक गढ़वाल सासंद से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पर्वतीय टैक्सी मैक्सी महासंघ उत्तराखंड ने परिवहन विभाग के ओर से निकाले गये वाहनों की फिटनेस स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) सेंटरों में ही कराएं जाने वाले आदेश का विरोध किया है।

वाहन स्वामियों का कहना है कि एटीएस सेंटर श्रीनगर सहित आस पास के जिले में न होने के चलते वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पडेगा। इस संदर्भ में पर्वतीय टैक्सी/मैक्सी महासंघ उत्तराखंड ने गढ़वाल सांसद अनील बलूनी से मिलकर एटीएस सेंटर में वाहनों कि फिटनेस कराने के एवज में मैनुअल फिटनेस कराने की बात रखी। साथ ही परिवहन विभाग के आदेश को वापस लेने कि मांग कि। गढ़वाल सांसद अनील बलूनी को दिए ज्ञापन में महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, सचिव महावीर बहुगुणा ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आदेशित किया गया है कि समस्त वाहनों की फिटनेस एटीएस सेंटरों में की जायेगी एवं समस्त परिवहन कार्यालयों में फिटनेस बन्द कर दी गई है। परिवहन विभाग के निर्देशानुसार इन्हीं सेंटरों में फिटनेस करानी होगी। कहा कि एटीएस सेन्टर पहाड़ी क्षेत्र से काफी दूर होने के कारण वाहन स्वामियों को अत्यधिक परेशानी एवं अधिक आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। कहा कि इस सम्बन्ध में कुमाऊँ महासंघ से जुडे वाहन स्वामियों ने सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा के सम्मुख इस समस्या को उठाया था। उन्होंने गढ़वाल सासंद से प्रत्येक परिवहन कार्यालय में एटीएस सेन्टर में पहले की तरह मैनुअल फिटनेस कराने और ब्ला-ब्ला निजी ऐप को उत्तराखण्ड में प्रतिबन्धित किए जाने की मांग की है।

# बल्लियों के सहारे नदी पार कर रहे 'तल्डा' के लोग

■ जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को हैं मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला /उत्तरकाशी।** नौगांव विकासखंड के तल्डा गांव के ग्रामीण कमल नदी के तेज बहाव को लड़की की बल्लियों के सहारे पार करने को मजबूर हैं।

गौरतलब है कि उत्तराखंड राज्य बने 25 वर्ष और देश को आजाद हुए 77 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन जनपद उत्तरकाशी के नौगांव विकासखंड से जुड़े तल्डा गांव (सूनाराख्रबिगसी) में आज भी ग्रामीण बुनियादी सुविधा के अभाव में जान जोखिम में डालकर जीवन यापन कर रहे हैं। आपदा में बह चुका पुल अब तक पुनर्निर्मित नहीं हो पाया, जिससे गांव तक पहुंचने का एकमात्र सहारा लकड़ी का अस्थायी पुल बना हुआ है।

ग्रामीण इसी असुरक्षित पुल के सहारे राशन, घरेलू सामान और आवश्यक सामग्री गांव तक पहुंचाते हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जब फिसलन और तेज बहाव के कारण यह रास्ता किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह पुल हमेशा खतरे का कारण बना रहता है। इस जमीनी हकीकत को सामने लाने के लिए विधायक प्रत्याशी सचिन कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने लकड़ी के पुल को पार कर ग्रामीणों की पीड़ा देखी और पूरे मामले को सोशल मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाया।

सचिन कुमार ने सवाल उठाया कि जब पुल वर्षों पहले बह चुका है, तो अब तक नया पुल क्यों नहीं बन पाया। उन्होंने यह भी कहा कि यह क्षेत्र जिला मुख्यालय उत्तरक. ाशी से लगभग 200 किलोमीटर दूर होने के कारण उपेक्षा का शिकार हो रहा है, जबकि श्लोक विधानसभा पुरोला और नौगांव विकासखंड से सीधे जुड़ा है।

इस संबंध में पुरोला उपजिलाधिकारी ने बताया कि पुल निर्माण की डीपीआर लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कर शासन को भेज दी गई है ।

# मोरी सार्वजनिक शौचालय पर राजनीति करने वालों को झटका

■ वन विभाग की मिली एनओसी, बुनियादी सुविधा मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरी /उत्तरकाशी।** विकास खंड मोरी मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय पर राजनीति करने वालों को कराड़ा झटका लगा है वन विभाग ने इसकी एनओसी दे दी है।

गौरतलब है कि मोरी बाजार में वर्षों से चली आ रही एक गंभीर जनसमस्या का समाधान अब साकार होने जा रहा है। वन भूमि पर निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय को लेकर चल रहे विवाद पर आखिरकार विराम लग गया है। नानाई जिला पंचायत वार्ड के जिला पंचायत सदस्य पावन दास के निरंतर प्रयासों तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान की सक्रिय पहल के बाद वन विभाग ने सार्वजनिक शौचालय निर्माण को हरी झंडी दे दी है। मोरी बाजार क्षेत्र में आजादी के बाद से अब तक एक भी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र, महिलाएं, बुजुर्ग और दूरस्थ गांवों से बाजार आने वाले लोग मूलभूत सुविधा के अभाव में भारी परेशानी झेलने को मजबूर थे। विशेषकर महिलाओं, किशोरियों और बुजुर्गों के लिए यह समस्या सामाजिक और मानवीय दृष्टि से भी बेहद गंभीर थी।

# बदला मौसम: मदमहेश्वर घाटी में समय से पहले खिला बुरांस

■ जलवायु परिवर्तन के संकेत और गहराए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** हिमालयी क्षेत्र में बदलते मौसम के स्पष्ट संकेत अब प्रकृति में भी नजर आने लगे हैं। मदमहेश्वर घाटी में इस वर्ष बुरांस के लाल फूल अपने तय समय से काफी पहले खिलने लगे हैं। सामान्यत: मार्चख्रअप्रैल में घाटी की पहाड़ियां बुरांस की लालिमा से ढकती हैं, लेकिन इस बार जनवरी के अंत से ही बुरांस के वृक्ष पुष्पित होने लगे हैं। यह दृश्य भले ही मनमोहक हो, लेकिन इसके पीछे छिपी वजहें पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय मानी जा रही हैं।

स्थानीय ग्रामीणों, वनकर्मियों और प्रकृति प्रेमियों के अनुसार इस सर्दी में मदमहेश्वर घाटी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपेक्षित बर्फबारी नहीं हुई। साथ ही दिन और रात के तापमान में सामान्य से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। लंबे समय तक शुष्क मौसम और ठंड की अवधि कम होने के कारण बुरांस जैसे शीतोष्ण प्रजाति के वृक्षों के प्राकृतिक जैविक चक्र में बदलाव देखा जा रहा है।

वनस्पति वैज्ञानिकों का कहना है कि बुरांस का पुष्पन तापमान, आर्द्रता और वर्षा के संतुलन पर निर्भर करता है। जब सर्दियों में पर्याप्त ठंड नहीं पड़ती और बसंत जैसी परिस्थितियां समय से पहले बन जाती हैं, तो वृक्ष असामयिक रूप से फूलने लगते हैं। यह परिवर्तन केवल बुरांस तक सीमित नहीं है, बल्कि फ्यूली, आड़ू, खुबानी सहित अन्य पर्वतीय वनस्पतियों में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिल रहा है। पर्यावरणविदों के अनुसार समय से पहले फूल खिलने से परागण की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इस अवधि में परागण करने वाले कीट और पक्षी पूरी तरह सक्रिय नहीं होते, जिससे बीज उत्पादन, पौधों के पुनरुत्पादन और आगे चलकर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसके फूलों से पारंपरिक पेय, औषधियां और स्थानीय उत्पाद तैयार किए जाते हैं। जलवायु परिवर्तन पर शोध कर रहीं प्रोफेसर कविता भट्ट शैलपुत्री ने कहा कि इस तरह के संकेतों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

वहीं मदमहेश्वर घाटी के प्रगतिशील काश्तकार बलवीर राणा का कहना है कि एक दशक पूर्व तक बुरांस के फूल चौत्र मास के शुभारंभ पर अपने पूर्ण यौवन में होते थे, लेकिन पिछले करीब दस वर्षों से जलवायु परिवर्तन के कारण बुरांस का फूल लगातार तय समय से पहले दिखाई देने लगा है, जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# दूरसंचार विभाग से सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिक को दी भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग में पुलिस दूरसंचार विभाग के अंतर्गत उपनल के माध्यम से रेडियो ऑपरेटर के पद पर कार्यरत भूतपूर्व सैनिक रमेश चन्द्र बिष्ट ने अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूर्ण कर सेवा. निवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के अवसर पर जनपद पुलिस कार्यालय, रुद्रप्रयाग में एक गरिमामयी एवं भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी रमेश चन्द्र बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि श्री बिष्ट ने अपने कार्यकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर अनूप काला, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस दूरसंचार (पौड़ी), प्रमोद पेटवाल, निरीक्षक, पुलिस दूरसंचार (रुद्रप्रयाग) तथा सुनील नौटियाल, उपनिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार सहित संचार शाखा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बिष्ट के साथ बिताए गए कार्यकाल को स्मरण करते हुए उनके सहयोग एवं अनुभवों की सराहना की।

### एसडीएम व तहसीलदार को कई बार लिखित शिकायत के बाद भी खनन माफियाओं पर नहीं हुई कार्रवाई

# अधिकारियों की मिलीभगत से लक्सर क्षेत्र में हो रहा है अवैध खनन!

## हाईकोर्ट से स्टे के आदेश के बाद भी रामपुर रायघटी में खनन माफियाओं ने खेतों में बना डाले बड़े बड़े गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील क्षेत्र में अधिकारियों की मिलीभगत से ही जमकर अवैध खनन का खेल चल रहा है और खनन माफिया बेखौफ होकर खेतों को खादकर बडे बडे गडढों मे तब्दील कर रहे हैं लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन की जानकारी मे होने के बावजूद भी खनन माफियों पर अंकुश नही लग पा रहा है। सबसे ज्यादा अवेध खनन का खेल रामपुर रायघटी गंगापार क्षेत्र में चल रहा है जहां बेखौफ होकर दिन और रात में टैक्टर टाली व जेसीबी तक से खनन किया जा रहा है। कई बार स्थानीय अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है लेकिन खनन माफिया हाईकोर्ट से स्टे के बावाजूद भी जमीन को खनन के जरिये तालाब बनाने से बाज नहीं आ रहे है। एसडीएम, तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस को भी रामपुर रायघटी के खसरा नंबरों 78/2 व 75/3 मेंकी हाईकोर्ट



से स्टटस को (यथा स्थिति) के आदेश की कापी भी सौंपी है लेकिन अधिकारियों ने हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करने के बजाय खुले तौर पर अवहेलना की जा रही है। पीडित का कहना है कि कई बार अधिकारियों को खनन करते वाहनों के वीडियो व खनन माफियाओं के नाम भी उपलब्ध कराये है लेकिन तहसील प्रशासन ने उनके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

अवगत करा दें कि क्षेत्र के रामपुर रायघटी में खसरा नं0 78/2 75/3 यूपी बोन कंपनी की सैकडों बीघे जमीन है जिस पर सरकार व कंपनी के बीच विवाद चल रहा है लेकिन हाईकोर्ट नैनीताल ने 18 मई 2022 को कंपनी के हित में ही स्टेटस-को (यानि यथास्थिति) का आदेश कर दिया था। उसके बाद कंपनी ने कई बार डीएम व जिला खनन अधिकारी तथा लक्सर तहसील प्रशासन को हाईकोर्ट के आदेश की कापी साथ लगाकर उक्त जमीन पर यथा स्थिति बनाये रखने की मांग की गयी है क्योकि उक्त जमीन पर क्षेत्र के खनन माफिया लगातार खनन कर रहे हैं जिस बाबत 15 अप्रैल 2025 को लक्सर एसडीएम को बाकायदा उक्त जमीन में खनन करते हुए फोटोग्राफस, वीडियो आदि भी उपलब्ध करायी थी लेकिन फिर भी तहसील प्रशासन खनन माफियों पर अंकुश नहीं लगा पाया। अब 29 अक्टूबर 2025 को फिर से हाईकोर्ट से अवेध खनन को लेकर स्थिति बतयी गयी तो 29 अक्टूबर 25 को फिर से उच्च न्यायालय नैनीताल ने 18 मई 2022 के आदेश को आगे बढा दिया है।

पीडित मौ. अहसान ने बताया कि वह राजकुमार व धर्म सिंह पुत्रगण झबरे मास्टर व विकास पुत्र सलीख चंद, सोनू पुत्र कश्मीरा व राहुल पुत्र नरेंद्र आदि ने मिलकर उक्त जमीन को जोत



रखा है वहीं पीडित का यह भी कहा है कि किसी राकेश नामक व्यक्ति ने उक्त जमीन के पास किसी और खसरा नं0 में खनन का स्टाक लिया है वह भी उस स्टाक की आड में उक्त जमीन से खनन कर रहा है। लक्सर तहसील प्रशासन को कई बार हाईकोर्ट के आदेश की कंपलाइंस करने के लिए लिखित शिकायत की गयी हैं अब फिर से 29 अक्टूबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश की भी कापी लक्सर तहसील प्रशासन को दी गयी है लेकिन तहसील प्रशासन खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम दिख रहा है जिससे पता लगता हे कि रामपुर रायघटी की हाईकोर्ट से यथा स्थिति के आदेश के बाद खसरा नं0 78/2 व 75/3 में प्रशासन की मिलीभगत से ही खनन का खेल चल रहा है जिस पर हाईकोर्ट के आदेशों की कंपलाइंस करना तहसील प्रशासन यानि

❖ हाईकोर्ट नैनीताल ने 18 मई 2022 को कंपनी के हित में ही स्टेटस-को (यानि यथास्थिति) का आदेश कर दिया था। अब 29 अक्टूबर 2025 को पहले आदेश को हाईकोर्ट ने फिर किया बरकरार



एसडीएम के लिए जरूरी है। पीडित ने बताया कि 31 जनवरी 2026 को भी रूडकी एसडीएम व तहसीलदार को हाईकोर्ट से स्टे वाले खसरा नंबरों पर हो रहे खनन की बाबत सबूत के साथ शिकायत दर्ज करायी है ओर अब भी अगर प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न की तो मजबूरन अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट में कंटैम्पट की कार्यवाही के लिए मजबूर होना पडेगा।

## महिला अधिकारी से हाथापाई करने वाली राशन डीलर पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर में राशन घोटाले की जांच करने गई खाद्य पूर्ति निरीक्षक के साथ अभद्रता और हाथापाई करने का मामला अब कानूनी रूप ले चुका है। पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर आरोपी महिला राशन डीलर के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।जांच करने पहुंची टीम पर हुआ था हमलापूरा मामला 29 जनवरी 2026 का है। खाद्य पूर्ति निरीक्षक बबीता कटारिया को दूरभाष के माध्यम से वार्ड नंबर-1, नगर पालिका परिषद लक्सर में राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। जब वह टीम के साथ ग्राम मिर्जापुर सादात निवासी राशन डीलर सुषमा देवी की दुकान पर जांच के लिए पहुंचीं, तो वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई।घेराव और धक्का-मुक्की का आरोपपूर्ति निरीक्षक बबीता कटारिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जांच शुरू होते ही राशन डीलर सुषमा देवी ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि डीलर ने न केवल अधिकारी के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की, बल्कि कुछ अन्य महिलाओं को उकसाकर टीम का घेराव भी करवाया। इस हंगामे के कारण सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ और प्रशासनिक टीम को असुरक्षा का सामना करना पड़ा। पुलिस की कार्रवाईपूर्ति निरीक्षक द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए लक्सर पुलिस ने संबंधित राशन डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिसअधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सरकारी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मासूम बच्ची को किया बरामद, परिजनों को सौंपा

**मंगलौर।** चौकी प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को जनपद हरिद्वार की ऑपरेशन स्माइल द्वारा दौराने तलाश गुमशुदा भौतिक मंगलौर में थी तभी चौकी मोहल्ला बाहर किला निवासी नवाब द्वारा सूचना दी गई कि उसकी शादीशुदा बहन नगमा उनके घर पर मिलने आई हुई है उसकी बहन की 5 साल की बच्ची फायजा 31 जनवरी की सुबह घर से खेलते खेलते लापता हो गई है। सूचना पर ऑपरेशन स्माइल टीम 03 द्वारा मंगलौर में बच्ची को खोजने हेतु सर्च अभियान चलाया कस्बा बाजार की गली गली मोहल्ला मोहल्ला ढूंढते हुए टीम जब मैन बाजार चांदनिया कपड़े वाली गली के पास पहुंची तब एक बच्ची जोर जोर रो रही थी वहां पर लोगों की भीड़ भी लगी हुई थी। वही पुलिस टीम ने फोटो से मिलान किया तो ये वही गुमशुदा बच्ची है जो सुबह से घर से गायब है। उक्त बच्ची को टीम से महिला का0 कविता द्वारा तुरन्त अपनी गोद में लेकर कस्बा चौकी मंगलौर लाया गया। और बच्ची के मामा नवाब को सुचना दी गई कि आपकी भांजी फायजा मिल गई है। इस सूचना पर नवाब और उसकी बहन नगमा घर से नंगे पैर दौड़ते हुए चौकी पहुंच गए बच्ची की मां बच्ची को गोद में लेकर रोने लगी और रोते रोते नम आंखों से ऑपरेशन स्माइल टीम का आभार जताया। इस प्रकार ऑपरेशन स्माइल टीम द्वारा एक मासूम को उसकी मां से मिलाकर उसकी खुशियां लौटाई।

## रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**झबरेड़ा।** कस्बे में शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती शोभा यात्रा गाजेबाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई ।शोभा यात्रा में बैंड बाजे सहित सुंदर मनमोहक झांकियां के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे। शनिवार को कस्बे में स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर प्रांगण मैं हवन यज्ञ व प्रसाद वितरण के बाद शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ रविदास मंदिर से होकर शिव चौक से होकर अमर जवान चौक बस अड्डा से हो कर मुख्य बाजार से पुराना बाजार मोहल्ला छावनी से होती हुई मोहल्ला हरिजनान होते हुए संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। कस्बे वासियों द्वारा शोभा यात्रा के स्वागत में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई तथा कस्बे वासियों द्वारा कई स्थानों पर हलवे का प्रसाद भी वितरण किया गया। शोभा यात्रा में आधा दर्जन बैंड बाजा सहित मनमोहक झांकियां में भारत माता भगवान शिव पार्वती राधा कृष्ण संत शिरोमणि रविदास तथा बाबा साहब अंबेडकर की झांकियां मन को मोहने वाली थी ।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की विशेष व्यवस्था रही। शोभा यात्रा में सभी कस्बे वासियों का सहयोग रहा।

## हूटर व रफ्तार का दिखावा पड़ा भारी, चार कारें सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हूटर बजाकर और सड़कों पर वाहनों की दौड़ व गति का मुकाबला करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ रुड़की पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। शुक्रवार को कोतवाली रुड़की क्षेत्र में चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चार फोर व्हीलर वाहनों को सीज किया। कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दिनांक 31 जनवरी को थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चार वाहन चालक हूटर बजाते हुए तथा तेज रफ्तार में वाहन चलाकर आमजन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते पाए गए। पुलिस ने अमन त्यागी पुत्र संजय त्यागी निवासी मंदाकिनी कॉलोनी, विशाल सैनी पुत्र वीर सिंह निवासी डंडेरी ख्वाजगीपुर,युग सचदेवा के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धाराके अंतर्गत कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चारों वाहनों को सीज कर दिया।पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएं।

## स्मैशर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का बत्रा ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कैंटोनमेंट बोर्ड रुड़की के तत्वावधान में आयोजित 'रुड़की स्मैशर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट' उत्साह और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया । कैंटोनमेंट बोर्ड स्कूल स्थित शहीद भगत सिंह बैडमिंटन क्लब, लालकुर्ती में आयोजित इस प्रतियोगिता में रुड़की के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए निरंतर अभ्यास और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिता अंडर-9, 12, 15, 17 एवं 19 आयु वर्ग में आयोजित की गई, जिसमें कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कुल 40,000 रुपये तक की पुरस्कार राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर के. पी. सिंह (स्टेशन कमांडर, बीईजी एंड सेंटर रुड़की एवं अध्यक्ष कैंटोनमेंट बोर्ड), मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिग्विजय सिंह चौहान, नामित सदस्य प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और भविष्य में भी रुड़की में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

## गंगनहर पुलिस ने चार नकबजन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संक्षिप्त विवरण' ख्र दिनांक 30-31/01/2026 की रात्रि को थाना क्षेत्रान्तर्गत रात्री गश्त में मामूर अपर उ0नि0 बृजकिशोर मय हमराही का01106 लाल सिह सरकारी वाहन न्ज्ञ 07ळ। 4890 का0 चालक 1136 पवन ,चेतक 49 कर्मगण का0 553 अजय दत्त , हो0गा0 देवब्रत द्वारा 04 नफर अभियुक्त गण 1. मोहित कुमार पुत्र मैनपाल निवासी कृष्णा नगर गली न0 22 उम्र उम्र 27 वर्ष चै गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार (कब्जे से 01 छोटी टार्च) 2- शुभम पुत्र यशपाल निवासी सुनहरा उम्र 20 वर्ष चै गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार ( कब्जे एक अदद पेचकस) 3- अंकुर पुत्र गिरधारी लाल निवासी सुनहरा उम्र 22 वर्ष चै गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार ( कब्जे से लोहे काटने वाला आरी का ब्लैड),4- रोहित पुत्र पहल सिह निवासी सुनहरा उम्र 22 वर्ष चै गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार ( कब्जे से एक लोहे का प्लास ) को इब्राहिमपुर जाने वाले मार्ग के पास खण्डहर से बताकर कारण गिरफ्तारी अन्तर्गत धारा 313 बीएनएस गिरफ्तार किया गया । अभि0 गण के विरूद्ध कोतवाली गंगनहर पर मु0अ0सं0-044/2026, धारा 313 बीएनएस में दर्ज किया गया । अभि0गण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## दरगाह साबिर पाक में व्यवस्थाएं सुधारने के लिए वक्फ बोर्ड सीईओ ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान ने हज हाउस सभागार में दरगाह कर्मचारियों व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में दरगाह साबिर पाक में जायरीनों को बेहतर सुविधाएं देने, स्वच्छता, अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया।

पिरान कलियर हज हाउस में शुक्रवार को आयोजित बैठक में वक्फ बोर्ड मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान ने बैठक में भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, दुकानों के संचालन, दान-चढ़ावे की पारदर्शिता और ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था पर निर्देश दिए। कर्मचारियों को जायरीनों से सम्मानजनक व्यवहार करने, पहचान पत्र पहनने तथा अवैध वसूली व अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नोचंदी जुमेरात पर रात्रि ठहराव हेतु दरी व टेंट की व्यवस्था करने को कहा गया।उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि दरगाह की गरिमा बनाए रखना सभी कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही ,अवैध वसूली या शिकायत मिलने पर त्वरित जांच



कर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान वक्फ निरीक्षक मोहम्मद अली, हज अधिकारी मोहम्मद अहसान,नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान, सुपरवाइजर इंतखाब आलम, राव सारिक ,अफजाल अहमद, हारून, असलम कुरैशी सहित दरगाह के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण कार्य का बत्रा ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोत मोहल्ले में धोबी घाट से सोत बी चौकी तक सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का उद्घाटन विधायक प्रदीप बत्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है।

यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा काफी समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। सड़क के निर्माण से सोत मोहल्ले सहित आसपास के कई मोहल्लों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

विधायक प्रदीप बत्रा ने बताया कि इस मार्ग के बेहतर होने से लोगों को बाजार क्षेत्र के जाम से होकर गुजरने की मजबूरी नहीं रहेगी, जिससे समय की बचत होगी और आवागमन भी सुगम होगा।पार्षद संजीव राय ने इस कार्य के लिए विधायक प्रदीप बत्रा और खानपुर विधायक उमेश कुमार का आभार जताया उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा



के मंडल अध्यक्ष नावेद कुरैशी,पार्षद प्रतिनिधि साहिल, सुबोध चौधरी, इमरान, आतिफ, शिवम, यूनुस, इरफान सहित अनेक स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### मरहूम वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज को पत्रकारों व मुअज्जिज लोगों ने दी श्रद्धांजलि

# 'खान साहब' के साथी पत्रकारों ने ताजा की पुरानी यादें!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मरहूम वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज के निधन के बाद रूडकी में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकारों व राव साहब के चाहने वालों ने उन्हें नम आँखों से खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस दौरान मौजूद खान साहब के अन्य साथी वरिष्ठ पत्रकारों ने उनकी शख्सियत की बाबत युवा पत्रकारों को बताते हुए पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि राव शाहनवाज की कलम जो भी लिखती थी वह बिल्कुल सच लिखती थी कभी किसी हाकिम व नेता व मंत्री के सामने कभी नहीं झुकी। खान साहब ने हमेंशा बेखौफ होकर सच का साथ दिया। खान साहब कानून की भी अच्छी समझ रखते थे। इसीलिए उन्होंने हमेंशा सच लिखा और सच का साथ दिया। ओर खान साहब कलम से लिखने के अलावा व्यक्तिगत तोर से भी पीडितों का साथ निभाते थे। खान साहब की यही अपनी एक अलग शख्सियत थी कि वह हर स्तर से सच का साथ देते थे। भले ही पीडित को इंसाफ दिलाने के लिए खद उनको ही एक तरह से पार्टी बनना पड जाता था लेकिन वह सच्चे



पीडित को इंसाफ दिलाने से कभी पीछे नहीं हटे। वही राव साहब हमेशा पत्रकारों की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए हौसला बढाते थे), पत्रकारिता में माहरथ रखने वाले मरहूम पत्रकार राव शाहनवाज अधिकारियों के साथ भी सीधे आंख में आंख डालकर सवाल करते थे। राव शाहनवाज खां हमेशा किसी भी खबर से संबंधित सभी साक्ष्य जुटाकर अपने पास सुरिक्षत रखने के बाद पुरे तथ्यों के साथ खबर

**❖अलग किरदार व शख्सियत के मालिक थे राव साहब**

लिखते थे ओर अधिकारियों से भी फिर सबूतों के साथ ही बात करते थे। रुड़की में आज हुई श्रद्धांजलि सभा के दौरान राव शाहनवाज के साथ बिताए गए पल याद करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुभाष सैनी, तपन सुशील, संदीप तोमर समेत अन्य वक्ताओं की आवाज भर्रा गई। वक्ताओं ने कहा कि वे केवल पत्रकार नहीं, बल्कि सच की लड़ाई लड़ने वाले एक निर्भीक योद्धा थे। कानून की गहरी समझ रखने वाले राव शाहनवाज अपनी कलम के जरिए अन्याय के खिलाफ हमेशा डटे रहे। उनकी लेखनी कई बार भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों के लिए आईना बन जाती थी। कलियर से उनका विशेष लगाव रहा। वहां की मिट्टी, वहां के लोग और उनकी समस्याएं उनके दिल के बेहद



करीब थीं। राव शाहनवाज खान आखिरी सांस तक आम आदमी की आवाज बने रहे। पत्रकारिता को उन्होंने महज पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी समझा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि राव शाहनवाज का जाना सिर्फ एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि उस दौर का अंत है जहां पत्रकार बेखौफ होकर सच लिखा करते थे।



**असम। गुवाहाटी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले विक्रेता सूखे मेवे बेचता हुआ।**

## हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान, जोखिम को जन्म न दे: अमेरिका

**टैंपा (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से अनुरोध किया है कि वह रविवार से हरमुज की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि सेंटकॉम आईआरजीसी से आग्रह करता है कि वह घोषित नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आजादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस ने नूरजहां का ताजमहल नेकलेस पहना

## करीब 74 करोड़ कीमत, 54 साल पहले अमेरिकी अभिनेत्री को उनके पांचवें पति ने गिफ्ट किया था

**कैलिफोर्निया।** हालीवुड एक्ट्रेस मार्गोट राबी ने बेगम नूरजहां का 400 साल पुराना नेकलेस (हार) पहना जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। वह अपनी आगामी फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रचार के लिए बुधवार को रेड कार्पेट पर ग्लैमरस लुक में दिखीं। राबी ने लास एंजिल्स में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर एक शानदार गाउन पहना था। यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने।

यह 69.42 कैरेट का हार्ट शेप का टेबल-कट डायमंड है और इसे गोल्ड और रूबी से बनी कार्टियर चेन में सेट किया गया है। इस नेकलेस की कीमत लगभग 8 मिलियन डालर (करीब 74 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह नेकलेस 54 साल पहले, 1972 में अमेरिकी एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर के पांचवें पति रिचर्ड बर्टन ने उनके 40वीं जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर



■ **यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने**

में फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में बुधवार को फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था मुमताज महल की याद में बने मकबरे ताज महल के नाम से इस शानदार नेकलेस का नाम 'ताज महल डायमंड नेकलेस' पड़ा। ताज महल डायमंड की असली कहानी और भी रोचक है। इसे मुगल सम्राट शाह जहांगीर ने अपनी पत्नी नूरजहां को गिफ्ट किया था। यह दिल के आकार का डायमंड 17वीं सदी का है, जिस पर फारसी भाषा में 'प्यार हमेशा बना रहता है' लिखा है। इस पर नूरजहां का नाम भी उकेरा गया है। बाद में यह उनके बेटे शाहज. हां के पास पहुंचा, जिन्होंने इसे अपनी पत्नी मुमताज महल को दिया।

मुमताज की मौत के बाद शाहजहां ने ताजमहल बनवाया, जिसके कारण इस डायमंड को ताज महल डायमंड कहा जाने लगा। नूरजहां मुगल साम्राज्य की सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली बेगम थीं। कहा जाता है कि वह मुगल सम्राट जहांगीर की 20वीं पत्नी थी। उन्होंने 1611 में मुगल सम्राट जहांगीर से शादी की। जहांगीर ने उन्हें पहले नूर महल (महल की रोशनी) और बाद में नूरजहां (दुनिया की रोशनी) का खिताब दिया। वह मुगल इतिहास में इकलौती ऐसी बेगम थीं जिनके नाम पर सिक्के ढाले गए, फरमान जारी किए गए और उन्होंने दरबार में जहांगीर के साथ बैठकर शासन चलाया। नूरजहां मुगल दरबार में फैशन और स्टाइल की रानी मानी जाती थीं। उन्होंने खुद डिजाइनर की तरह काम किया और कई नए फैशन ट्रेंड शुरू किए। उन्होंने नूरमहली ड्रेस जैसी खास पोशाकें डिजाइन कीं, जो हल्की, फ्लोरल पैटर्न वाली काटन और मलमल से बनी होती थीं। उन्होंने बदला किनारी, पंचतोलिया (पांच रंगों वाली महीन कपड़े) और दुदामी जैसे नए टेक्सटाइल और फैब्रिक्स को पापुलर किया। वे परफ्यूम बनाने में माहिर थीं और अत्रि जहांगीरी नाम का अपना स्पेशल इत्र बनाती थीं, जो गुलाब के तेल से तैयार होता था। उनके स्टाइल में फारसी, मुगल और सेंट्रल एशियन प्रभाव का मिश्रण था। नूरजहां मुगल इतिहास की सबसे अमीर और स्वतंत्र रूप से धनी बेगमों में से एक थीं।

# बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला

## 10 पुलिसकर्मियों की मौत, डिप्टी कमिश्नर को किडनैप किया, जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं।

क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है। बीएलए ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके। बीएलए लड़ाकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर ये दावा किया है कि उन्होंने क्वेटा के एक बाजार इलाके पर



■ **शहबाज शरीफ ने कहा: हमलों को नाकाम कर दिया, हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया**

कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारबंद आतंकी बाजार में घुस आए और कुछ समय के लिए पूरे इलाके पर उनका नियंत्रण रहा। हालांकि, इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। क्वेटा में एएफपी के एक पत्रकार ने बताया कि शहर में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। पूरे शहर में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई, मुख्य सड़कें सुनसान रहीं और कारोबार ठप हो गया। 38 साल के निजी कर्मचारी अब्दुल वली ने बताया कि सुबह से लगातार धमाके हो रहे हैं।

उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें खून की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि पुलिस हम पर बंदूक तानती है और कहती है वापस जाओ, वरना मारेंगे। ऐसे में हम क्या करें? ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब एक दिन पहले ही सेना ने दावा किया था कि उसने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग अभियानों में 41 विद्रोहियों को मार गिराया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें और पूरे देश को अपने शहीदों पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इन हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे गरीब प्रांत है, जबकि यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के मामले में यह देश के बाकी हिस्सों से काफी पीछे है। यह इलाका लंबे समय से हिंसा और विद्रोह से जूझ रहा है। यह खनिज संसाधनों से भरपूर दक्षिण-पश्चिमी प्रांत है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। यहां लड़ाके अक्सर सरकारी बलों, विद. ेशी नागरिकों और दूसरे प्रांतों से आए लोगों को निशाना बनाते हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) बलूचिस्तान का सबसे सक्रिय अलगाववादी संगठन माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में बलूच अलगाववादियों ने दूसरे प्रांतों से आए पाकिस्तानी मजदूरों और विदेशी कंपनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका आरोप है कि ये लोग और कंपनियां बलूचिस्तान के संसाधनों का शोषण कर रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं।

## पाक पीएम बोले: कर्ज मांगने में अब आती है शर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नारा. जगी जताई है। शहबाज ने माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार.बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते। शहबाज ने यह भी कहा कि कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान आईएमएफ से मदद और पुराने कर्ज को रोलओवर (आगे बढ़ाने)



■ **दूसरे देशों के सामने हमारा सिर झुका रहता है, उनकी शर्तें मानना हमारी मजबूरी: शहबाज शरीफ**

की कोशिश कर रहा है। पीएम शहबाज के बयान से जाहिर है कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय मदद पर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुका है। शहबाज ने चीन को 'हर मौसम का दोस्त' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर ने भी अच्छे-बुरे हर वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है।

# ईरान के गृह मंत्री और शीर्ष अधिकारियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी प्रदर्शन के बाद अमेरिका ने ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी प्रशासन पर हिंसक कार्रवाई के लिए ये सभी जिम्मेदार थे। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मोमेनी ईरान इस्लामिक गणराज्य के हत्यारे कानून प्रवर्तन बल का संचालन करते हैं, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या के लिए जम्मिेदार है।

बयान में अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने कहा कि आज अमेरिका के वित्त मंत्रालय के विद. ेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरानी लोगों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अतिरिक्त कार्रवाई की। जिन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी शामिल हैं।ष्इन प्रतिबंधों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और ईरानी व्यवसाई बाबक मोर्तेजा जंजानी को भी निशाना बनाया गया है, जिन पर

■ **मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी**

ईरानी लोगों से अरबों डॉलर के गबन का आरोप है। मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के प्रतिबंधों के तहत नामित व्यक्तियों या संस्थाओं की कोई भी संपत्ति जब्त कर दी जाती है और अमेरिकी नागरिकों तथा कंपनियों को उनके साथ व्यापार करने से मना किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जंजानी ने आईआरजीसी और व्यापक ईरानी शासन का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को आर्थिक रूप से समर्थन दिया है। ओएफएसी ने पहली बार जंजानी से जुड़े दो डिजिटल संपत्ति विनिमय नामित किए। यह ईरानी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले डिजिटल एसेट विनिमय के खिलाफ उसकी पहली कार्रवाई है। मंत्रालय के सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि एक समृद्ध ईरान बनाने के बजाय शासन ने देश के तेल राजस्व के बचे हुए हिस्से को परमाणु हथियारों के विकास, मिसाइलों और दुनिया भर में आतंकवादी संगठन पर बर्बाद करना चुना है।

## ईरान बातचीत के लिए तैयार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया।

उन्होंने ईरान के पास एक अमे. रिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जक्रि करते हुए कहा कि उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन

■ **अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है**

उन्होंने साफ तौर पर जोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी। फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमे. रिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है। अराघची ने कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताएं कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी। ये बयान ट्रम्प की तरफ से बार-बार दी जा रही चेताव. नियों के बीच आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी मांगों को पूरा नहीं करता है, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसा. इल विकास पर रोक शामिल है, तो संभावित सैन्य कार्रवाई की जा सकती है।

## पूर्वोत्तर नाइजीरिया में बोको हरम के हमले में 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में निर्माण मजदूरों के एक समूह पर बोको हरम के संदिग्ध आतंकवादी हमले में 25 लोगों के मारे जाने और अन्य के घायल होने की आशंका है। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने देश के उस हिस्से में सत्तारूढ़ ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस पार्टी के एक नेता अलीऊ जैफादा के जानिब बताया कि गुरुवार को मैदुगुरी-डांबोआ सड़क पर वाजिर्को गांव में इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन शवों को दफनाया गया। सभी पीड़ित निर्माण मजदूर थे जो बोको हरम के पिछले हमलों में क्षतिग्रस्त हुए एक पुल की मरम्मत कर रहे थे।

# इजरायली हमले में 31 फलस्तीनियों की मौत

## 4 महीने में सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला

**गाजा/जोहान्सबर्ग।** गाजा में शनिवार को इजरायली हमलों में कम से कम 31 फलस्तीनी मारे गए। अक्टूबर में लड़ाई रो. कने के लिए हुए सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला है। इजरायल ने गाजा सिटी की एक रिहायशी इमारत और खान यूनिस में लगे एक टेंट कैंप पर हुए घातक हमले शामिल हैं। मारे गए लोगों में दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं, जो दो अलग-अलग परिवारों से थे।

गाजा सिटी में एक पुलिस स्टेशन पर हवाई हमला भी हुआ, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की बात शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया ने कही। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह क्रासिंग रविवार को खोलने की तैयारी है। यह क्रासिंग गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिकॉर्ड किया है कि 10 अक्टूबर से सीजफायर शुरू होने के बाद इजरायली फायरिंग से 500 से ज्यादा फलस्तीनी मारे



■ **दक्षिण अफ्रीका ने इजरायली राजनयिक को देश छोड़ने का दिया आदेश**

गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के राजनयिक 'चार्ज डी अफेयर्स' एरियल सेडमैन को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान (प्रतिस्पर्धी) कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा 'कूटनीतिक मानदंडों और प्रथाओं के अस्वीकार्य उल्लंघनों की शृंखला' के बाद लिया गया है, जो देश की संप्रभुता के लिए 'सीधी चुनौती' है। विभाग के अनुसार, राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के खिलाफ आधिकारिक इजरायली सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक टिप्पणियां करना और पूर्व सूचना के बिना वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों का कथित यात्राओं पर जाना इन उल्लंघनों में शामिल है। बयान में किसी एक विशिष्ट घटना का उल्लेख नहीं किया गया। दक्षिण अफ्रीका की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, नवम्बर 2025 में इजरायली दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में इजरायल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर मामले को 'दक्षिण अफ्रीकियों के लिए शून्य मूल्य' और 'पूरी तरह राजनीतिक नाटक' करार दिया था। उसी महीने, जब राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बहिष्कार से जी-20 जोहान्सबर्ग सम्मेलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, तो दूतावास ने उनकी टिप्पणी को व्यंग्यात्मक लहजे में 'बुद्धिमत्ता और कूटनीतिक स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण' बताया था। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि सेडमैन की कार्रवाइयां 'कूटनीतिक विशेषाधिकारों का घोर दुरुपयोग और वियना कन्वेंशन का मूलभूत उल्लंघन' हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक विश्वास और प्रोटोकॉल कमजोर हुए हैं। विभाग ने इजरायल से भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक सिद्धांतों का सम्मान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। दक्षिण अफ्रीका और इजरायल के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर 1990 के दशक से फलस्तीनी मुद्दे पर प्रिटोरिया के मुखर समर्थन के कारण।

# कनाडा के दुश्मनों से मिले अमेरिकी अधिकारी

## अल्बर्टा को आजाद देश बनाने की कोशिश में अलगाववादी, पीएम कार्नी बोले: आंतरिक मामलों में दखल बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन। कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में एक नया विवाद शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका के अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे अलगाववादी समूह के नेताओं से मुलाकात की। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुता. बिक, पिछले साल अप्रैल से अब तक अमे. रिकी विदेश विभाग के अधिकारी तीन बार अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं से मिले।

ये नेता अल्बर्टा को कनाडा से अलग कर एक स्वतंत्रा देश बनाने की वकालत कर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा। कार्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा। कनाडा से आजादी की मांग कर रहे इस समूह का नाम अल्बर्टा प्रास्पेरिटी प्रोजेक्ट (एपीपी) है। यह




■ **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा: कार्नी**

संगठन अल्बर्टा की आजादी के लिए जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराने की मांग कर रहा है। एपीपी के नेता और को-फाउंडर जेफ्री रथ ने अल्बर्टा की आजादी के लिए अमेरिका से 500 मिलियन डालर की मदद मांगी है। उन्होंने 23 जनवरी को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वे अगले महीने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अमेरिका से इस रकम को कर्ज के तौर पर मांगा जाएगा। बीबीसी से बातचीत में जेफ्री ने बताया कि अल्बर्टा के आजाद होने पर इस पैसे का इस्तेमाल किया जाएगा। अल्बर्टा पश्चिमी कनाडा का तेल-समृद्ध प्रांत है। इसकी आबादी करीब 50 लाख है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यहां कनाडा के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा निकलता है। यह प्रांत लंबे समय से खुद को एनर्जी प्रांत के रूप में देखता रहा है। अलगाववादियों का कहना है कि कनाडा सरकार की जलवायु नीतियां अल्बर्टा के तेल उद्योग को नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका आरोप है कि अल्बर्टा से सरकार को भारी टैक्स मिलता है, जबकि बदले में राज्य को कम आर्थिक सहायता मिलती है। रिपोर्च के मुताबिक अल्बर्टा में लोग परंपरावादी है, जबकि कनाडा के दूसरे राज्यों में उदार आबादी ज्यादा है। इससे उनकी रूढ़िवादी आवाज दब जाती है।

## अमेरिकी सरकार में आंशिक शटडाउन शुरू जल्द समाधान की उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कांग्रेस आधी रात की फंडिग डेडलाइन से पहले 2026 का बजट पास करने में नाकाम रही, जिसके बाद शनिवार को अमे. रिकी सरकार का आंशिक शटडाउन शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के लिए नई फंडिग पर बातचीत तब रुक गई, जब डेमोक्रेटिक पार्टी ने मिनियापोलिस में संघीय इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दो प्रदर्शनकारियों की हत्या पर गुस्से में प्रतिक्रिया दी। उम्मीद की जा रही है कि ये व्यवधान सीमित होंगे, क्योंकि कांग्रेस अगले हफ्ते की शुरुआत में सीनेट समर्थित डील को मंजूरी देने के लिए आगे बढ़ेगा।

# नाबालिग लड़कियों का रोजाना रेप करता था एपस्टीन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफी एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी की हैं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़कियों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। डेली मेल के मुताबिक यह खुलासा 2010 में फ्लोरिडा में एक पीड़िता की तरफ से दायर सिविल शिकायत में हुआ है, जिसका जिक्र इन फाइल्स में है।

इसके अलावा कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। इन फाइल्स में पहली बार भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर और टेस्ला के सीईओ एलान मस्क का नाम भी आया है। ट्रम्प प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफी एपस्टीन

■ **सेक्स फाइल्स में खुलासा, जमीन पर लेटी महिला के साथ दिखे ब्रिटिश प्रिंस, मस्क-मीरा नायर का भी नाम**

से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकार्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो शामिल हैं।

अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी की तरफ से जारी की गई एक बिना तारीख वाली तस्वीर में जेफी एप्स्टीन कुछ युवतियों के साथ दिख रहा है। यह तस्वीर दिसम्बर में जारी हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक, जब कोई लड़की एपस्टीन के पाम बीच स्थित घर पहुंचती थी, तो उसे एपस्टीन की प्राइवेट गाड़ी से लाया जाता था। घर पहुंचने पर एक सहायक लड़की की निजी जानक. ारी नोट करता था। इसके बाद उसे सीढ़ियों से ऊपर एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता था, जहां शावर और मसाज टेबल होती थी। अगर लड़की पहली बार आई होती थी, तो कमरे में पहले से एक और लड़की मौजूद रहती थी, जो उसे बताती थी कि क्या करना है। इसके बाद एपस्टीन उस लड़की को बाहर भेज देता था। एपस्टीन लड़कियों को साफ-साफ बताता था कि उसे क्या चाहिए और कैसे चाहिए। वह उन्हें कपड़े उतारने के लिए कहता था और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। कई बार वह लड़कियों को एक-दूसरे के साथ सेक्स रिलेशन बनाने के लिए मजबूर करता था। शिकायत दर्ज कराने वाली लड़की ने बताया कि उसकी पहचान एपस्टीन से 15 साल की उम्र में कराई गई थी।



# शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा

**मुंबई।** अभिनेत्री पुष्पा का कहना है कि शो पुष्पा इम्पॉसिबल काम से ज्यादा एक बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा लगता है। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और आम जिंदगी से जुड़े किरदारों से लोगों का दिल जीत रहा है। यह शो अपनी लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की रोज़मर्रा की जीत और चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाता है, जिससे यह टेलीविज़न पर सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर में से एक बन गया है। यह शो न सिर्फ स्क्रीन पर गर्माहट लाता है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी एक मज़बूत, खुशहाल रिश्ते पर टिका है, जिसे प्रार्थना का किरदार निभाने रही पूजा कतुरडे बहुत ज्यादा पसंद करती हैं। ऑफ-स्क्रीन भी, कास्ट के बीच उतनी ही गर्मजोशी वाली दोस्ती है, जिससे सेट एक बड़े परिवार जैसा लगता है। पूजा ने बताया कि टीम ब्रेक के दौरान भी सेट पर ज्यादातर समय साथ बिताती है। अपने कमरों में वापस भागने के बजाय, एक्टर्स फ्लोर पर ही रहना पसंद करते हैं, बातें करते हैं, मज़ाक करते हैं और मज़ेदार गेम खेलते हैं, जो एनर्जी को हाई रखते हैं और माहौल को जिंदादिल बनाए रखते हैं। यह दोस्ती स्वाभाविक रूप से उनकी परफॉर्मेंस में झलकती है और शो के सहज आकर्षण में योगदान देती है। पूजा कतुरडे ने कहा, दर्शक स्क्रीन पर जो देखते हैं, हम ऑफ-स्क्रीन भी बिल्कुल वैसे ही हैं, एक बड़े, खुशहाल परिवार की तरह। सेट पर हमारा जो रिश्ता है, वह सच में बहुत खास है।

लोग अक्सर सोचते हैं कि ब्रेक मिलते ही एक्टर्स अपने कमरों में भाग जाते हैं। लेकिन हमारे लिए यह बिल्कुल उल्टा है। हम शायद ही कभी अपने कमरों में वापस जाते हैं, क्योंकि सेट ही हमारा कम्फर्ट ज़ोन बन गया है। हमारे ब्रेक आमतौर पर खत्म न होने वाली बातों, हंसी-मज़ाक और ऐसे मज़ेदार गेम से भरे होते हैं, जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

## स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट ने अपने ड्यूल अवतार पर की बात

**मुंबई।** अभिनेता नील भट्ट ने स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में अपने ड्यूल अवतार पर बात की है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन लाइनअप को मजबूत करने के लिए जल्द ही अपना नया शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम लॉन्च करने जा रहा है। सस्पेंस और इंट्रीग से भरा यह फैमिली ड्रामा आम घरेलू जिंदगी और एक खतरनाक सीक्रेट दुनिया को साथ जोड़ता नजर आएगा। रिलीज़ हुए प्रोमो में कहानी की एक झलक दिखाई गई है, जहां नील भट्ट डबल रोल में नजर आएंगे, एक तरफ शिवप्रसाद, एक जिम्मेदार पति, और दूसरी तरफ परशुराम, एक सीक्रेट स्पाई। इस खास रोल को लेकर नील ने अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और बताया कि इतने अलग-अलग किरदारों को निभाने का अनुभव उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प रहा है। शिवप्रसाद एक आम आदमी है, जो शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी का नाम शालिनी है। दूसरी तरफ, परशुराम एक जासूस है, और शालिनी को इस बात की भनक तक नही है कि उसका पति एक सीक्रेट एजेंट की तरह दोहरी जिंदगी जी रहा है। नील भट्ट ने अपने किरदार और पूरे अनुभव को लेकर बात करते हुए अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। उन्होंने कहा, इस शो में मुझे सबसे ज्यादा जो चीज़ पसंद आई, वह शिवप्रसाद का ड्यूल नेचर है, जिसके भीतर परशुराम बसता है। प्रोमो की शूटिंग के दौरान हमने तय किया कि घर के अंदर वह राम की तरह होगा शांत, धैर्यवान और समर्पित और बाहर की दुनिया में परशुराम मजबूत, निडर और फैसले लेने वाला।

## बॉर्डर 2 ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 224 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने भारतीय बाजार में अपने पहले सप्ताह में 224 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। फिल्म बॉर्डर 2, वर्ष 1997 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। फिल्म ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 224 करोड़ की कमाई की है।

# मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी इमोशंस से भरपूर: शांभवी



**मुंबई।** अभिनेत्री शांभवी का कहना है कि स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है।

स्टार प्लस के आने वाले शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में शालिनी का किरदार निभा रही शांभवी सिह इस प्रोजेक्ट को बेहद खास और क्रिएटिव तौर पर संतोष देने वाला बताती हैं। चैनल और शो के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए शांभवी ने कहा कि इसकी कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है। शांभवी सिंह ने कहा, यह वाकई बहुत खास और एक्साइटिंग लग रहा है।

मिस्टर एंड मिसेज परशुराम सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इमोशंस, रिश्ते और रोज़मर्रा की जद्दोजहद गहराई से जुड़ी हुई है, जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है। ऐसे शो का हिस्सा बनना जो दिल और रोमांच के बीच अच्छा बैलेंस बनाता हो, क्रिएटिव तौर पर बहुत सुकून देता है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला, जो एंटरटेन करने के साथ-साथ लोगों को इमोशनली भी छूता है। शांभवी सिंह ने कहा, शालिनी मजबूत होते हुए भी सौम्य है, जमीन से जुड़ी हुई है लेकिन उम्मीद से भरी हुई भी। वह प्यार, परिवार और ईमानदारी में गहराई से विश्वास करती है। उसकी ताकत किसी आक्रामकता से नहीं आती, बल्कि उसकी सहनशीलता, करुणा और इमोशनल समझ से आती है। वह ऐसी महिला है जो चुपचाप सबको जोड़कर रखती है और साथ ही अपने उसूलों के लिए मजबूती से खड़ी रहती है। मिस्टर एंड मिसेज परशुराम का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे, सिर्फ़ स्टार प्लस पर होगा।




# मदोनी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हुईं स्मृति मंधाना





**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिल्म ष्मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हो गई हैं। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 के ट्रेलर में हर भारतीय बच्ची को बचाने का जो सशक्त संदेश दिया गया है, उसने कई लोगों को गहराई से छुआ है। स्मृति मंधाना ने कहा कि वह मर्दानी 3 की थीम से गहराई से जुड़ती हैं क्योंकि लड़कियों पर होने वाले कई अत्याचार अक्सर बिना कहे ही रह जाते हैं। स्मृति ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक छोटी लड़की की जिदगी अमूल्य होती है। लड़कियां बहुत कुछ सहती हैं, बहुत कुछ देखती हैं और अक्सर चुपचाप सहन करती हैं। हर बच्ची की सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जब समाज लड़कियों के लिए सुरक्षित होता है, तो वे आगे बढ़ती हैं, सपने देखती हैं और न सिर्फ़ अपने लिए बल्कि अपने परिवार और अपने देश के लिए भी जीतती हैं। स्मृति ने लिखा, मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर मैं अभिभूत हूं और मैं बस यही प्रार्थना करती हूं कि हम सब एक देश के रूप में मिलकर हर लड़की, हर महिला की रक्षा करें क्योंकि जो समाज किसी लड़की के साथ अच्छा व्यवहार नही करता, वह समाज कहलाने लायक नही होता। आइए मिलकर एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण करें। अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसी फिल्म के साथ रानी मुखर्जी अपने गौरवशाली करियर के 30 वर्ष भी पूरे कर रही हैं।




## भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का गाना मनजोगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का नया गाना मनजोगी रिलीज हो गया है। ज़ी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित, ज़ी स्टूडियोज़ और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा वास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गाना मनजोगी रिलीज़ किया गया है, जिसे अपनी सुरीली आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले सोनू निगम ने गाया है। मनजोगी के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत विशाल शेल्के ने दिया है। फिल्म भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन, का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। ज़ी स्टूडियोज़ इस फिल्म को 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ करने जा रहा है।

# कुब्रा ने मनाया फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। फिल्म देवा की रिलीज को एक साल पूरा होने पर कुब्रा सैत उस प्रोजेक्ट को याद कर रही हैं जिसने उन्हें गहराई से चुनौती दी और एक कलाकार ही नहीं, एक इंसान के तौर पर भी उन्हें गढ़ा।

फिल्म की पहली सालगिरह के मौके पर कुब्रा उस सफर पर नजर डाल रही हैं, जिसने वास्तविक लोकेशन्स में लंबे शूटिंग दिनों के साथ उनके भावनात्मक धैर्य की परीक्षा ली और उन्हें आगे बध्ने में सहयोग दिया। कुब्रा ने कहा, फ़िल्म देवा ने मुझे थोड़ा तोड़ा और बहुत कुछ बना दिया। देवा की शूटिंग लगभग एक साल चली, जिसमें इंतज़ार, चीज़ों को समझने की कोशिश और असली थकान से जूझना शामिल था।

लेकिन एक सच यह भी है कि मुश्किल हालात अजीब तरह से आप पर काम करते हैं। वे आपको मज़बूत बनाते हैं, गहरे रिश्ते बनाते हैं और खुद के साथ एक सशक्त रिश्ता बनाने के लिए मजबूर करते हैं। देवा के एक साल पूरे होने के साथ यह फिल्म कुब्रा के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 2025 की उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज रही। यह एक ऐसा मुकाम है, जो सिर्फ़ पेशेवर उपलब्धि नही, बल्कि निजी विकास से भी जुड़ा है। फ़िल्म की सालगिरह पर कुब्रा देवा की पूरी टीम का, खासकर रॉय कपूर फ़िल्म्स का, दिल से शुक्रिया अदा करती हैं। उस सफ़र के लिए जिसने उन्हें और मज़बूत, ज़मीन से जुड़ा और निस्संदेह बदला हुआ इंसान बनाया।